


रोहतक

मंगलवार, 26 अगस्त 2025

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 206

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00


मौसम

अधि. 33.5

न्यून. 21.5


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


हरतालिका तीज की मंगलकामनाएं



## खबर संक्षेप



### मीराबाई की शानदार वापसी राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

**अहमदाबाद।** एक साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी करने वाली मीराबाई चानू ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए सोमवार को यहां राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में नए रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने महिलाओं के 48 किग्रा वजन वर्ग में कुल 193 किग्रा (84 किग्रा+109 किग्रा) वजन उठाकर राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में कुल, स्नैच व क्लीन एंड जर्क के रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया। यह 31 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले 49 किग्रा में भाग लेती थी, लेकिन यह वजन वर्ग अब ओलंपिक में शामिल नहीं है। भाषा

### नगालैंड के राज्यपाल के रूप में अजय ने शपथ ली

**कोहिमा।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में नगालैंड के 22वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। राज्यपाल ला गणेशन के निधन के बाद भल्ला को नगालैंड के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार ने भल्ला को पद की शपथ दिलाई। समारोह में नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, उपमुख्यमंत्री टीआर जेलियांग समेत कई नेता मौजूद रहे। भाषा

### 39.5 लाख के क्रिप्टो निवेश धोखाधड़ी में तीन पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली में क्रिप्टोकरेंसी निवेश धोखाधड़ी कर व्यवसायी से 39.5 लाख रुपये ठगने के आरोप में मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पहाड़गंज निवासी कृष्ण कुमार उर्फ मोनू (42), गोपालपुर निवासी दीपू (32) व जीटीबी एन्क्लेव निवासी मोहम्मद इरफान शेख (31) के रूप में हुई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। भाषा

### मणिमहेश जा रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा में स्थित मणिमहेश जाते समय पंजाब के तीन श्रद्धालुओं की ऑक्सीजन की कमी (हाइपोक्सिया) के कारण मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान पठानकोट के रहने वाले अमन (18) और रोहित (18) तथा गुरदासपुर के रहने वाले अनमोल (26) के रूप में हुई है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, हाइपोक्सिया के कारण एक श्रद्धालु की मौत रविवार रात और दो की मौत सोमवार को हुई। भाषा

# पीएम मोदी की डीयू की डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी दिल्ली हाईकोर्ट ने रद्द किया सीआईसी का आदेश

*सीआईसी ने डीयू को 1978 में बीए की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का दिया था आदेश, डीयू के वकील बोले, अदालत को डिग्री दिखाने में कोई आपत्ति नहीं, लेकिन विवि यह रिकॉर्ड की किसी बाहरी व्यक्ति को जांच के लिए नहीं दे सकती*

### आरटीआई कार्यकर्ता ने मांगा था डिग्री का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री से संबंधित जानकारी का खुलासा करने का निर्देश दिया था। अदालत ने इसे 'व्यक्तिगत जानकारी' करार देते हुए कहा कि इसमें कोई स्पष्ट या जनहित निहित नहीं है, जिससे इसे सार्वजनिक किया जाए। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने सीआईसी के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की याचिका पर यह फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायाधीश ने कहा, 'कुछ ऐसा जो जनता की जिज्ञासा का विषय हो' और 'कुछ ऐसा जो जनता के हित में हो' ये दोनों बिल्कुल अलग बातें हैं।

### पीएम मोदी ने 1978 में उत्तीर्ण की थी परीक्षा

नीरज नामक एक व्यक्ति द्वारा सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन के बाद, सीआईसी ने 1978 में बीए (कला स्नातक) की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों के अभिलेखों के निरीक्षण की 21 दिसंबर, 2016 को अनुमति दे दी थी। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह परीक्षा वर्ष 1978 में ही उत्तीर्ण की थी। उच्च न्यायालय ने हालांकि सीआईसी के आदेश पर 23 जनवरी, 2017 को रोक लगा दी थी।



### जानकारी में कोई जनहित निहित नहीं

सोमवार को आए फैसले में यह पाया गया कि आरटीआई आवेदन के तहत मांगी गई जानकारी में कोई जनहित निहित नहीं है। साथ ही इसमें कहा गया कि शैक्षिक योग्यता कोई ऐसी वैधानिक आवश्यकता नहीं है जो किसी सार्वजनिक पद को संभालने या सरकारी जिम्मेदारियां निभाने के लिए जरूरी हो। आदेश में कहा गया है, 'यह तथ्य कि मांगी गई जानकारी किसी सार्वजनिक व्यक्ति से संबंधित है, सार्वजनिक कर्तव्यों से असंबद्ध व्यक्तिगत डेटा पर निजता/गोपनीयता के अधिकार को समाप्त नहीं करता है।'

2026 में आरटीआई कार्यकर्ता ने नीरज ने मांगी थी जानकारी डीयू ने किया था इनकार

### आरटीआई अधिनियम पारदर्शिता बढ़ाने के लिए

आरटीआई अधिनियम सरकारी कामकाज में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है, न कि सनसनी फैलाने के लिए। अदालत ने कहा, 'यह पूरी तरह स्पष्ट है कि 'प्राप्तांक', ग्रेड, उत्तर पुस्तिकाएं आदि निजी जानकारी की श्रेणी में आते हैं और सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम की धारा 8(1) के अंतर्गत संरक्षित हैं। हालांकि, यदि कोई स्पष्ट रूप से बड़ा जनहित मौजूद हो तो इनका आकलन किया जा सकता है। केवल कुछ अवसरों पर ऐसी जानकारी प्रकाशित कर दिए जाने मात्र से उस जानकारी को मिलने वाला कानूनी संरक्षण समाप्त नहीं हो जाता।'

### डीयू का तर्क-छात्रों की जानकारी गोपनीय

डीयू ने इस आदेश को 2017 में दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी और कहा कि छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी फिड्युशियरी कैपेसिटी (भरोसे में रखी गई गोपनीय जानकारी) के तहत आती है, जिसे किसी अजनबी को नहीं दिया जा सकता। विश्वविद्यालय ने यह भी कहा था कि कोर्ट को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता।

## मानसून सत्र का दूसरा दिन : जलभराव और फसल खराबे पर भी चर्चा

# सीईटी पर हंगामा, सिख दंगा पीड़ित 121 परिवारों को नौकरी देगी सरकार

### सीईटी पर सीएम का जवाब, मैंने यू ट्यूब पर देखा सब ठीक था



योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन में कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) को लेकर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने गड़बड़ी और पेपर के लेवल पर सवाल उठाए। इसके जवाब में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैंने यूट्यूब पर वीडियोज देखी थीं, कहीं भी दिक्कत सामने नहीं आई। अब दो दिन में करेक्शन पोर्टल खोला जाएगा। सीएम ने कहा कि एक भी बच्चे ने एग्जाम को लेकर दिक्कत होने की बात नहीं कही। वहीं, सदन में हरियाणा विधानसभा सदस्य (वेतन, भत्ते एवं पेंशन सदस्य) संशोधन विधेयक, 2025 पारित कर दिया गया। इसके तहत पूर्व विधायकों को 10,000 रुपये का मेडिकल भत्ता दिया जाएगा। सदन में सीएम सैनी ने यह भी ऐलान किया कि 1984 के सिख विरोधी दंगों में जान गंवाने वाले 121 लोगों के परिवारों के सदस्यों को सरकार में उनकी सहमति से प्राथमिकता के आधार पर नौकरी दी जाएगी। 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में प्रदेश में करीब 20 गुरुद्वारों, 221 मकानों, 154 दुकानों, 57 फैक्ट्रियों, 3 रेल डिब्बों और 85 वाहनों को जला दिया गया था। इन दंगों में 58 व्यक्ति घायल हुए और 121 लोगों की मृत्यु हुई थी। सदन में मुख्यमंत्री सैनी और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा आमने-सामने हो गए। हुड् डा ने सीएम से कहा कि तुम ये पोर्टल-वोर्टल का खेल छोड़ दो। सदन में बारिश से जलभराव और फसल खराबे पर भी चर्चा हुई।

(पेज दो भी देखें)

सीएम बोले दो दिन में करेक्शन पोर्टल खोलेंगे
- एक भी बच्चे ने एग्जाम को लेकर दिक्कत होने की बात नहीं कही
- स्पीकर कल्याण की फिर नसीहत, सदन की मर्यादा बनाकर रखें व सार्थक चर्चा करें

### यमुना की सफाई पर सीएम बोले, हम अपने संकल्प को पूरा करेंगे

यमुना की सफाई के मुद्दे पर सीएम ने कहा कि हम दिल्ली की सरकार के साथ में मिलकर काम कर रहे हैं। यमुना की सफाई के कामकाज को लेकर खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने संज्ञान लिया है। चार माह में यमुना की सफाई के संकल्प के कारण 6,000 मीट्रिक टन कचरा साफ कर दिया है। आने वाले वक्त में हरियाणा और दिल्ली सरकार इसकी सफाई को लेकर समयबद्ध तरीके से कामकाज में जुटी हुई हैं, हम अपने संकल्प को पूरा करेंगे।

### 13 लाख युवाओं ने दिया सीईटी

सीईटी पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने सभी रोडवेज कर्मियों और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सभी सदस्यों का आभार जताया साथ ही कहा कि इसको एक उत्सव के तौर पर लिया गया। उन्होंने बताया कि 13 लाख से ज्यादा युवाओं ने पंजीकरण किया, जबकि 12 लाख से ज्यादा ने परीक्षा दी। 92 फीसदी से ज्यादा हाजिरी रही है। लगभग 20 हजार के करीब बच्चों ने अपने जाति प्रमाण पत्र को डाउनलोड किया और इन्हें अपलोड भी किया। आने वाले एक दो दिनों में करेक्शन (भूल सुधार) पोर्टल खोला जाएगा।

### पोर्टल को लेकर नोकझोंक

सदन में पोर्टल को लेकर विपक्ष की आलोचना करने पर सीएम सैनी और कांग्रेसी सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, इस दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने चुटकी लेते हुए कहा कि लोगों ने इनकी दुकान ही बंद करने का काम कर दिया। इस पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हमने केवल काम के पोर्टल रखने व बिना वजह के बंद करने की बात कही थी। सोमवार को सदन में तीन विधेयक भी पेश किए, जिन्हें पारित भी कर दिया गया। इस दौरान माननीयों के वेतन भत्तों, पेंशन बढ़ाने संबंधी बिल भी लाया गया, जिसको थोड़ी सी चर्चा के बाद में सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

### एक घंटे चला प्रश्नकाल

सोमवार को सदन में सबसे पहले एक घंटे तक प्रश्नकाल चलाया गया। प्रश्नकाल में स्वास्थ्य सेवाओं, परिवहन व्यवस्था, शिक्षा और जलभराव भारी बारिश सड़कों की हालत को लेकर सत्तापक्ष और कांग्रेस की ओर से सवाल किए गए। प्रश्नकाल के बाद एक घंटे तक शून्यकाल चला, इस दौरान अर्जुन चौटाला, रणधीर पनिहार, शीशपाल केहरवाला, आफताब अहमद, मामन खान और गीता भुक्कल अन्य ने भी समस्याओं को लेकर सवाल उठाए। जिन पर मंत्रियों कृष्ण पंवार, श्रुति चौधरी और सेहत मंत्री आरती राव ने जवाब दिए। इसके अलावा डा. अरविंद शर्मा, महिपाल ढांडा, श्याम सिंह राणा ने जवाब दिए।

#### दर्दनाक हादसा

### कैथल में रोडवेज बस और पिकअप भिड़े, 5 लोगों की मौत, दो घायल

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** हिसार-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्योड़क गांव के पास सोमवार सुबह 8 बजे हरियाणा रोडवेज की बस ने ओवरटेक करते हुए पीछे से पिकअप गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके बाद गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे गड्ढों में पलट गई। हादसे में गाड़ी सवार 5 लोगों की मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप में सवार कार सेवक बठिंडा से कुरुक्षेत्र में पिहोवा के गुरुद्वारे में एक बरसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। कैथल सदर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची को शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए। एक कार सेवक के परिजन मनविंदर ने बताया कि पिकअप में 7 लोग सवार थे, ये सभी रविवार शाम को पिहोवा में बाबा दिलीप सिंह, जीवन सिंह व जंगीर सिंह की बरसी पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही क्योड़क गांव के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी।

- बठिंडा से कुरुक्षेत्र आ रहे थे गाड़ी सवार,-हिसार डिपो की बस थी, पिहोवा की ओर जा रही थी, पीछे से टक्कर मारी

#### चार ने मौके पर ही दम तोड़ा

डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक ने चंडीगढ़ पीजीआई ले जाते हुए रास्ते में दम तोड़ दिया। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे में मुक्तसर जिले के रामेयाना गांव निवासी नरिंद्र (62), हकीकत (57), काकू सिंह (67) और मक्खन सिंह(60) की मौत हो गई। वहीं, तारा सिंह(58) की चंडीगढ़ पीजीआई ले जाते हुए रास्ते में मौत हुई। घायलों में कुलवंत (70) और मंदर सिंह (55) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जबकि गाड़ी का चालक अमरजीत सुरक्षित है। बस का चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

#### जींद में बोले शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश

### तीस अगस्त तक आ सकता है एचटेट का परिणाम

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** बिटानी गांव के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर एक कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) का परिणाम 30 अगस्त तक जारी किया जा सकता है। उन्होंने इस मौके पर बिटानी के सरकारी विद्यालय में 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा केंद्र स्थापित करने की घोषणा भी की।

बिटानी के स्कूल में 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा केंद्र स्थापित करने की घोषणा

#### डब्ल्यूएफआई का फैसला

### प्रदेश की पहलवान नेहा दो साल के लिए निलंबित

**नई दिल्ली (भाषा)।** अधिक वजन के कारण अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में अयोग्य घोषित की गई हरियाणा में चरखी दादरी की महिला पहलवान नेहा सांगवान को सोमवार को डब्ल्यूएफआई ने सीनियर विश्व चैंपियनशिप टीम से बाहर करने के अलावा दो साल के लिए निलंबित कर दिया। हरियाणा के चरखी दादरी की रहने वाली नेहा को पिछले हफ्ते बुल्गारिया के समोकोव में महिलाओं के 59 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करनी थी, लेकिन वजन अधिक होने के कारण उन्हें बाहर कर दिया गया।



#### डीएमआरसी का 8 साल बाद बड़ा फैसला

### दिल्ली मेट्रो का किराया एक से चार रुपये तक बढ़ा

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने सोमवार को आठ साल बाद यात्री किराए में वृद्धि की है। अधिकारियों ने बताया कि दूरी के आधार पर एक रुपये से चार रुपये तक किराया गढ़ाया गया है। नई दरों में दो किलोमीटर तक की दूरी के लिए किराया 10 से बढ़कर 11 रुपये हो गया, 32 किमी से अधिक यात्रा के लिए किराया 60 से बढ़कर 64 रुपये हो गया। वहीं, 12 से 21 किमी की यात्रा के लिए किराया 40 से बढ़कर 43 रुपये, और 21 से 32 किमी की दूरी के लिए किराया 50 से बढ़कर 54 रुपये हो गया है।

नई दरें रविवार और राष्ट्रीय अवकाशों पर भी लागू होंगी

#### अब दिल्ली पुलिस ही देगी सुरक्षा

### दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता की जेड सुरक्षा वापस ली



**नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को दी गई जेड प्लस सिक्योरिटी सोमवार को हटा ली गई। 4 दिन पहले उन पर हमले के बाद यह सिक्योरिटी दी गई थी। यह फैसला वापस क्यों लिया गया, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। अब फिर से उनकी सुरक्षा की जिम्मेदार दिल्ली पुलिस को सौंपी गई है। हालांकि सुरक्षा में कुछ अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया किया गया है। इधर, सीएम रेखा पर हमले के मामले में रविवार को दूसरी गिरफ्तारी हुई।

#### गुरुग्राम की रियल्टी कंपनी का फर्जीवाड़ा

### घर खरीदारों के 205 करोड़ कोलंबो में होटल के लिए भेजे

**गुरुग्राम/नई दिल्ली(भाषा)।** गुरुग्राम स्थित एक रियल्टी समूह ने घर खरीदारों से आवासीय प्लॉट देने के नाम पर 500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की, लेकिन उन्हें धोखा देकर इस रकम में से 205 करोड़ रुपये श्रीलंका में एक होटल परियोजना के लिए भेज दिए। ईडी ने अपने आरोपपत्र में यह आरोप लगाया है। एजेंसी देशभर में घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के कई मामलों की धन शोधन रोधी कानून के तहत जांच कर रही है। यह जांच 'क्रिश रियलटेक' रियल्टी कंपनी, उसके प्रवर्तक अमित कात्याल व अन्य से संबंधित है।

ईडी ने अपने आरोपपत्र में लगाया यह आरोप

#### ईडी टीम ने खेत से विधायक को पकड़ा

## स्कूल भर्ती घोटाले में टीएमसी के विधायक जीवन गिरफ्तार

भाषा ▶▶| कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में स्कूलों में शिक्षकों और कर्मियों की भर्ती में अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में छापेमारी के दौरान नाटकीय घटनाक्रम के बाद तृणमूल कांग्रेस के विधायक जीवन कृष्ण साहा को गिरफ्तार कर लिया। राज्य में 2026 के विस चुनाव के मद्देनजर इस गिरफ्तारी को लेकर नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। अधिकारियों ने कहा कि बुरवान के विधायक ने कथित तौर पर एक चारदीवारी फांदकर भागने की कोशिश की और उन्हें एक नजदीकी खेत से पकड़ लिया। वायरल वीडियो में देखा गया कि पूरी तरह भीगे नेता के कपड़े कीचड़ से सने हुए थे और उन्हें ईडी तथा सीआरपीएफ के जवान ऐसी जगह से ले जा रहे थे जहां कूड़ा-कचरा पड़ा हुआ था। जांचकर्ताओं ने दावा किया कि सबूत नष्ट करने के लिए साहा ने अपने दो मोबाइल अपने घर के पीछे तालाब में फेंक दिए।



ईडी गिरफ्तार करने पहुंची तो, दीवार फांदकर भागे, मोबाइल तलाब में फेंका

#### विदाई की बेला — 26 सितंबर को चंडीगढ़ में सेवानिवृत्ति समारोह में दी जाएगी विदाई

## वायुसेना के सबसे शक्तिशाली लड़ाकू विमान मिग-21 ने भरी अंतिम उड़ान

*62 वर्षों से वायुसेना की रीढ़ रहे रूसी मूल के फाइटर जेट*

भाषा ▶▶| बीकानेर

भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की रीढ़ रहे मिग-21 लड़ाकू विमानों ने बीकानेर के नाल स्थित वायुसैनिक अड्डे पर अपनी अंतिम उड़ान भरी। इन विमानों को 26 सितंबर को चंडीगढ़ में आयोजित औपचारिक सेवानिवृत्ति समारोह में अंतिम विदाई दी जाएगी। मिग-21 की प्रतीकात्मक विदाई की बेला पर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने 18-19 अगस्त को नाल से मिग-21 में एकल उड़ान भरी। यह 62 वर्षों तक वायुसेना की सेवा करने वाले रूसी मूल के लड़ाकू विमान पर प्रशिक्षित पायलट की की कई पीढ़ियों के लिए एक भावुक क्षण था। एयर चीफ मार्शल सिंह ने अपनी उड़ान के बाद कहा, 'मिग-21 वर्ष 1960 के दशक में अपनी शुरुआत से ही भारतीय वायुसेना का सबसे शक्तिशाली लड़ाकू विमान रहा है और हम अब भी इसे इस्तेमाल कर रहे हैं।

### यह फुर्तीला, अत्यधिक गतिशील जेट

एयर चीफ मार्शल ने कहाए यह इतिहास में सबसे अधिक, बड़े पैमाने पर निर्मित किए गए सुपरसोनिक लड़ाकू विमानों में से एक है, जिसके 11,000 से ज्यादा विमान 60 से अधिक देशों में इस्तेमाल किए जा चुके हैं।' मिग-21 के साथ मेरा पहला अनुभव 1985 में रहा जब मैंने तेजपुर में इसका टाइप-77 संस्करण उड़ाया। यह एक अद्भुत अनुभव था। यह फुर्तीला, अत्यधिक गतिशील और डिजाइन में सरल था, हालांकि इसके लिए कुछ शुरुआती प्रशिक्षण की आवश्यकता थी। यह उड़ाने के लिए अद्भुत विमान है और इसे उड़ाने वाले सभी लोग इसको याद करेंगे।



### तेजस लेगा जगह

अब समय आ गया है कि तेजस, राफेल और सुखोई-30 जैसे नए मंच की ओर बढ़ा जाए। उन्होंने कहा, तेजस को वास्तव में मिग-21 के प्रतिस्थापन के रूप में डिजाइन किया गया था। इसलिए यह छोटा विमान है। इसे मिग-21 के इर्द-गिर्द डिजाइन किया गया था और इसकी कल्पना मिराज से प्रेरित होकर की गई थी। यह मिग-21 की जगह तो ले लेगा, लेकिन इसे और विकसित करना होगा। हमें तेजस के लिए नए हथियारों के बारे में भी सोचना होगा।

#### किन्नर समेत दो आरोपित गिरफ्तार

## गुरुग्राम में 7 दिन के बच्चे को अगवा कर डेढ़ लाख में बेचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

सेक्टर-53 एरिया में 7 दिन के एक बच्चे को अगवा कर डेढ़ लाख रुपये में बेचने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नौ घंटे में एक किन्नर समेत दो आरोपित को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, सेक्टर-53 पुलिस थाने में 25 अगस्त को एक किन्नर ने शिकायत दी थी कि वह सरस्वती कुंज की झुग्गी-झोपड़ी में रहती है। उसने 18 अगस्त को अपनी पड़ोसन फूलो देवी से एक नवजात शिशु (लडक़ा) गोद लिया था। 24 अगस्त को उसने इस बच्चे को अपनी पड़ोस में रहने वाली किन्नर काजल को सौंपा और अपनी एक रस्म पूरी करने चली गई। जब किन्नर रस्म पूरी कर लौटी तो काजल ने बताया कि बच्चे को कोई व्यक्ति अगवा कर ले गया। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर महज नौ घंटे के भीतरभी वजीराबाद की ढाणी से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और नवजात शिशु और चोरी हुआ मोबाइल बरामद कर लिया। आरोपितों की पहचान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद निवासी लायक शेख और बिहार के सीवान निवासी किन्नर काजल (26 वर्ष) के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

रोहतक
मंगलवार, 26 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 206
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .50



मौसम
अधि. 33.5
न्यून. 21.5

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




## खबर संक्षेप



### मीराबाई की शानदार वापसी राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

**अहमदाबाद।** एक साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी करने वाली मीराबाई चानू ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए सोमवार को यहां राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में नए रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने महिलाओं के 48 किग्रा वजन वर्ग में कुल 193 किग्रा (84 किग्रा+109 किग्रा) वजन उठाकर राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में कुल, स्नैच व क्लीन एंड जर्क के रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया। यह 31 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले 49 किग्रा में भाग लेती थी, लेकिन यह वजन वर्ग अब ओलंपिक में शामिल नहीं है। भाषा

### नगालैंड के राज्यपाल के रूप में अजय ने शपथ ली

**कोहिमा।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में नगालैंड के 22वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। राज्यपाल ला गणेशन के निधन के बाद भल्ला को नगालैंड के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार ने भल्ला को पद की शपथ दिलाई। समारोह में नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, उपमुख्यमंत्री टीआर जेलियांग समेत कई नेता मौजूद रहे। भाषा

### 39.5 लाख के क्रिप्टो निवेश धोखाधड़ी में तीन पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली में क्रिप्टोकरेंसी निवेश धोखाधड़ी कर व्यवसायी से 39.5 लाख रुपये ठगने के आरोप में मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पहाड़गंज निवासी कृष्ण कुमार उर्फ मोनू (42), गोपालपुर निवासी दीपू (32) व जीटीबी एन्क्लेव निवासी मोहम्मद इरफान शेख (31) के रूप में हुई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। भाषा

### मणिमहेश जा रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा में स्थित मणिमहेश जाते समय पंजाब के तीन श्रद्धालुओं की ऑक्सीजन की कमी (हाइपोक्सिया) के कारण मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान पठानकोट के रहने वाले अमन (18) और रोहित (18) तथा गुरदासपुर के रहने वाले अनमोल (26) के रूप में हुई है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, हाइपोक्सिया के कारण एक श्रद्धालु की मौत रविवार रात और दो की मौत सोमवार को हुई। भाषा

# पीएम मोदी की डीयू की डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी दिल्ली हाईकोर्ट ने रद्द किया सीआईसी का आदेश

*सीआईसी ने डीयू को 1978 में बीए की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का दिया था आदेश, डीयू के वकील बोले, अदालत को डिग्री दिखाने में कोई आपत्ति नहीं, लेकिन विवि यह रिकॉर्ड की किसी बाहरी व्यक्ति को जांच के लिए नहीं दे सकती*

### आरटीआई कार्यकर्ता ने मांगा था डिग्री का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री से संबंधित जानकारी का खुलासा करने का निर्देश दिया था। अदालत ने इसे 'व्यक्तिगत जानकारी' करार देते हुए कहा कि इसमें कोई स्पष्ट या जनहित निहित नहीं है, जिससे इसे सार्वजनिक किया जाए। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने सीआईसी के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की याचिका पर यह फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायाधीश ने कहा, 'कुछ ऐसा जो जनता की जिज्ञासा का विषय हो' और 'कुछ ऐसा जो जनता के हित में हो' ये दोनों बिल्कुल अलग बातें हैं।

### पीएम मोदी ने 1978 में उत्तीर्ण की थी परीक्षा

नीरज नामक एक व्यक्ति द्वारा सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन के बाद, सीआईसी ने 1978 में बीए (कला स्नातक) की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों के अभिलेखों के निरीक्षण की 21 दिसंबर, 2016 को अनुमति दे दी थी। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह परीक्षा वर्ष 1978 में ही उत्तीर्ण की थी। उच्च न्यायालय ने हालांकि सीआईसी के आदेश पर 23 जनवरी, 2017 को रोक लगा दी थी।



#### जानकारी में कोई जनहित निहित नहीं

सोमवार को आए फैसले में यह पाया गया कि आरटीआई आवेदन के तहत मांगी गई जानकारी में कोई जनहित निहित नहीं है। साथ ही इसमें कहा गया कि शैक्षिक योग्यता कोई ऐसी वैधानिक आवश्यकता नहीं है जो किसी सार्वजनिक पद को संभालने या सरकारी जिम्मेदारियां निभाने के लिए जरूरी हो। आदेश में कहा गया है, 'यह तथ्य कि मांगी गई जानकारी किसी सार्वजनिक व्यक्ति से संबंधित है, सार्वजनिक कर्तव्यों से असंबद्ध व्यक्तिगत डेटा पर निजता/गोपनीयता के अधिकार को समाप्त नहीं करता है।'

2026 में आरटीआई कार्यकर्ता ने नीरज ने मांगी थी जानकारी डीयू ने किया था इनकार

#### आरटीआई अधिनियम पारदर्शिता बढ़ाने के लिए

आरटीआई अधिनियम सरकारी कामकाज में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है, न कि सनसनी फैलाने के लिए। अदालत ने कहा, 'यह पूरी तरह स्पष्ट है कि 'प्राप्तांक', ग्रेड, उत्तर पुस्तिकाएं आदि निजी जानकारी की श्रेणी में आते हैं और सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम की धारा 8(1) के अंतर्गत संरक्षित हैं। हालांकि, यदि कोई स्पष्ट रूप से बड़ा जनहित मौजूद हो तो इनका आकलन किया जा सकता है। केवल कुछ अवसरों पर ऐसी जानकारी प्रकाशित कर दिए जाने मात्र से उस जानकारी को मिलने वाला कानूनी संरक्षण समाप्त नहीं हो जाता।'

#### डीयू का तर्क-छात्रों की जानकारी गोपनीय

डीयू ने इस आदेश को 2017 में दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी और कहा कि छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी फिड्युशियरी कैपेसिटी (भरोसे में रखी गई गोपनीय जानकारी) के तहत आती है, जिसे किसी अजनबी को नहीं दिया जा सकता। विश्वविद्यालय ने यह भी कहा था कि कोर्ट को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता।

## मानसून सत्र का दूसरा दिन : जलभराव और फसल खराबे पर भी चर्चा

# सीईटी पर हंगामा, सिख दंगा पीड़ित 121 परिवारों को नौकरी देगी सरकार

### सीईटी पर सीएम का जवाब, मैंने यू ट्यूब पर देखा सब ठीक था



योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन में कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) को लेकर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने गड़बड़ी और पेपर के लेवल पर सवाल उठाए। इसके जवाब में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैंने यूट्यूब पर वीडियोज देखी थीं, कहीं भी दिक्कत सामने नहीं आई। अब दो दिन में करेक्शन पोर्टल खोला जाएगा। सीएम ने कहा कि एक भी बच्चे ने एग्जाम को लेकर दिक्कत होने की बात नहीं कही। वहीं, सदन में हरियाणा विधानसभा सदस्य (वेतन, भत्ते एवं पेंशन सदस्य) संशोधन विधेयक, 2025 पारित कर दिया गया। इसके तहत पूर्व विधायकों को 10,000 रुपये का मेडिकल भत्ता दिया जाएगा। सदन में सीएम सैनी ने यह भी ऐलान किया कि 1984 के सिख विरोधी दंगों में जान गंवाने वाले 121 लोगों के परिवारों के सदस्यों को सरकार में उनकी सहमति से प्राथमिकता के आधार पर नौकरी दी जाएगी। 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में प्रदेश में करीब 20 गुरुद्वारों, 221 मकानों, 154 दुकानों, 57 फैक्ट्रियों, 3 रेल डिब्बों और 85 वाहनों को जला दिया गया था। इन दंगों में 58 व्यक्ति घायल हुए और 121 लोगों की मृत्यु हुई थी। सदन में मुख्यमंत्री सैनी और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा आमने-सामने हो गए। हुड्डा ने सीएम से कहा कि तुम ये पोर्टल-वोर्टल का खेल छोड़ दो। सदन में बारिश से जलभराव और फसल खराबे पर भी चर्चा हुई।

(पेज दो भी देखें)

- सीएम बोले दो दिन में करेक्शन पोर्टल खोलेंगे
- एक भी बच्चे ने एग्जाम को लेकर दिक्कत होने की बात नहीं कही
- स्पीकर कल्याण की फिर नसीहत, सदन की मर्यादा बनाकर रखें व सार्थक चर्चा करें

#### यमुना की सफाई पर सीएम बोले, हम अपने संकल्प को पूरा करेंगे

यमुना की सफाई के मुद्दे पर सीएम ने कहा कि हम दिल्ली की सरकार के साथ में मिलकर काम कर रहे हैं। यमुना की सफाई के कामकाज को लेकर खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने संज्ञान लिया है। चार माह में यमुना की सफाई के संकल्प के कारण 6,000 मीट्रिक टन कचरा साफ कर दिया है। आने वाले वक्त में हरियाणा और दिल्ली सरकार इसकी सफाई को लेकर समयबद्ध तरीके से कामकाज में जुटी हुई हैं, हम अपने संकल्प को पूरा करेंगे।

#### 13 लाख युवाओं ने दिया सीईटी

सीईटी पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने सभी रोडवेज कर्मियों और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सभी सदस्यों का आभार जताया साथ ही कहा कि इसको एक उत्सव के तौर पर लिया गया। उन्होंने बताया कि 13 लाख से ज्यादा युवाओं ने पंजीकरण किया, जबकि 12 लाख से ज्यादा ने परीक्षा दी। 92 फीसदी से ज्यादा हाजिरी रही है। लगभग 20 हजार के करीब बच्चों ने अपने जाति प्रमाण पत्र को डाउनलोड किया और इन्हें अपलोड भी किया। आने वाले एक दो दिनों में करेक्शन (भूल सुधार) पोर्टल खोला जाएगा।

#### पोर्टल को लेकर नोकझोंक

सदन में पोर्टल को लेकर विपक्ष की आलोचना करने पर सीएम सैनी और कांग्रेसी सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, इस दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने चुटकी लेते हुए कहा कि लोगों ने इनकी दुकान ही बंद करने का काम कर दिया। इस पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हमने केवल काम के पोर्टल रखने व बिना वजह के बंद करने की बात कही थी। सोमवार को सदन में तीन विधेयक भी पेश किए, जिन्हें पारित भी कर दिया गया। इस दौरान माननीयों के वेतन भत्तों, पेंशन बढ़ाने संबंधी बिल भी लाया गया, जिसको थोड़ी सी चर्चा के बाद में सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

#### एक घंटे चला प्रश्नकाल

सोमवार को सदन में सबसे पहले एक घंटे तक प्रश्नकाल चलाया गया। प्रश्नकाल में स्वास्थ्य सेवाओं, परिवहन व्यवस्था, शिक्षा और जलभराव भारी बारिश सड़कों की हालत को लेकर सत्तापक्ष और कांग्रेस की ओर से सवाल किए गए। प्रश्नकाल के बाद एक घंटे तक शून्यकाल चला, इस दौरान अर्जुन चौटाला, रणधीर पनिहार, शीशपाल केहरवाला, आफताब अहमद, मामन खान और गीता भुक्कल अन्य ने भी समस्याओं को लेकर सवाल उठाए। जिन पर मंत्रियों कृष्ण पंवार, श्रुति चौधरी और सेहत मंत्री आरती राव ने जवाब दिए। इसके अलावा डा. अरविंद शर्मा, महिपाल ढांडा, श्याम सिंह राणा ने जवाब दिए।

## दर्दनाक हादसा

### कैथल में रोडवेज बस और पिकअप भिड़े, 5 लोगों की मौत, दो घायल

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** हिसार-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्योड़क गांव के पास सोमवार सुबह 8 बजे हरियाणा रोडवेज की बस ने ओवरटेक करते हुए पीछे से पिकअप गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके बाद गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे गड्ढों में पलट गई। हादसे में गाड़ी सवार 5 लोगों की मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप में सवार कार सेवक बठिंडा से कुरुक्षेत्र में पिहोवा के गुरुद्वारे में एक बरसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। कैथल सदर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची को शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए। एक कार सेवक के परिजन मनविंदर ने बताया कि पिकअप में 7 लोग सवार थे, ये सभी रविवार शाम को पिहोवा में बाबा दिलीप सिंह, जीवन सिंह व जंगीर सिंह की बरसी पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही क्योड़क गांव के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी।

- बठिंडा से कुरुक्षेत्र आ रहे थे गाड़ी सवार,-हिसार डिपो की बस थी, पिहोवा की ओर जा रही थी, पीछे से टक्कर मारी

#### चार ने मौके पर ही दम तोड़ा

डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक ने चंडीगढ़ पीजीआई ले जाते हुए रास्ते में दम तोड़ दिया। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे में मुक्तसर जिले के रामेयाना गांव निवासी नरिंद्र (62), हकीकत (57), काकू सिंह (67) और मक्खन सिंह(60) की मौत हो गई। वहीं, तारा सिंह(58) की चंडीगढ़ पीजीआई ले जाते हुए रास्ते में मौत हुई। घायलों में कुलवंत (70) और मंदर सिंह (55) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जबकि गाड़ी का चालक अमरजीत सुरक्षित है। बस का चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**जींद में बोले शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश**

### तीस अगस्त तक आ सकता है एचटेट का परिणाम

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** बिटानी गांव के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर एक कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) का परिणाम 30 अगस्त तक जारी किया जा सकता है। उन्होंने इस मौके पर बिटानी के सरकारी विद्यालय में 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा केंद्र स्थापित करने की घोषणा भी की।

**बिटानी के स्कूल में 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा केंद्र स्थापित करने की घोषणा**

**डब्ल्यूएफआई का फैसला**

### प्रदेश की पहलवान नेहा दो साल के लिए निलंबित

**नई दिल्ली (भाषा)।** अधिक वजन के कारण अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में अयोग्य घोषित की गई हरियाणा में चरखी दादरी की महिला पहलवान नेहा सांगवान को सोमवार को डब्ल्यूएफआई ने सीनियर विश्व चैंपियनशिप टीम से बाहर करने के अलावा दो साल के लिए निलंबित कर दिया। हरियाणा के चरखी दादरी की रहने वाली नेहा को पिछले हफ्ते बुल्गारिया के समोकोव में महिलाओं के 59 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करनी थी, लेकिन वजन अधिक होने के कारण उन्हें बाहर कर दिया गया।



**डीएमआरसी का 8 साल बाद बड़ा फैसला**

### दिल्ली मेट्रो का किराया एक से चार रुपये तक बढ़ा

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने सोमवार को आठ साल बाद यात्री किराए में वृद्धि की है। अधिकारियों ने बताया कि दूरी के आधार पर एक रुपये से चार रुपये तक किराया गढ़ाया गया है। नई दरों में दो किलोमीटर तक की दूरी के लिए किराया 10 से बढ़कर 11 रुपये हो गया, 32 किमी से अधिक यात्रा के लिए किराया 60 से बढ़कर 64 रुपये हो गया। वहीं, 12 से 21 किमी की यात्रा के लिए किराया 40 से बढ़कर 43 रुपये, और 21 से 32 किमी की दूरी के लिए किराया 50 से बढ़कर 54 रुपये हो गया है।

**नई दरें रविवार और राष्ट्रीय अवकाशों पर भी लागू होंगी**

**अब दिल्ली पुलिस ही देगी सुरक्षा**

### दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता की जेड सुरक्षा वापस ली

**नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को दी गई जेड प्लस सिक्योरिटी सोमवार को हटा ली गई। 4 दिन पहले उन पर हमले के बाद यह सिक्योरिटी दी गई थी। यह फैसला वापस क्यों लिया गया, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। अब फिर से उनकी सुरक्षा की जिम्मेदार दिल्ली पुलिस को सौंपी गई है। हालांकि सुरक्षा में कुछ अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया किया गया है। इधर, सीएम रेखा पर हमले के मामले में रविवार को दूसरी गिरफ्तारी हुई।



**गुरुग्राम की रियल्टी कंपनी का फर्जीवाड़ा**

### घर खरीदारों के 205 करोड़ कोलंबो में होटल के लिए भेजे

**गुरुग्राम/नई दिल्ली(भाषा)।** गुरुग्राम स्थित एक रियल्टी समूह ने घर खरीदारों से आवासीय प्लॉट देने के नाम पर 500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की, लेकिन उन्हें धोखा देकर इस रकम में से 205 करोड़ रुपये श्रीलंका में एक होटल परियोजना के लिए भेज दिए। ईडी ने अपने आरोपपत्र में यह आरोप लगाया है। एजेंसी देशभर में घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के कई मामलों की धन शोधन रोधी कानून के तहत जांच कर रही है। यह जांच 'क्रिश रियलटेक' रियल्टी कंपनी, उसके प्रवर्तक अमित कात्याल व अन्य से संबंधित है।

**ईडी ने अपने आरोपपत्र में लगाया यह आरोप**

**ईडी टीम ने खेत से विधायक को पकड़ा**

## स्कूल भर्ती घोटाले में टीएमसी के विधायक जीवन गिरफ्तार

भाषा ▶▶| कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में स्कूलों में शिक्षकों और कर्मियों की भर्ती में अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में छापेमारी के दौरान नाटकीय घटनाक्रम के बाद तृणमूल कांग्रेस के विधायक जीवन कृष्ण साहा को गिरफ्तार कर लिया। राज्य में 2026 के विस चुनाव के मद्देनजर इस गिरफ्तारी को लेकर नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। अधिकारियों ने कहा कि बुरवान के विधायक ने कथित तौर पर एक चारदीवारी फांदकर भागने की कोशिश की और उन्हें एक नजदीकी खेत से पकड़ लिया। वायरल वीडियो में देखा गया कि पूरी तरह भीगे नेता के कपड़े कीचड़ से सने हुए थे और उन्हें ईडी तथा सीआरपीएफ के जवान ऐसी जगह से ले जा रहे थे जहां कूड़ा-कचरा पड़ा हुआ था। जांचकर्ताओं ने दावा किया कि सबूत नष्ट करने के लिए साहा ने अपने दो मोबाइल अपने घर के पीछे तालाब में फेंक दिए।



**ईडी गिरफ्तार करने पहुंची तो, दीवार फांदकर भागे, मोबाइल तलाब में फेंका**

**विदाई की बेला** 26 सितंबर को चंडीगढ़ में सेवानिवृत्ति समारोह में दी जाएगी विदाई

## वायुसेना के सबसे शक्तिशाली लड़ाकू विमान मिग-21 ने भरी अंतिम उड़ान

*62 वर्षों से वायुसेना की रीढ़ रहे रूसी मूल के फाइटर जेट*

भाषा ▶▶| बीकानेर

भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की रीढ़ रहे मिग-21 लड़ाकू विमानों ने बीकानेर के नाल स्थित वायुसैनिक अड्डे पर अपनी अंतिम उड़ान भरी। इन विमानों को 26 सितंबर को चंडीगढ़ में आयोजित औपचारिक सेवानिवृत्ति समारोह में अंतिम विदाई दी जाएगी। मिग-21 की प्रतीकात्मक विदाई की बेला पर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने 18-19 अगस्त को नाल से मिग-21 में एकल उड़ान भरी। यह 62 वर्षों तक वायुसेना की सेवा करने वाले रूसी मूल के लड़ाकू विमान पर प्रशिक्षित पायलट की की कई पीढ़ियों के लिए एक भावुक क्षण था। एयर चीफ मार्शल सिंह ने अपनी उड़ान के बाद कहा, 'मिग-21 वर्ष 1960 के दशक में अपनी शुरुआत से ही भारतीय वायुसेना का सबसे शक्तिशाली लड़ाकू विमान रहा है और हम अब भी इसे इस्तेमाल कर रहे हैं।

#### यह फुर्तीला, अत्यधिक गतिशील जेट



एयर चीफ मार्शल ने कहाए यह इतिहास में सबसे अधिक, बड़े पैमाने पर निर्मित किए गए सुपरसोनिक लड़ाकू विमानों में से एक है, जिसके 11,000 से ज्यादा विमान 60 से अधिक देशों में इस्तेमाल किए जा चुके हैं।' मिग-21 के साथ मेरा पहला अनुभव 1985 में रहा जब मैंने तेजपुर में इसका टाइप-77 संस्करण उड़ाया। यह एक अद्भुत अनुभव था। यह फुर्तीला, अत्यधिक गतिशील और डिजाइन में सरल था, हालांकि इसके लिए कुछ शुरुआती प्रशिक्षण की आवश्यकता थी। यह उड़ाने के लिए अद्भुत विमान है और इसे उड़ाने वाले सभी लोग इसको याद करेंगे।

#### तेजस लेगा जगह

अब समय आ गया है कि तेजस, राफेल और सुखोई-30 जैसे नए मंच की ओर बढ़ा जाए। उन्होंने कहा, तेजस को वास्तव में मिग-21 के प्रतिस्थापन के रूप में डिजाइन किया गया था। इसलिए यह छोटा विमान है। इसे मिग-21 के इर्द-गिर्द डिजाइन किया गया था और इसकी कल्पना मिराज से प्रेरित होकर की गई थी। यह मिग-21 की जगह तो ले लेगा, लेकिन इसे और विकसित करना होगा। हमें तेजस के लिए नए हथियारों के बारे में भी सोचना होगा।

**किन्नर समेत दो आरोपित गिरफ्तार**

## गुरुग्राम में 7 दिन के बच्चे को अगवा कर डेढ़ लाख में बेचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

सेक्टर-53 एरिया में 7 दिन के एक बच्चे को अगवा कर डेढ़ लाख रुपये में बेचने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नौ घंटे में एक किन्नर समेत दो आरोपित को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, सेक्टर-53 पुलिस थाने में 25 अगस्त को एक किन्नर ने शिकायत दी थी कि वह सरस्वती कुंज की झुग्गी-झोपड़ी में रहती है। उसने 18 अगस्त को अपनी पड़ोसन फूलो देवी से एक नवजात शिशु (लडक़ा) गोद लिया था। 24 अगस्त को उसने इस बच्चे को अपनी पड़ोस में रहने वाली किन्नर काजल को सौंपा और अपनी एक रस्म पूरी करने चली गई। जब किन्नर रस्म पूरी कर लौटी तो काजल ने बताया कि बच्चे को कोई व्यक्ति अगवा कर ले गया। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर महज नौ घंटे के भीतरभी वजीराबाद की ढाणी से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और नवजात शिशु और चोरी हुआ मोबाइल बरामद कर लिया। आरोपितों की पहचान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद निवासी लायक शेख और बिहार के सीवान निवासी किन्नर काजल (26 वर्ष) के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## 8 आईएएस और 12 एचसीएस का तबादला

**अपराजिता** : स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) का मिशन निदेशक
**अंकिता चौधरी** : नगर निगम गुरुग्राम में अतिरिक्त आयुक्त
**प्रदीप सिंह** : जिला परिषद नूंह और डीआरडीए नूंह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का अतिरिक्त कार्यभार
**सी. जयश्रद्धा** : जिला परिषद हिसार तथा डीआरडीए हिसार के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया
**राहुल मोदी** : जिला परिषद रेवाड़ी एवं डीआरडीए रेवाड़ी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया
**नरेन्द्र कुमार** : जिला परिषद रोहतक एवं डीआरडीए रोहतक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार
**सोनू भट्ट** : जिला परिषद करनाल एवं डीआरडीए करनाल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया
**विवेक आर्य** : जिला परिषद जींद एवं डीआरडीए जींद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया
**प्रदीप कुमार-II** : विशेष अधिकारी (स्वच्छता), रोहतक नियुक्त
**प्रदीप अहलावत-II** : विशेष अधिकारी (स्वच्छता), मानेसर
**शशि वसुंधरा** : शहरी स्थानीय निकाय विभाग में संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव नियुक्त
**प्रदीप कुमार-III** : विशेष अधिकारी (स्वच्छता), पानीपत लगाया गया
**अनिल ग्रादव** : विशेष अधिकारी (स्वच्छता), यमुनानगर नियुक्त
विशेष अधिकारी (स्वच्छता), फरीदाबाद नियुक्त किया
**कपिल कुमार** : उप सचिव, मॉनिटरिंग एवं कोऑर्डिनेशन तथा विशेष अधिकारी (स्वच्छता), कुरुक्षेत्र नियुक्त किया
**अनिल कुमार दून** : विशेष अधिकारी (स्वच्छता), सोनीपत
हरबीर सिंह : विशेष अधिकारी (स्वच्छता), हिसार ।
**अमित कुमार-II** : विशेष अधिकारी (स्वच्छता), करनाल
**प्रतीक हुड्डा** : विशेष अधिकारी (स्वच्छता), अंबाला
**रमित यादव** : उप सचिव, मॉनिटरिंग एवं कोऑर्डिनेशन

### हरियाणा विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सामान्य पात्रता परीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री का विपक्ष पर तंज

# सीईटी में न तो छात्र भटके, न ही अभिभावक केवल विपक्षी दलों के नेता भटके नजर आए

## बिना किसी अव्यवस्था के परीक्षा सुचारू रूप से आयोजित करने का संकल्प किया पूरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हाल ही में आयोजित की गई सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के संबंध में करेक्शन पोर्टल एक-दो दिन में खोल दिया जाएगा, जिसमें अभ्यर्थियों को त्रुटि सुधार के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा सीईटी को लेकर लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार इतनी सुव्यवस्थित तरीके से सीईटी परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें किसी भी अभ्यार्थी को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि युवा, उनके अभिभावक और आमजन सभी ने परीक्षा व्यवस्था की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि आज भी लोग सीईटी परीक्षा व्यवस्था की सकारात्मक चर्चा करते हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परीक्षा के लिए कुल 1348893 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 1246497 ने परीक्षा में भाग लिया। यह पहली बार है जब लगभग 92% अभ्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि हमने अपने संकल्प पत्र में सीईटी को बिना किसी अव्यवस्था के सुचारु रूप से आयोजित करने का जो वादा किया था, उसे सफलतापूर्वक पूरा किया है। विपक्ष पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सीईटी परीक्षा में न तो छात्र भटके, न ही उनके अभिभावक, केवल विपक्षी दलों के नेता ही भटके नजर आए। उन्होंने कहा कि विपक्ष को भी इस सफल परीक्षा आयोजन के लिए सरकार का आभार व्यक्त करना चाहिए था।

**ये बोले सीएम**

- सीईटी करेक्शन पोर्टल एक-दो दिन में खुलेगा, अभ्यर्थियों को मिलेगा त्रुटि सुधार का पर्याप्त समय
- परीक्षा के लिए 1348893 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, 1246497 ने दिया पेपर
- यह पहली बार है जब लगभग 92% अभ्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए



### नॉर्मलाइजेशन का फार्मूला लागू होगा

उन्होंने यह भी बताया कि इस परीक्षा में अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित 1,87,000 अभ्यर्थियों ने पोर्टल से फॉर्म डाउनलोड कर सफलतापूर्वक अपलोड किए। मुख्यमंत्री ने सदन को यह भी अवगत कराया कि जब कोई परीक्षा एक से अधिक सत्रों में आयोजित होती है, तो कठिनाई के स्तर में इस तरह की विविधता आना स्वाभाविक होता है। इस प्रकार की विविधता को दूर करने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सीईटीट 2025 (ग्रुप ग) के लिए सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से नॉर्मलाइजेशन का फार्मूला लागू करने वाले सभी संबंधितों को पहले ही सूचित कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त यह भी सूचित किया गया कि वर्ष 2022 में सीईटी जोकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की गई थी उसमें भी हिदायत अनुसार नॉर्मलाइजेशन का फार्मूला सुचारू रूप से लागू किया गया था।

#### केंद्रीय परीक्षाओं में लागू

केंद्र सरकार की विभिन्न संस्थाओं जैसे की यूपीएससी, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, रेलवे व अन्य परीक्षाओं में भी नॉर्मलाइजेशन का फार्मूला लागू किया जाता है जोकि माननीय सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालय द्वारा भी मान्य है। उन्होंने यह भी बताया कि 26 जुलाई को प्रातःकालीन सत्र के दौरान कुछ परीक्षा केंद्रों पर इंटरनेट की समस्या के कारण बायोमेट्रिक सत्यापन में परेशानी आई थी, जिसे दूर कर दिया था।

#### सफलतापूर्वक परीक्षा करवाने पर आयोग व कर्मियों को सराहा

चारों सत्रों की परीक्षा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न करवाई गई। उन्होंने कहा कि यदि कुछ अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक की समस्या रह गई होगी, तो उनके लिखित परीक्षा परिणाम आयोग द्वारा परीक्षा के दौरान ली गई फोटो और सीसीटीवी फुटेज के मिलान एवं बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया उपरांत जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सीईटी परीक्षा के सफल संचालन के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, इसमें संलग्न सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों सहित हरियाणा रोडवेज के स्टाफ, जिन्होंने अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने में विशेष भूमिका निभाई, का भी धन्यवाद व्यक्त किया।

#### मां यमुना अब स्वच्छ हो रही है और यह हरियाणा सरकार का दृढ़ संकल्प है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री कहा कि पिछले दिनों जब दिल्ली में विपक्ष की सरकार थी, उस दौरान यमुना नदी की स्थिति बेहद खराब थी। यमुना को साफ और स्वच्छ करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र में प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस विषय का संज्ञान लिया है और उनके निर्देश पर हाल ही में दिल्ली में एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें वे स्वयं, दिल्ली की मुख्यमंत्री और केंद्रीय जल संसाधन मंत्री उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए दिल्ली में एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) भी स्थापित किए जा रहे हैं। मां यमुना अब स्वच्छ हो रही है और यह हरियाणा सरकार का दृढ़ संकल्प है।

### पोर्टल ने विपक्ष की दुकानदारी बंद कर दी



मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष लगातार पोर्टल को बदनाम करने की कोशिश करता रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि आज इन्ही पोर्टल से किसान सहित आम जनता सुरक्षित है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब पोर्टल के माध्यम से सीधे लोगों के घर तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि पहले लोग मुआवजे के पैसे का इंतजार करते रहते थे, लेकिन यह राशि अक्सर बीच में ही कहीं गायब हो जाती थी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में विपक्ष ने पोर्टल के खिलाफ दुष्प्रचार किया और सत्ता में आने पर इसे बंद करने की बात कही थी, लेकिन जनता ने चुनाव में उनकी दुकानदारी ही बंद कर दी।मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला है। जिन गांवों में पानी भरने से फसल खराब हुई है, वहां किसान पोर्टल पर अपने नुक्सान की जानकारी दर्ज कर सकते हैं जिसे सम्बंधित विभाग के अधिकारी द्वारा वेरीफाई किया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किसानों को फसल खराबे का मात्र 1158 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया था, जबकि वर्तमान सरकार अब तक 15,500 करोड़ रुपये का मुआवजा किसानों को जारी कर चुकी है। पिछले दिनों ही सरकार ने 78 करोड़ 50 लाख रुपये की मुआवज़ा राशि किसानों को जारी की है।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नए क्लस्टरों का गठन होगा : गोयल

प्रदेश में प्रतिदिन लगभग 6,481 मीट्रिक टन ठोस कचरा उत्पन्न होता है। राज्य में इस समय 4 क्लस्टरों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य प्रगति पर है। इनमें से एक क्लस्टर में अनुबंध की शर्तों का पालन न करने पर आवंटन रद्द किया गया है। वहीं सरकार अंबाला-यमुनानगर-पंचकुला नामक एक नए क्लस्टर के गठन की प्रक्रिया में है। इस क्लस्टर में अंबाला, नारायणगढ़, यमुनानगर, रादौर, बराड़ा, साढौरा, पंचकुला तथा कालका नगर निकायों को शामिल किया जाएगा।शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान प्रश्नकाल में कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। ठोस अपशिष्ट निपटान से संबंधित अनुबंधित फर्म द्वारा नियमों के उल्लंघन के संदर्भ में उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि करनाल–कैथल–थानेसर क्लस्टर के लिए कार्यरत मैसर्ज सुगम स्वच्छता प्राइवेट लिमिटेड को हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की आपत्तियों का समाधान करने के निर्देश दिए गए थे।

## अदित्य देवीलाल ने की डबवाली को जिला बनाने की मांग

**चंडीगढ़।** विधानसभा में इनेलो विधायक दल के नेता अदित्य देवीलाल ने सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान डबवाली को जल्द से जल्द जिला बनाने की बात रखी। उन्होंने कहा कि डबवाली को जिला बनाने के लिए सभी मापदंडों को पूरा करता है। इसके लिए हम एक प्रेजेंटेशन भी सरकार को दे चुके हैं। चौटाला को महाग्राम योजना के तहत लिया है। लेकिन महाग्राम योजना में जो कार्य किए जा रहे हैं वो बेहद घटिया स्तर के हैं।

**खबर संक्षेप**

## गोवध मामले में अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने गोवध के एक मामले में आरोपी आसिफ की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस संदीप मोदगिल ने अपने फैसले में गाय को भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक धरोहर बताते हुए कहा कि इसका वध केवल एक अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द्रपूर्ण और सार्वजनिक शांति के लिए गंभीर खतरा है। कोर्ट ने आरोपित के आपराधिक रिकॉर्ड और आदतन अपराध की प्रवृत्ति को आधार बनाकर यह निर्णय लिया।हरियाणा पुलिस के अनुसार, आसिफ पर आरोप है कि वह दो गायों को हरियाणा से राजस्थान ले जाकर वध करने की योजना बना रहा था।

## सांसदों व विधायकों पर केसों की रिपोर्ट तलब

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने राज्यों के वर्तमान और पूर्व सांसदों तथा विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जांच और सुनवाई में हो रही देरी पर कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की अध्यक्षता में हाई कोर्ट की खंडपीठ खंडपीठ ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि अभी भी कई मामलों की कई साल से जांच ही जारी है।सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि हाई कोर्ट के पूर्व आदेश के तहत हरियाणा व पंजाब के केवल 18 सेशन जज ने इस मामले में हाई कोर्ट को सीधे अपनी रिपोर्ट भेजी हे। इस पर कोर्ट ने हाई कोर्ट की रजिस्ट्री को आदेश दिया कि वह हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ के सभी सेशन जज जिन्होने अपनी रिपोर्ट नहीं दी है उनसे रिपोर्ट मंगवाए । कोर्ट ने मामले की सुनवाई 17 सितम्बर तक स्थगित कर दिया।

### विधानसभा सत्र : गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के सम्मान में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

# मुख्यमंत्री ने रखा प्रस्ताव, बोले नौवें सिख गुरु 'हिंद की चादर'

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा ने गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव हरियाणा विधानसभा के चल रहे मानसून सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर साहिब जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस वर्ष नौवें सिख गुरु और 'हिंद की चादर', श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी जयंती है। सदन ने गुरु तेग बहादुर साहिब द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त की और इस ऐतिहासिक अवसर को गरिमा और भावपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प भी लिया। प्रस्ताव पढ़ते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी द्वारा आस्था और अंतःकरण की स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा के लिए नवंबर 1675 में, दिल्ली के चांदनी चौक में दिए गए उनके जीवन के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण करता है।

#### भाई मती दास जी को जीवित ही आरे से काटा गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके अनुयायी भाई मती दास जी को जीवित ही आरे से काटा गया, भाई सती दास जी को रुई में लपेटकर जला दिया गया तथा भाई दयाला जी को गर्म पानी की कढ़ाही में जिंदा उबाला गया था। उन्होंने अटूट विश्वास के साथ शहादत को गले लगाया। यह बलिदान उनके साहस और धर्म के प्रति दृढ़ निष्ठा का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि यह सदन यह भी स्मरण करता है कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने अपना जीवन मानवता की गरिमा और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए न्यौछावर किया था। सौभाग्य से, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का हरियाणा की भूमि से गहरा जुड़ाव रहा। अपनी यात्राओं के दौरान गुरु साहिब ने कुरुक्षेत्र, पिहोवा, कैथल, जींद, अंबाला, चीका और रोहतक में आकर इस भूमि को पवित्र किया और सत्य, सहनशीलता और निर्भयता का शाश्वत संदेश दिया।

### कांग्रेस विधायकों ने किया वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन

## राहुल के खुलासे से साफ, हरियाणा में बीजेपी जीती नहीं, बल्कि उसने कांग्रेस की सरकार चुराई : हुड्डा

**चंडीगढ़** । पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चउदयभान के नेतृत्व में सोमवार तमाम कांग्रेस विधायकों ने वोट चोरी का आरोप लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। विधायकनारे लगाते हुए मार्च की शक्ल में विधानसभा पहुंचे। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए हुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी के खुलासे से साफ हो गया है कि हरियाणा में बीजेपी जीती नहीं, बल्कि उसने कांग्रेस की सरकार चुराई है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि चुनाव आयोग अपनी साख गंवा चुका है और हरियाणा में उसने पूरी तरह बीजेपी के इशारे पर काम किया। यही वजह है कि प्रदेश में जो वोटिंग 1 अक्टूबर को होनी थी, वो 5 अक्टूबर को हुई। उस समय भी कांग्रेस ने चुनाव आयोग की मंशा और कार्यशैली पर संदेह जताया था और तारीख स्थगित करने का विरोध जताया था। इसके बाद तमाम एग्जिट पोल्स कांग्रेस की जीत दिखा रहे थे, बावजूद इसके मुख्यमंत्री ने 7 अक्टूबर बाकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि बीजेपी की जीत के लिए सभी व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं।




#### ईवीएम में बैट्री 99% चार्ज मिली

काउंटिंग के दौरान यह भी देखा गया कि कई ईवीएम में 99% बैटरी चार्ज मिली थी। इनकी शिकायत को चुनाव आयोग को की गई, लेकिन उसने नजरअंदाज कर दी और आज तक भी कोई सही उत्तर नहीं दिया गया। रानियां में कोर्ट के आदेश के बाद बावजूद, दोबारा गिनती करने की बजाए, आयोग ने ईवीएम का डाटा ही डिलीट कर डाला।हुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी से हलफनामा मांगने वाले चुनाव आयोग को पहले खुद हलफनामा देना चाहिए। चुनाव आयोग लिखकर दे कि कहीं भी फर्जी वोटर या एक-एक आदमी के दो-दो वोट नहीं है। अगर आयोग लिखकर देता है तो हम उसको अनगिनत सबूत देने के लिए तैयार हैं। अपनी कारगुजारियों पर पर्दा ढकने के लिए आयोग राहुल गांधी से हलफनामा मांग रहा है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **दीपक** पुत्र मुकेश, निवासी- राठी पन्ना गाँव पुरखास, सोनीपत, हरियाणा ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 270/2023धारा 25 शस्त्र अधिनियम थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **दीपक, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 270/2023धारा 25 शस्त्र अधिनियम थाना बवाना, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री सार्थक पंवार**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
कमरा नंबर 114
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/11304/ON/2025


HP COTTON TEXTILE MILLS LTD

**एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड**
**(CIN: L18101HR1981PLC012274)**
पंजी. कार्यालय : 15वां कि.मी. स्टोन, दिल्ली रोड, गांव व डा. मयड़, हिसार-125044
**Website:** www.hpthreads.com **E-mail:** info@hpthreads.com
**Tel:** +91 11 41540471/72/73, **Fax:** +91 11 49073410

**शेयरधारकों को सूचना**

**100 दिवसीय अभियान – 'सक्षम निवेशक'**

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण ("आईईपीएफए") ने निवेशक शिविर और निवेशक शिक्षा एवं सुविधा के लिए इसके एक विशाल अभियान के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए 28 जुलाई 2025 से 06 नवम्बर 2025 तक एक 100-दिवसीय अभियान – ''सक्षम निवेशक'' का शुभारम्भ किया है, जिसमें उन शेयरधारकों लक्ष्य बनाया गया है जिनके लाभांश भुगतान नहीं किए / दावा नहीं किए गए रह गए थे। आईईपीएफए के निर्देशों के अनुरूप, एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड ('कम्पनी') ने उन शेयरधारकों के लिए 100 दिवसीय अभियान, ''सक्षम निवेशक'' का सूत्रपात किया है, जिनके लाभांश भुगतान नहीं किये गये / दावा नहीं किए गए हैं, और यह सूचना उपरोक्त अभियान के भाग के रूप में कम्पनी द्वारा जारी की जा रही है।

सभी शेयरधारक जिनको लाभांश का भुगतान नहीं किया गया / दावा नहीं किया गया अथवा वे जो अपने आपके ग्राहक को जानो ('केवाईसी') अथवा नामांकन विवरण अपडेट करवाने के लिए अपेक्षित है अथवा भुगतान नहीं किए गए / दावा नहीं किए गए लाभांश और शेयरों से सम्बन्धित किन्हीं मुद्दों / प्रश्नों के मामले में आग्रह किया जाता है कि कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (''आरटीए'') अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाउस, 4ई/2 झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 पर लिखें, टेली. : +91-11-4254 1234 ; फैक्स : +91-11-4254 1201 ; ई-मेल : info@alankit.com पर कम्पनी के नोडल ऑफिसर को cs@hpthreads.com पर लिखें। शेयरधारक आगे ध्यान दें कि यह अभियान विशेषतः उनके केवाईसी और नामांकन विवरण अपडेट करने के लिए शेयरधारकों तक पहुंचने के लिए प्रारम्भ किया गया है।

शेयरधारकों से आग्रह किया जाता है कि अपने शेयरों को आईईपीएफए के पास हस्तांतरित किए जाने से बचाने के लिए उनके भुगतान नहीं किए / दावा नहीं किए गए लाभांश के लिए दावा करें और अपने विवरण अपडेट करवाएं। यह सूचना कम्पनी की वेबसाइट पर www.hpthreads.com पर और स्टाक एक्सचेंज जहां कम्पनी के इक्विटी शेयर सूचीकृत हैं अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
शुभम जैन
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 25 अगस्त 2025


## सरकार जानबूझकर अब एचकेआरएन को कर रही कमजोर : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार एचकेआरएन और अनुबंधित कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है, पहले कर्मचारियों को नियुक्त कर लिया गया और अब कह रही है कि एचकेआरएन और अनुबंधित कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जाएगा जबकि अधिकतर कर्मचारी 10-15 साल से काम कर है और उनमें भी ज्यादातर ओवर ऐज हो चुके है। सरकार कर्मचारियों को हटाने के बजाए उन्हें ही नियमित कर उन्हें राहत प्रदान कर सकती है। साथ ही प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के अनुबंधित कर्मचारियों को भी सेवा सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत शामिल किया जाए। सैलजा ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा चुनाव से पूर्व प्रदेश के 1,18,000 अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करने और उन्हें सेवा सुरक्षा देने का जो अधिनियम पारित किया गया था।



## निकासी के मुद्दे सरकार पूरी तरह फेल, फसलें हो रही खराब : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने राज्य सरकार को बरसाती जल निकासी के मुद्दे पर पूरी तरह फेल बताया है। उन्होंने कहा कि खेतों में पानी खड़ा रहने से जहां किसानों की फसलें बबार्द हो रही है तो वहीं शहरी क्षेत्रों में नागरिकों का घरों से बाहर निकलना ही दूभर हो गया है।दुष्यंत चौटाला हिसार दौरे के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके उनसे बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जलभराव पूरी तरह से सरकार व प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि जल निकासी का समय पर स्थाई समाधान न किए जाने के कारण यह स्थिति पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन ने दावे तो अनेक किए, लेकिन वे दावे धरातल पर नहीं उतरे। उन्होंने ने कहा कि आज हालत यह हो गए है कि कई हजार एकड़ में किसानों की फसलें खराब हो रही है।

## बैलेट पेपर के जमाने में धांधली करने वाले आज चुनाव आयोग को कोस रहे : बंतो कटारिया

**पंचकूला।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया और पंचकूला जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने हरियाणा कांग्रेस नेताओ द्वारा भाजपा पर वोट चोरी के आरोपों को झूठा और बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा की विधानसभा सत्र के दौरान विपक्षी पार्टियों द्वारा सदन का बहिष्कार करना दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा मुख्यालय पंचकमल में आयोजित प्रेसवार्ता में बंतो कटारिया ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, जो कांग्रेस नेता बैलेट पेपर के जमाने में वोटो के फ़र्ज़ी बण्डल बना कर मतगणना में धांधली किया करते थे वही आज भाजपा पर एसआईआर को लेकर अनर्गल आरोप लगा रहे है। बंतो कटारिया ने कहा, भाजपा लोकतांत्रिक ढंग से सरकार चलाने में विश्वास रखती है। एक सवाल के जवाब में बंतो कटारिया ने कहा कि कांग्रेस को सत्ता से दूरी बर्दाश्त नहीं हो रही और वे सत्ता में आने के लिए हर हथकंडे अपनाने की कोशिश में लगे हुए है। कटारिया ने कहा, विपक्षी नेता पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर कुछ नहीं बोल रहे उल्टा अपने ही देश की सेना को कटघरे में खड़ा कर रहे है जो की अत्यंत ही निंदनीय है।

### पांच जेलों में कौशल विकास के 12 कोर्स कर सकेंगे कैदी

# कंप्यूटर इंजीनियरिंग डिप्लोमा करेंगे बंदी गुरुग्राम से शुरू होगी पायलट परियोजना

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा है कि प्रदेश की जेलों में बंदियों के सुधार, पुनर्वास व समाज की मुख्यधारा में लाने की कवायद के बीच प्रदेश की पांच जेलों में बंदियों को कौशल विकास के 12 कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेल बंदियों को कम्प्यूटर इंजीनियरिंग डिप्लोमा के तीन वर्षीय डिप्लोमा के अवसर भी उपलब्ध होंगे और इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत गुरुग्राम जेल में कम्प्यूटर इंजीनियरिंग डिप्लोमा प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जा रहा है।

#### जेल मंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक



सोमवार को जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित कार्यालय में जेल महानिदेशक आलोक कुमार राय, गृह विभाग के सचिव मनीराम शर्मा, उपसचिव गगनदीप सिंह के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक उपरांत जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जेलों में बंद बंदियों के सुधार, पुनर्वास व समाज की मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की गई। जेल बंदियों को सजा पूरी करने के बाद सरकारी व निजी क्षेत्रों में रोजगार के उचित अवसर उपलब्ध हों, इसके लिए तकनीकी शिक्षा विभाग के साथ मिलकर विभिन्न जेलों में तकनीकी कोर्सों के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि गुरुग्राम जेल में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर एक तकनीकी डिप्लोमा प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जा रहा है।

## MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)

**PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE**

| S.No | e-Published Date | Closing Date | Opening Date | Title and Ref.No./Tender ID | Organisation Chain |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 23-Aug-2025 09:00 AM | 5-Sep-2025 05:00 PM | 16-Sep-2025 11:00 AM | [SELECTION OF AGENCY FOR DOOR TO DOOR COLLECTION SEGREGATION OF MUNICIPAL SOLID WASTYE FROM EACH ESTABLISHMENT AND TRANSPORTATION TO THE PROCESSING SITE IN MC UCHANA.] [D2D/MCU/08/2025] [2025_HRY_467246_1] | Haryana Government\|\| Urban Local Bodies\|\|MC Uchana |
| 2. | 20-Aug-2025 09:00 AM | 27-Aug-2025 03:00PM | 28-Aug-2025 11:00 AM | [Const. of IPB Street From Charandash Pandit to Molu Jaat in Ward No. 08 in MC Uchana] [20256A7B0E31 E63D 4001 AAF1 F77FB8F3 FD62352ULB][2025_HRY_466090_1] | Haryana Government\|\| Urban Local Bodies\|\|MC Uchana |
| 3. | 20-Aug-2025 09:00 AM | 27-Aug-2025 03:00 PM | 28-Aug-2025 11:00 AM | [Const. of IPB Street from House of Naresh Udmi to Omi Nai Shop in Ward No. 13 in MC Uchana.] [20256827FEF7 6496 4D12 84DC | Haryana Government\|\| Urban Local Bodies\|\|MC Uchana |

Sd/-
Secretary
MC Uchana (Jind)

## खबर संक्षेप

### एल्विश के घर फायरिंग मामले में दो और काबू

**गुरुग्राम।** यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर हुई फायरिंग मामले में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने कार्रवाई करते हुए दो और शूटरों को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फरीदाबाद के गौरव और आदित्य के रूप में हुई है। दोनों नेपाल भागने की फिराक में थे। दोनों आरोपी गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के लिए काम करते थे और उससे अमेरिका में रहते हुए सिग्नल एप के माध्यम से संपर्क में थे। बता दें कि 17 अगस्त को यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव के घर पर सुबह करीब 5 बजे फायरिंग की गई थी। एल्विश के गुरुग्राम स्थित घर पर करीब 25 राउंड फायरिंग हुई थी।

### नाके पर एसआई को मारी टक्कर, आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-2 एरिया में नाका लगाकर जांच कर रही पुलिस को एक कार सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एसआई करीब 5 फीट उछलकर दूर जा गिरा। वारदात के बाद आरोपी अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गए। वहीं, पुलिस ने भी पीछा करते हुए आरोपियों को फिल्मी स्टाइल में काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान बादली झज्जर निवासी सोनू, उसके साथी बुलंदशहर उत्तर प्रदेश निवासी मंथन भारद्वाज, हाथरस उत्तर प्रदेश निवासी तिलक, हिमांशु सेंगर व राजस्थान निवासी ईरफान के रूप में हुई।

### सीवर टैंक की गंदगी नाले में डालने पर काबू

**गुरुग्राम।** भौंडसी एरिया में पुलिस ने सीवर टैंक की गंदगी को नाले में डालने पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी पर डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को भौंडसी मार्केट के पास बरसाती नाले में मलमूत्र डालने की शिकायत मिली। जिस पर पुलिस ने छापेमारी कर उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के शेखपुरा लाला गांव के पवन कुमार को काबू कर लिया।

### प्रेम विवाह करने वाली युवती ने की खुदकुशी

**नारनौल।** घर से भागकर 11 महीने पहले प्रेम विवाह करने वाली युवती ने अपने ससुराल में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती के परिजनों का कहना है कि ससुराल वालों से परेशान होकर उसने आत्महत्या की है। जलमहल के पास रहने वाली करीब 22 वर्षीय अनुराधा ने 11 महीने पहले घर से भागकर शादी कर ली थी। । मोहल्ला पीरआगा के उमेश के साथ शादी कर ली थी। शादी के 11 महीने बाद युवती ने रविवार देर शाम अपने सुसराल में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना लड़की के परिजनों को लगी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया। इस बारे में लड़की के पिता ने बताया कि उसकी बेटी ने करीब 11 महीने पहले घर से भागकर लड़के से शादी कर ली थी।

---

मानसून ने ली करवट, वर्षा से बिगड़े हालात, तीन दिनों तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी

# प्रदेश के 14 जिलों में झमाझम, सड़कें लबालब मानसून सीजन में अब तक 11% ज्यादा बारिश

**सबसे ज्यादा यमुनानगर में 866.3 एमएम बारिश दर्ज**

*मानसून सीजन में 24 अगस्त तक औसतन 322 एमएम बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन अब तक 357 एमएम बारिश हो चुकी है, जो की औसत से 11 फीसदी ज्यादा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक/हिसार

प्रदेश के 14 जिलों में सोमवार को बारिश झमाझम बारिश हुई। इनमें भिवानी, गुरुग्राम, हिसार, अंबाला, फतेहाबाद, जींद, फरीदाबाद, सोनीपत, कैथल, नूंह, रोहतक, झज्जर, कुरुक्षेत्र और महेंद्रगढ़ शामिल हैं। इस मानसून सीजन में 24 अगस्त तक औसतन 322 एमएम बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन अब तक 357 एमएम बारिश हो चुकी है। जो 11 प्रतिशत ज्यादा है। 8 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है तो बाकी जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा यमुनानगर में 866.3 एमएम बारिश दर्ज की गई है। सबसे कम कैथल में 175.2 एमएम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान विभाग चंडीगढ़ ने रात पौने 8 बजे तक हिसार, कैथल, जींद और फतेहाबाद में मध्यम बारिश की संभावना जताई है। इन जिलों में आकाशीय बिजली के साथ 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। उधर, हिसार के हांसी में गीता चौक के पास नेशनल हाईवे पर बारिश के कारण हुए जलभराव में एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। कार में सवार युवक अपनी मां के साथ सिरसा घर लौट रहा था। झटका लगने से मां बेहोश हो गई। हादसा रविवार रात करीब 9 बजे हुआ। कार को क्रेन बुलाकर हटाया गया।

**रोहतक में बारिश के बाद सड़कों का हाल**



### जारी रहा बारिश का दौर

**रोहतक।** सोमवार को दूसरे दिन भी जिले में बारिश का दौर जारी रहा। बीते चौबीस घंटे में रोहतक खंड में 28, महम में 6, सांपला में 3, कलानौर में 2 और लाखनमाजरा ब्लॉक में 4 एमएम बरसात हुई। खंड मुख्यालयों को छोड़कर तकरीबन बाकी एरिया में काफी ज्यादा पानी गिरा है। महम एरिया में तो हालात फिर से बाढ़ जैसे बन गए हैं। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय रुटिन में जारी किए जा रहे पूर्वानुमान में बताया गया है कि बरसात होने का दौरा अभी और भी जारी रहेगा।

### फतेहाबाद: 24 घंटे में बरसात ने रिकार्ड तोड़े

**फतेहाबाद।** 24 घंटों से जिला फतेहाबाद में हो रही भारी बरसात ने पिछले 10 साल के रिकार्ड तोड़ दिए। इस बार सावन की झड़ी न लगकर भादो में बारिश की झड़ी लगी। राजस्व विभाग के अनुसार जिला के अधिकांश गांवों में 250 एमएम तक बरसात हुई है। बरसात से जहां धान की फसल को फायदा बताया गया है वहीं नरमे की फसल को काफी नुकसान होने की सूचना है। बारिश से सोमवार को जिले के जाखल, कुलां, टोहाना, फतेहाबाद, रतिया जैसे शहर जलमग्न नजर आए। हालात यहां तक बिगड़ गए कि बिजली की सप्लाई में फाल्ट आ गए। बैंकों के सर्वर काम करना बंद कर गए। सड़कों पर पूरे दिन जाम की स्थिति रही। घरों में कचरा उठाने के लिए गाड़ियां नहीं आई। बाजारों में ग्राहक नजर नहीं आए। फतेहाबाद में लाल बत्ती भी न चलने से ट्रेफिक में व्यवधान पड़ा।

### रेवाड़ी: तीसरे दिन भी बारिश

**रेवाड़ी।** अगस्त माह के अंत में लगातार तीसरे दिन भी झमाझम बारिश होने से लोगों को उमस भरी राहत मिल गई। मौसम का मिजाज ठंडा पड़ गया। जिले में औसत 100 एमएम से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। तेज हवाओं के साथ होने वाली बारिश से बाजरे की फसल जमीन की ओर झुकने लगी है, जिससे फसल नुकसान की आशंका बन गई है। शहर में जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माह के अंत तक बारिश या बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रह सकता है। रविवार रात जिले के कई भागों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी शुरू हो गई।

### जींद में दिनभर बारिश का दौर

**जींद।** जिले में बारिश का सिलसिला सोमवार को दिनभर रुक-रुक कर जारी रहा। बारिश फसलों के लिए तो फायदेमंद है। कुछ जलभराव के चलते शहरी इलाकों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश का सिलसिला रविवार शाम को शुरू हुआ था जो सोमवार को भी दिनभर जारी रहा। कभी फुहार तो कभी तेज बारिश की बौछार पड़ती रही। जिसके साथ बिजली व्यवस्था भी बाधित होती रही। सबसे ज्यादा नरवाना मे 74 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश के चलते तापमान मे भी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 95 प्रतिशत तथा हवा की गति 10 किमी प्रति घंटा दर्ज की गई।

**फतेहाबाद में झमाझम बारिश**



### मानसून पूरी तरह सक्रिय

हरियाणा में मानसून की सक्रियता बढ़ने से कई जिलों में भारी वर्षा हुई। फतेहाबाद में सड़कों पर जलभराव हुआ जिससे यातायात प्रभावित रहा। वर्षा जनित हादसों में फरीदाबाद और चरखी दादरी में दो लोगों की डूबने से मौत हो गई जबकि चरखी दादरी में बिजली गिरने से गोवंश की भी हानि हुई।

### आज इन जिलों में बारिश संभव

यमुनानगर, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, मेवात, पलवल, फरीदाबाद व गुरुग्राम में 75 से 100 प्रतिशत एरिया में भारी बारिश की संभावना है। पंचकूला, अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, जींद, कैथल, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा में 50 से 75 प्रतिशत एरिया में बारिश की संभावना है।

### 27 को इन जिलों में बारिश की आशंका

पंचकूला और यमुनानगर में मध्यम से तेज बारिश के आसार बने रहेंगे और 50 से 75 प्रतिशत एरिया में बारिश की संभावना है। अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, मेवात, पलवल, गुरुग्राम और फरीदाबाद में 25 से 50 प्रतिशत एरिया में बारिश की संभावना बनी रहेगी। रोहतक, झज्जर, सोनीपत, जींद, फतेहाबाद, हिसार, सिरसा में 25 प्रतिशत एरिया में हल्की बारिश के आसार हैं।

### 28 को इन जिलों में बारिश!

अंबाला, यमुनानगर, फरीदाबाद, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ जिलों में 25 से 50 प्रतिशत एरिया में बारिश की संभावना है। पंचकूला, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, पानीपत, सोनीपत, रोहतक, झज्जर, जींद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, फतेहाबाद और सिरसा में 25 प्रतिशत एरिया में हल्की बारिश हो सकती है।

### मारकंडा का जलस्तर बढ़ने की संभावना

कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में मारकंडा नदी में करीब 2 हजार क्यूसेक पानी बह रहा है। अगर पहाड़ों में काला अंब में बारिश हुई तो जलस्तर बढ़ सकता है। इस सीजन में 14 बार मारकंडा में पानी आ चुका है। वहीं हथिनीकुंड बैराज के जलस्तर में कमी दर्ज की गई है। रविवार को रात 9 बजे हथिनीकुंड बैराज में 30 हजार 939 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया, जबकि शनिवार को यह 44 हजार क्यूसेक था।

### कपास की फसल को नुकसान

फतेहाबाद में ज्यादा बारिश से कपास की फसल को नुकसान होने लगा है। जिले में 69 हजार हेक्टेयर में कपास की बिजाई की हुई है। किसानों के अनुसार, फिलहाल कपास की फसल पक कर तैयार हो चुकी है। जिसकी 20 दिन बाद चुगाई का काम शुरू होना है। ऐसे में अब ज्यादा बारिश कपास की फसल के लिए बेहद नुकसानदायक है। इससे फसल मुरझा जाएगी और ज्यादा देर तक जलभराव रहने से पौधे गल जाएंगे।

---

**यूट्यूबर पर जासूसी का आरोप:** पुलिस ने कुछ पन्ने सार्वजनिक न किए जाने का हवाला दिया

## व्यक्तिगत पेशी के बावजूद ज्योति को नहीं मिली चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



95 दिन बाद जेल से बाहर लाई गई ज्योति मल्होत्रा हिसार कोर्ट में हुई पेश

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को सोमवार को अदालत में पेश किया गया। वह लगभग 95 दिन के बाद व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश हुई। इससे पहले वीसी के माध्यम से ही उसकी पेशी हो रही थी। इससे पहले वह 22 मई को व्यक्तिगत रूप से पेश हुई थी। ज्योति के वकील कुमार मुकेश के अनुसार सोमवार की पेशी के समय उम्मीद थी कि चार्जशीट मिल जाएगी लेकिन उन्हें चार्जशीट नहीं मिली। पुलिस ने कोर्ट में दलील दी कि चार्जशीट के कुछ पन्ने सार्वजनिक नहीं किए जा सकते हैं, इसलिए चार्जशीट नहीं दी जा सकती है। मुकेश ने कहा कि इसके लिए वह कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। अब अगली पेशी 3 सितंबर को होगी। मामले में पुलिस ने 90 दिन की जांच के बाद 14 अगस्त को 2500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में आरोप लगाया गया है कि ज्योति लगातार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के अधिकारियों और एजेंटों के संपर्क में थी। वह भारत की संवेदनशील जगहों के वीडियो बनाकर उन्हें पाकिस्तानी एजेंटों को शेयर करती रही।

---

**सिख युवक ने पगड़ी से दिया सहारा**

## पश्चिमी यमुना नहर में डूब रही युवती को दो युवकों ने बचाया

- युवती को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने खतरे से बाहर बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पश्चिमी यमुना नहर में सोमवार सुबह संदिग्ध हालत में एक उन्नीस वर्षीय युवती अचानक पानी में बहकर डूबने लगी। इसी बीच एक युवक ने पानी में छलांग लगाकर युवती को डूबते हुए पकड़ लिया और उसी समय वहां से गुजर रहे एक सरदार ने अपनी पगड़ी खोलकर पानी में फेंक दी। जिसकी सहायता से युवक पानी में डूबती हुई युवती को लेकर बाहर सकुशल पहुंच गया। लोगों ने युवती को नहर में डूबने से बचाने के लिए युवक और सरदार की प्रशंसा की। घटनास्थल पर मौजूद क्षेत्र के निर्मल सिंह ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 10 बजे वह हमीदा हेड के पास बैठा हुआ था। तभी अचानक उसने देखा कि नहर में एक युवती डूबती जा रही है। उसी समय वहां मौजूद एक युवक ने बिना देर किए नहर में छलांग लगा दी। इस बीच पास खड़े एक सरदार युवक ने भी अपनी पगड़ी उतारी और उसे नहर में फेंक दिया। पगड़ी के सहारे युवती को पकड़कर किनारे खींचा गया। नहर से बाहर निकलने तक युवती बेहोश हो चुकी थी। स्थानीय लोग उसे तुरंत सिविल अस्पताल ले गए। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल उसकी हालत ठीक है और वह खतरे से बाहर है। युवती ने बताया कि वह हमीदा की रहने वाली है। लोगों ने उसके मोबाइल नंबर से उसके परिजनों को सूचना दी।

---

**अपशिष्ट जल शोधन संयंत्रों की खामियों को लेकर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने की कार्रवाई**

## एचएसआईआईडीसी पर ढाई करोड़ रुपये का जुर्माना

**एनजीटी के आदेश पर हुई जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में अपशिष्ट जल शोधन संयंत्रों की खामियों को लेकर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) ने एचएसआईआईडीसी पर करीब ढाई करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश पर हुई जांच में पाया गया कि क्षेत्र के 16 एमएलडी और 10 एमएलडी क्षमता वाले सीईटीपी तय मानकों पर खरे नहीं उतर रहे थे। 16 एमएलडी सीईटीपी पर 2.52 करोड़ रुपये का मुआवजा लगाया गया, जबकि 10 एमएलडी और 16 एमएलडी सीईटीपी पर 1.20 करोड़ रुपये अतिरिक्त जुर्माने का प्रस्ताव भेजा गया है। 16 एमएलडी संयंत्र के खिलाफ अदालत में केस भी दायर किया गया है। जांच में सामने आया कि 136 अपशिष्ट जल छोड़ने वाली इकाइयों में से 113 में पीईटीपी सही से नहीं चल रहे थे और कई इकाइयों से बिना शोधन का पानी सीधे बाहर डाला जा रहा था। भूजल दोहन की अनुमति, फ्लो मीटर और स्लज निस्तारण में भी गंभीर अनियमितताएं मिलीं।

### छह औद्योगिक इकाइयां भी की सील

कमेटी ने किए सर्वे में लिए गए नमूनों में 10 एमएलडी सीईटीपी के नमूने भी मानकों पर खरे नहीं उतरे। मासिक मानिटरिंग में 10 एमएलडी सीईटीपी मार्च से मानकों पर खरा उतर रहा। 16 एमएलडी सीईटीपी 15 जुलाई से मानक पूरा कर रहा है। एचएसपीसीबी ने छह इकाइयों को बंद कर सील भी किया था, जबकि दो और इकाइयों पर कार्रवाई प्रक्रिया में है। 35 इकाइयों ने प्रदर्शन-सुरक्षा जमा कर पीईटीपी की व्यवहार्यता रिपोर्ट के साथ दोबारा सैंपलिंग का विकल्प चुना है।

### मानकों पर खरा नहीं उतरने पर कार्रवाई

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में मानकों पर खरा नहीं उतरने पर 16 एमएलडी सीईटीपी पर 2.52 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। प्रदूषण फैलाने का कारण बनने वाले 16 व 10 एमएलडी के अन्य सीईटीपी पर भी जुर्माने का प्रस्ताव दिया है। एनजीटी के आदेशानुसार जमा करवा दी गई है।
- **निर्मल कश्यप,** सीनियर एनवायरमेंटल इंजीनियर, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

---

**नई पहल** शिक्षा बोर्ड सचिव डॉ. मुनीष नागपाल की अध्यक्षता में कमेटी का गठन

## प्रदेश के विद्यालयों में कक्षा 11वीं तथा 12वीं के पाठ्यक्रम में शामिल होगा योग

**ऐच्छिक विषय के रूप में शामिल करने की तैयारी**

- बैठक की अध्यक्षता बोर्ड सचिव डॉ. मुनीष नागपाल द्वारा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा के विद्यालयों में योग को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय, हरियाणा सरकार द्वारा शिक्षा बोर्ड सचिव डॉ. मुनीष नागपाल की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में ग्यारहवीं तथा बारहवीं कक्षा में योग को ऐच्छिक विषय के रूप में शामिल करने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड सचिव डॉ. मुनीष नागपाल द्वारा की गई। इस अवसर पर पंतजलि योग पीठ के हरियाणा राज्य प्रभारी ईश कुमार आर्य, डॉ.राजकुमार, रजिस्ट्रार, हरियाणा योग आयोग, डॉ. संजय वैद, जिला योग समन्वयक, आयुष विभाग, संजय कौशिक, वरिष्ठ विशेषज्ञ, एससीईआरटी, गुरूग्राम, विनय मल्होत्रा, सदस्य पंतजलि हिसार व प्रियंका, योग अनुदेशक, हरियाणा योग आयोग शामिल रहे। बैठक में विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए योग को ग्यारहवीं तथा बारहवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। बोर्ड सचिव डॉ. नागपाल ने बताया कि योग भारतीय संस्कृति और परम्परा की अमूल्य धरोहर है।



**भिवानी।** हरियाणा के विद्यालयों में योग को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### छात्रों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन प्राप्त होगा

इसे विद्यालय स्तर पर पढ़ाए जाने से विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन प्राप्त होगा। इससे न केवल विद्यार्थियों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं अनुशासन में वृद्धि होगी, बल्कि उन्हें जीवन में स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने की प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तक ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास में सहायक होनी चाहिए। इसी दृष्टिकोण से योग को ग्यारहवीं तथा बारहवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने पर गहनता से विचार किया गया। डॉ. नागपाल ने कहा कि योग को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने से विद्यार्थियों में तनाव प्रबन्धन, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों का विकास होगा। यह कदम स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क की भावना को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा।

---

## यमुनानगर: प्रिंस हत्याकांड में मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी समेत तीन गिरफ्तार

**पत्नी के आरोपी हैप्पी के साथ था प्रेम प्रसंग**

- प्रिंस को रास्ते से हटाने के लिए पत्नी ने करवाई हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

करीब साढ़े तीन महीने पहले साढ़ौरा क्षेत्र में बकाला निवासी प्रिंस उर्फ गोबिंद की हत्या मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उक्त जानकारी डीएसपी हरविंद्र सिंह ने दी।उसकी हत्या गांव के ही हैप्पी व दिव्यांशु ने की। प्रेम प्रसंग के चलते यह हत्या की गई। जांच में पता चला कि हैप्पी का मृतक प्रिंस की पत्नी से प्रेम प्रसंग था। दोनों शादी करना चाहते थे। प्रिंस को रास्ते से हटाने के लिए उन्होंने यह योजना बनाई। डीएसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि गत 15 मई की सुबह को प्रिंस का शव कालाअंब मार्ग पर कराल घाट के पास कच्चे रास्ते पर मिला था। पास में उसकी



बाइक पड़ी थी। जिससे ही उसकी शिनाख्त की। हत्यारे ने उसके चेहरे व शरीर के अन्य हिस्सों पर धारदार हथियार से वार किए हुए थे। उसके चेहरे की पहचान तक नहीं हो रही थी। पास में ही एक चाकू भी मिला था। इस मामले में थाना साढौरा में अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज किया गया था। जिसके बाद से ही पुलिस की टीम तफ्तीश कर रही थी। मृतक के परिजनों ने भी शक जताया था कि इस हत्या में उसकी पत्नी प्रीती का हाथ हो सकता है।



## खबर संक्षेप



### शहद का निर्यात मूल्य 1,400 डॉलर न्यूनतम प्रति टन तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने इस साल 31 दिसंबर तक प्राकृतिक शहद का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 2,000 अमेरिकी डॉलर प्रति टन से घटाकर 1,400 अमेरिकी डॉलर प्रति टन कर दिया है। इस एमईपी से कम मूल्य पर निर्यात की अनुमति नहीं होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में यह जानकारी दी। अधिसूचना के मुताबिक, 'प्राकृतिक शहद का एमईपी तत्काल प्रभाव से 31 दिसंबर, 2025 तक 2,000 अमेरिकी डॉलर प्रति टन से संशोधित कर 1,400 अमेरिकी डॉलर प्रति टन कर दिया गया है।'

### महिंद्रा को नए संयंत्र के लिए जमीन की तलाश

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए जमीन तलाश रही है, ताकि घरेलू और निर्यात बाजारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाया जा सके। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुंबई स्थित इस ऑटो कंपनी ने अपने नए मॉड्यूलर मल्टी-एनर्जी एनयू आईक्यू मंच को पेश किया, जो एसयूवी की एक नई श्रृंखला का समर्थन करेगा। इसका पहला उत्पाद 2027 में आने की उम्मीद है।

### अमेजन ने साझेदारी में 40 आश्रय केंद्र शुरू किए

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन इंडिया ने सोमवार को 'प्रोजेक्ट आश्रय' को आगे बढ़ाने की घोषणा की। इसके तहत, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के सहयोग से देशभर में सभी आपूर्ति साझेदारों के लिए 40 विश्राम केंद्र और शुरू किए जा रहे हैं। आश्रय केंद्र आपूर्ति साझेदारों के लिए विशेष रूप से बनाए गए विश्राम स्थल हैं।

# कंपनियों को एआई से नहीं मिला कोई ठोस फायदा, 95 प्रतिशत प्रोजेक्ट्स नाकाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


पिछले तीन सालों में दुनियाभर की कंपनियों ने जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रोजेक्ट्स में 30 से 40 अरब डॉलर का निवेश किया है। लेकिन मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) की एक नई स्टडी के मुताबिक, इनमें से 95 प्रतिशत कंपनियों को एआई टूल्स अपनाने से कोई ठोस फायदा नहीं हुआ।

इस स्टडी के हवाले से बताया गया कि ज्यादातर कंपनियों की कमाई या मुनाफे पर एआई का कोई असर नहीं पड़ा। दुनियाभर में कंपनियों ने चैट जीपीट, कोपायलट एआई और दूसरे बड़े लैंग्वेज मॉडल्स को आजमाने में तेजी दिखाई। सर्वे बताते हैं कि 80 प्रतिशत से ज्यादा बड़ी कंपनियों ने इन टूल्स को टेस्ट किया या छोटे स्तर पर इस्तेमाल शुरू किया। करीब 40 प्रतिशत कंपनियों ने इन्हें किसी न किसी रूप में लागू भी किया। लेकिन स्टडी में सामने आया कि ज्यादातर मामलों में ये टूल्स सिर्फ कर्मचारियों का काम तेज करने में मदद कर रहे हैं, न कि कंपनी के मुनाफे को बढ़ाने में।

## एमआईटी की रिपोर्ट में किया गया बड़ा खुलासा, दुनियाभर की कंपनियों ने किया 30 से 40 अरब डॉलर का निवेश

### एआई टूल्स क्यों नहीं दे रहे रिजल्ट?

एमआईटी की स्टडी में बताया गया कि जेनरेटिव एआई टूल्स का सबसे बड़ा मसला यह है कि ये असल कामकाजी प्रक्रियाओं में अच्छे से फिट नहीं हो पा रहे। इन टूल्स में 'काम के ढांचे कमजोर हैं, ये संदर्भ के हिसाब से सीख नहीं पाते और रोजमर्रा के कामों के साथ तालमेल नहीं बना पाते।' यानी, ये टूल्स इंसानों की तरह न तो पुराने फीडबैक को याद रख पाते हैं और न ही समय के साथ अपनी समझ को बेहतर कर पाते।




### एआई फीडबैक सहेज नहीं पाते

स्टडी के मुताबिक, 'ज्यादातर जेनरेटिव एआई सिस्टम्स फीडबैक को सहेज नहीं पाते, न ही संदर्भ के हिसाब से ढल पाते हैं और न ही समय के साथ बेहतर होते हैं।' इस वजह से लंबे समय तक इन्हें कंपनी में लागू करना महंगा और बेअसर साबित हो रहा है।

### आउटसोर्सिंग पर लगेगी लगाम

एआई को लेकर एक बड़ा डर यह था कि ये लोगों की नौकरियां छीन लेगा। लेकिन एमआईटी की स्टडी इस डर को थोड़ा कम करती है। स्टडी में कहा गया कि फिलहाल एआई से बड़े पैमाने पर नौकरियां जाने की आशंका नहीं है। इसके बजाय, ये टूल्स कंपनियों के बाहरी खर्चों, जैसे आउटसोर्सिंग, को कम करने में ज्यादा असर दिखा सकते हैं। स्टडी में लिखा है, 'जब तक एआई सिस्टम्स के हिसाब से ढलना और खुद से काम करना नहीं सीख लेते, तब तक इनका असर कंपनियों के अंदरूनी ढांचे को बदलने की बजाय बाहरी खर्चों को कम करने में ज्यादा दिखेगा।'

## प्रस्तावित अमेरिकी शुल्क का नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका

# फिच रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि के चलते भारत की साख को 'बीबीबी-' पर कायम रखा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिच रेटिंग्स ने वृद्धि दर एवं बाह्य मोर्चे पर मजबूत वित्तीय स्थिति के साथ भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है। भारत पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क से चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 6.5 प्रतिशत वृद्धि दर अनुमान पर मामूली नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है।

फिच ने कहा, 'यदि प्रस्तावित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार अपनाए जाते हैं, तो इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा तथा वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएंगे।' केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह के समक्ष 'योग्यता' और ''मानक'' वस्तुओं व सेवाओं के लिए पांच और 18 प्रतिशत की द्वि-स्तरीय कर संरचना के साथ ही पांच से सात वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत की दर का प्रस्ताव रखा है।

## जीएसटी सुधार से उपभोग को मिलेगा बढ़ावा, वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएगे

### 12 और 28 फीसदी का स्लैब होगा समाप्त

इस प्रस्ताव में मौजूदा 12 और 28 प्रतिशत कर 'स्लैब' को समाप्त करना शामिल है। फिच ने कहा, '' भारत की रेटिंग को उसकी मजबूत वृद्धि और ठोस बाह्य वित्तीय स्थिति का समर्थन प्राप्त है।'' 'बीबीबी-' सबसे निचली निवेश श्रेणी की रेटिंग है। यह रेटिंग वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी द्वारा भारत की साख रेटिंग को एक पायदान बढ़ाकर 'बीबीबी' करने के एक पखवाड़े के भीतर आई है।




### कंपनियों का राजस्व 11 फीसदी बढ़ेगा : क्रिसिल

विविध इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) कंपनियों के राजस्व में चालू वित्त वर्ष 2025-26 में नौ से 11 प्रतिशत की मामूली वृद्धि का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि बड़ी एवं विविध ईपीसी कंपनियों के लिए राजस्व में यह वृद्धि बुनियादी ढांचा पूंजीगत व्यय में स्थिर बढ़ोतरी, मजबूत ऑर्डर बुक और अनुकूल ऑर्डर मिश्रण के साथ परियोजना के तेज क्रियान्वयन के दम पर होने की उम्मीद है। क्रिसिल रेटिंग्स के अध्ययन में 15 ईपीसी कंपनियों को शामिल किया गया।

### 14 अगस्त को 'बीबीबी-' से 'बीबीबी' कर दिया था

गौरतलब है कि एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 14 अगस्त को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी-' से बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दिया था। एसएंडपी ने 18 वर्ष में पहली बार भारत की साख को बढ़ाया है। एक अन्य वैश्विक रेटिंग एजेंसी मॉर्निंग डीबीआरएस ने इस वर्ष मई में संरचनात्मक सुधारों का हवाला देते हुए भारत की रेटिंग बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दी थी।

### वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान

एजेंसी ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो वित्त वर्ष 2024-25 के समान है और 2.5 प्रतिशत के 'बीबीबी' औसत से काफी ऊपर है। इसने कहा कि भारत का आर्थिक परिदृश्य समकक्ष देशों की तुलना में मजबूत बना हुआ है, हालांकि पिछले दो वर्ष में इसकी गति धीमी हुई है।

### राजकोषीय मोर्चे पर चिंता जाहिर

एजेंसी ने कहा कि इसमें मजबूत सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, निजी निवेश में वृद्धि और अनुकूल जनसांख्यिकी के कारण मध्यम अवधि में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि क्षमता का अनुमान लगाया गया है। फिच ने कहा, 'यदि प्रस्तावित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार अपनाए जाते हैं, तो इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा तथा वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएंगे।' रेटिंग एजेंसी ने हालांकि 'बीबीबी' वर्ग के देशों की तुलना में उच्च घाटे और कर्ज का हवाला देते हुए फिच ने राजकोषीय मोर्चे पर चिंता जाहिर की है।

## सोना 200 रुपये टूटा, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मंदी के रुख के अनुरूप स्टॉकिस्ट की बिकवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,00,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 150 रुपये टूटकर 99,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले सत्र में यह 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''डॉलर में तेजी और बॉन्ड प्रतिफल में सुधार के कारण सोमवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। संघ के अनुसार, इस बीच चांदी की कीमतें 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं।

## सात साल में महिलाओं की रोजगार दर हुई दोगुनी

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारत में महिलाओं की रोजगार दर पिछले सात वर्षों में लगभग दोगुनी होकर 2023-24 में 40.3 प्रतिशत हो गई है। यह 2017-18 में 22 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने कहा कि इस अवधि में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत पर आ गई।

### त्योहारों के दौरान 'नुकसान' से बचने जल्द लागू हो नई जीएसटी व्यवस्था

**नई दिल्ली।** वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने त्योहारों के दौरान उद्योग को नुकसान से बचाने के लिए नए जीएसटी ढांचे को जल्द लागू करने की मांग की है। इसका कारण ग्राहक नई जीएसटी व्यवस्था के तहत वाहनों की कीमतों में कटौती की उम्मीद में खरीदारी टाल रहे हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय जीएसटी परिषद 3-4 सितंबर को दो-स्तरीय कराधान व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए बैठक करेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को लिखे एक पत्र में फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा कि इस घोषणा ने जमीनी स्तर पर एक चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा कर दी है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जठेड़ी, राई (सोनीपत) में दो सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है। इस पद पर नियुक्ति के इच्छुक उम्मीदवार जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष व शारीरिक रूप से स्वस्थ हों, स्त्री या पुरूष दिनांक 1/9/25 से 8/9/25 तक ग्राम पंचायत जठेडी को आवेदन कर सकता है।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत जठेडी,
खण्ड-राई जिला सोनीपत,
हरियाणा

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस संख्या: **61255697A**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप-135002, द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 61255697A | हाई टेंसाइल ए.ए.आर. एच-टाइप टाइट लॉक कप्लर | 100 सेट्स | 18 सितम्बर 2025 |

**निविदा शर्तें**-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

2576/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

| निविदा संख्या | ओटी-19/2025-26 |
|---|---|
| कार्य का विवरण | 1. प्रोविजन ऑफ ई०सी० सॉकेट ऑन 6 क्वाड केबल इन सरहिन्द-ऊना हिमाचल, अंबाला डिवीजन। 2. टेलीकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6मी x 6मी साइज लिमिटेड हाइट सबवे इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 5, बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी०जी०-एम०आर०एन०डी० सेक्शन टू इलिमनैट लेवल क्रॉसिंग इन द सेक्शन ऑफ एस०एस०ई०/डब्ल्यू/सी०डी०जी० अंडर सीनियर ए०डी०ई०एन०/सी०डी०जी०। 3. टेलीकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6मी x 5मी एल०एच०एस० इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 6, बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी०जी०- एम०आर० एन०डी० सेक्शन ऑफ एस०एस०ई०/डब्ल्यू/ सी०डी०जी० अंडर सीनियर ए०डी०ई०एन०/सी०डी०जी०। 4. टेलीकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6मी x 5मी. साइज एल०एच०एस० इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 7, बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी०जी०- एम०आर०एन०डी० सेक्शन ऑफ एस०एस०ई०/डब्ल्यू/सी०डी०जी० अंडर सीनियर ए०डी०ई०एन०/सी०डी०जी०। 5. टेलीकॉम एसिस्टमेट इन कनेक्शन विद इम्प्रूवमेंट/अपग्रेडेशन एट डी०टी०टी०एस०/के०एल०के० एट के०एल०के०। 6. टेलीकॉम एस्टिमेट इन कनेक्शन विद इम्प्रूवमेंट/अपग्रेडेशन ऑफ सेफ़्टी कैंप डी०एम०पी०। |
| निविदा खुलने की तिथि/समय | 22.09.2025 को 15:00 बजे |
| अनुमानित लागत (₹) | ₹63,50,180.94 — धरोहर राशि (₹) ₹1,27,000/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |


**नोटः** वरि० मंडल सिग० एवं टेली० इंजी०/उ०रे० डी०आर०एम० ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें। 1. टेंडर डाकूमेंट्स व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 2. निविदाकारों को ई-टेंडरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टेंडर नोटिस और टेंडर डाकूमेंट्स में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टेंडर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

**संख्या: एस.डब्ल्यू./सिग/अंबाला/एन०आई०टी०-07/2025-26**
**दिनांक: 25.08.2025** 2581/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## इम्यूनोग्रिट करेगा अजरता-अमरता के वरदान को सिद्धआयुर्वेद हमारी परंपरा और हमारे ऋषि-मुनियों का ज्ञानःआचार्य बालकृष्ण

**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों ने पुनः सिद्ध कर दिया है कि हमारे पौराणिक ग्रंथों में वर्णित अष्टवर्ग जड़ी-बूटियों के द्वारा प्राप्त अजरता-अमरता का वरदान मात्र मिथ्या नहीं हैं, इसमें सत्यता भी निहित है। पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अष्टवर्ग एवं अन्य प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से निर्मित औषधि इम्यूनोग्रिट पर किए गए शोध के द्वारा सिद्ध कर दिया है कि इस औषधि के द्वारा असमय




आने वाले बुढ़ापे को प्रभावी रूप से धीमा किया जा सकता है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि तनाव, चिंता, प्रदूषण और गलत जीवनशैली हमें असमय बुढ़ापे की ओर ले जा रही है। आजकल 35-40 वर्ष की आयु में चेहरे पर झुर्रियां, माथे पर लकीरें होना आम बात हो गई है। एलोपैथिक चिकित्सा और महंगे-महंगे इंजेक्शन द्वारा लोग इस समस्या का अस्थाई समाधान खोजने में लगे हैं।

# आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 329 अंक चढ़ा

## निफ्टी में भी 97 अंकों का रहा उछाल वाहन कंपनियों के शेयरों में भी रही भारी खरीदारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त में रहे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच आईटी और वाहन शेयरों में भारी लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 329 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 98 अंक के लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 329.06 अंक चढ़कर 81,635.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 492.21 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 97.65 अंक बढ़कर 24,967.75 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस




का शेयर सबसे ज्यादा 3.03 प्रतिशत चढ़ा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 2.85 प्रतिशत, एचसीएल टेक 2.6 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 1.32 प्रतिशत के लाभ में रहा।

इसके अलावा, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, मारुति और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।

### बांड के प्रतिफल में गिरावट से बाजार में रही तेजी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'सितंबर में फेडरल रिजर्व की प्रमुख नीतिगत दर में कटौती और उसके बाद अमेरिका में 10-वर्षीय बांड प्रतिफल में गिरावट की संभावना से घरेलू बाजार में सोमवार को तेजी रही। अनुकूल वैश्विक धारणा के चलते आईटी सूचकांक का प्रदर्शन बेहतर रहा।'

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज


## शब्द पहेली - 5969



**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1, 2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

**शब्द पहेली -5968 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5979

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5978 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# किसानों पर आंच नहीं आने देंगे : मोदी

## चाहे कितना भी दबाव आए, हम झेलने की अपनी ताकत बढ़ाते रहेंगे

### अमेरिका भारत पर 27 अगस्त से लगा रहा 50% टैरिफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में कहा, 'मेरे देश के छोटे उद्यमी हों, किसान हों, या पशुपालक हों, सभी के लिए, मैं आपसे बार-बार वादा करता हूं, आपका हित मोदी के लिए सर्वोपरि है।' उन्होंने ट्रम्प के टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा- मेरी सरकार छोटे उद्यमियों, किसानों और पशुपालकों पर कभी कोई आंच नहीं आने देगी। चाहे कितना भी दबाव आए, हम झेलने की अपनी ताकत बढ़ाते रहेंगे।' अमेरिका भारत पर 27 अगस्त से 50% टैरिफ लगा रहा है। उन्होंने अपनी स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, कांग्रेस का जिक्र किया। उन्होंने कहा, दुनिया ने देखा है कि हमने पहलगाम का बदला कैसे लिया। 22 मिनट में सब कुछ साफ कर दिया। गुजरात सुदर्शनधारी और चरखाधारी दो मोहन की धरती है।

**दो दिवसीय गुजरात दौरे पर पहुंचे पीएम**

गुजरात सुदर्शनधारी और चरखाधारी दो मोहन की धरती है।



### 5477 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत की

पीएम 25 और 26 अगस्त को गुजरात दौरे पर हैं। वे शाम 5 बजे अहमदाबाद पहुंचे और नरोडा से निकोल तक करीब 3 किमी लंबा रोड शो किया। उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों को अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्यपाल देवव्रत आचार्य समेत कई नेता मौजूद रहे। उन्होंने 5477 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत की। साबरमती से कटोसन रोड ट्रेन और कार लोडेड ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। गुजरात की ये धरती, दो मोहन की धरती है। एक सुदर्शन चक्रधारी मोहन यानी हमारे द्वारकाधीश श्रीकृष्ण। दूसरे चरखाधारी मोहन यानी साबरमती के संत पूज्य बापू। भारत आज सुदर्शन चक्रधारी मोहन और चरखाधारी मोहन के दिखाए रास्ते पर चलकर निरंतर सशक्त होता जा रहा है।

**दुनिया ने पहलगाम हमले का बदला देखा**

पहले आतंकी हमारा खून बहाते थे और दिल्ली में बैठी कांग्रेस सरकार कुछ नहीं करती थी। लेकिन आज आतंकवादियों और उनके आकाओं को हम छोड़ते नहीं, चाहे वो कहीं भी छुपे हों। दुनिया ने देखा है कि पहलगाम का बदला भारत ने कैसे लिया है। 22 मिनट ही सबकुछ साफ। ऑपरेशन सिंदूर मोहन के भारत की इच्छाशक्ति का प्रतीक बन गया है।

### मेरे लिए किसान व पशुपालक सर्वोपरि

मैं अहमदाबाद की इस धरती से अपने लघु उद्यमियों, दुकानदारों और किसानों-पशुपालकों से कहूंगा। मैं हर किसी के लिए बार-बार वादा करता हूं कि मोदी के लिए आपका हित सर्वोपरि है। मेरी सरकार लघु उद्यमियों का, किसानों का, पशुपालकों का कभी भी अहित नहीं होने देगी। **गुजरात मैन्युफैक्चरिंग हब बना:** आज हर प्रकार की इंडस्ट्री का यहां विस्तार गुजरात की धरती पर हो रहा है। पूरा गुजरात ये देखकर गर्व करता है कि कैसे हमारा राज्य मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है।

**जीएसटी रिफॉर्म से दीवाली पर डबल बोनस मिलेगा**

अब हमारी सरकार जीएसटी में भी रिफॉर्म करने जा रही है। इस बार की दिवाली पर व्यापारी वर्ग हो या फिर हमारे बाकी परिवारजन सबको खुशियों का डबल बोनस मिलेगा।

### 1500 गरीबों को मिलेंगे पक्के घर

## जिसे कोई नहीं पूछता, उसे मोदी पूजता है


पीएम मोदी ने कहा- 11 वर्षों में 3000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। रेलवे का विद्युतीकरण किया गया है। रामापीर पहाड़ियों में 1500 गरीबों को पक्के घर मिलेंगे। पूज्य बापू को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में साबरमती आश्रम का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है। हमारे दो महापुरुष। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बन गई है, मैं उस समय साबरमती आश्रम का जीर्णोद्धार करना चाहता था। जिसे कोई नहीं पूछता, उसे मोदी पूजता है।

### मोदी ने कहा- गुजरात ने विकास के झंडे गाड़ दिए

प्रधानमंत्री मोदी ने अहमदाबाद में कहा- पहले एक ही बात होती थी- मिलें बंद, मिलें बंद। उस समय कांग्रेस सत्ता में थी। आज गुजरात ने हर जगह विकास के झंडे गाड़ दिए हैं। नए उद्योगों की नींव रखी जा रही है। अच्छी कनेक्टिविटी हर किसी के लिए जरूरी है। चाहे वो उद्योग हो, कृषि हो, पर्यटन हो। गुजरात में कनेक्टिविटी बहुत बेहतर हुई है। एसपी रिंग रोड अब सिक्स लेन की बन रही है।

## खबर संक्षेप

### जालंधर में फैक्ट्री से गैस लीक, 30 लोग फंसे!



**जालंधर।** यहां के सर्जिकल कॉम्प्लेक्स में सोमवार को एक फैक्ट्री से अमोनिया गैस लीक हो गई। गैस के लीकेज के समय फैक्ट्री के अंदर कई लोग फंस गए। रेस्क्यू टीम को अंदर फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के लिए प्लांट की एक दीवार तोड़नी पड़ी। सीढ़ियों और क्रेनों नीचे उतारा गया। इसमें 30 लोगों के फंसने की आशंका है।

### पेट्रोल पंप पर युवक को आया हार्ट अटैक, मौत



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। एक पेट्रोल पंप पर बाइक सवार युवक को अचानक हार्ट अटैक आ गया। इसके चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। यह घटना ललितपुर के मड़ावरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सौजना रोड पर हुई हुई है।

### 12वीं की छात्रा की हत्या घर में मारी गोली



**नदिया।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले से हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिले के कृष्णानगर में सोमवार को 12वीं कक्षा की एक छात्रा की उसके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान ईशा मल्लिक के रूप में हुई है, उम्र 18 वर्ष थी। छात्रा मानिकपाड़ा इलाके की रहने वाली थी।

### कार-बाइक की भिड़ंत 4 दोस्तों की मौत



**ग्रेटर नोएडा।** यहां के थाना ईकोटेक-3 से भीषण भिड़ंत की खबर है। कुलेसरा पुस्ता रोड पर बाइक और कार में जबरदस्त टक्कर हुई। इस में बाइक सवार चारों युवकों की मौत हो गई है। उनकी उम्र 16 से 18 साल बताई गई है। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।ईकोटेक-3 के कुलेसरा पुस्ता रोड पर टक्कर हुई।

### विधायक राहुल कांग्रेस की सदस्यता से निलंबित



**बेंगलुरु।** लेखिका हनी भास्करन और मॉडल रिनी एन जॉर्ज की ओर से लगाए गए अश्लील आचरण के आरोपों के बाद कांग्रेस पार्टी ने पलक्कड़ के विधायक राहुल ममकूटाथिल को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। वे विधायक के रूप में कार्य करते रहेंगे। इस्तीफे की मांग के बीच यह निलंबन किया है।

## तीन नए विधेयकों का उद्देश्य 'नैतिकता, स्वच्छ राजनीति और सुशासन' लाना

# 'भ्रष्टाचार के यार' राजनीति में नैतिकता स्थापित करने की कोशिश का कर रहे विरोध : भाजपा

**एसआईआर और संविधान संशोधन पर किया हमला जेल से सरकार चलाना प्रैक्टिकली संभव नहीं**

*भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बोला हमला*

*30 दिनों तक हिरासत में रहने पर पीएम, सीएम और मंत्रियों को पद से हटाने से जुड़े हुए हैं तीन विधेयक*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने संबंधी तीन विधेयकों पर विपक्ष की आपत्ति की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि ''भ्रष्टाचार के यार'' राजनीति में नैतिकता लाने के सरकार के प्रयास का विरोध कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन विधेयकों का उद्देश्य ''नैतिकता, स्वच्छ राजनीति और सुशासन'' लाना है। उन्होंने कहा कि ये राजनीति में भ्रष्टाचार और अपराधीकरण के खिलाफ प्रभावी ढंग से लड़ाई के लिए एक ''हथियार या उपकरण'' के रूप में काम कर सकते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया, ''पूरा देश इन विधेयकों का स्वागत कर रहा है। मुट्ठी भर विपक्षी दल कह रहे हैं कि वे नैतिकता के साथ नहीं, बल्कि बेशर्मी के साथ हैं। वे कह रहे हैं कि वे अपने परिवार के साथ हैं, राजनीति में मर्यादा और सिद्धांतों के साथ नहीं... ये ''भ्रष्टाचार के यार'' विधेयकों का विरोध कर रहे हैं।'

### आलोचना करने वालों को भ्रष्टाचारियों का समूह बताया

पूनावाला ने विधेयकों के खिलाफ विपक्षी दलों के रुख की आलोचना करते हुए उन्हें ''भ्रष्टाचारियों का समूह'' बताया और आरोप लगाया कि वे लोकतंत्र और संविधान को बचाने के नाम पर ''भ्रष्टाचार'' को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''आप (विपक्षी नेता) लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर रहे हैं।

### ये लोग अपने परिवार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को बचा रहे



### क्या ये लाल बहादुर शास्त्री का अनुसरण पेश करें

भाजपा प्रवक्ता ने कहा, ''उनका (दिग्गज नेताओं का) मानना था कि नेता लाल बहादुर शास्त्री के उदाहरण का अनुसरण करेंगे, जिन्होंने केवल एक आरोप के आधार पर इस्तीफा दे दिया था, या लाल कृष्ण आडवाणी और मदन लाल खुराना जैसे नेताओं का, जिन्होंने मामूली आरोपों का सामना होने पर भी पद छोड़ दिया था या केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की तरह, जिन्होंने जेल भेजे जाने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था।''

भाजपा प्रवक्ता ने उक्त विधेयकों की समीक्षा के लिए गठित की जाने वाली संयुक्त संसदीय समिति की कार्यवाही का बहिष्कार करने के लिए तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और आम आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की और कहा कि यह उनकी ''भ्रष्टाचार समर्थक मानसिकता'' को दर्शाता है। उन्होंने तंज कसते हुए सवाल किया, ''कोविड महामारी के दौरान, हर कोई घर से काम कर रहा था। क्या अब देश में 'जेल से काम' की अवधारणा देखने को मिलेगी?

### जनता के समक्ष रुख स्पष्ट करें कि वे किस पक्ष के साथ

पूनावाला ने मांग की कि विपक्षी दल देश की जनता के समक्ष अपना रुख स्पष्ट करें कि वे नैतिकता के किस पक्ष में खड़े हैं। उन्होंने सवाल किया, ''क्या वे लाल बहादुर शास्त्री जी और लाल कृष्ण आडवाणी जी की अटूट निष्ठा और ईमानदारी के साथ खड़े हैं, या सेंथिल बालाजी (तमिलनाडु के पूर्व मंत्री) और अरविंद केजरीवाल की बेशर्मी के साथ खड़े हैं, जिनके पास तिहाड़ से 150 दिनों तक (दिल्ली) सरकार चलाने का अनूठा रिकॉर्ड है।

### ये तीन विधेयक किए पेश

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच लोकसभा में गत बुधवार को 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए। बाद में उनके प्रस्ताव पर सदन ने तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का निर्णय लिया। विपक्षी दल तीन विधेयकों का पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

### आपातकाल के वारिस लोकतंत्र का पाठ पढ़ा रहे

भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ''ये वही लोग हैं जो आपातकाल के सियासी वारिस होने के बावजूद देश को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाने का दावा करते हैं। ये लोकतंत्र की रक्षा की बात तो करते हैं, लेकिन इनका असली इरादा अपने बच्चों का नाम और राजनीतिक भविष्य बचाना है।'' उन्होंने कहा कि पचास साल पहले, कांग्रेस सरकार ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को बचाने के लिए संविधान में संशोधन किया था, क्योंकि उन्हें 'चुनावी धोखाधड़ी' का दोषी ठहराया गया था। पूनावाला ने कहा, '' इसके उलट, मोदी सरकार का मानना है कि अगर प्रधानमंत्री के खिलाफ आरोप लगाए गए और उन्हें 30 दिन जेल में बिताने पड़े तो उन्हें भी पद छोड़ना होगा।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस की बेशर्मी और मोदी जी की ईमानदारी में यही अंतर है।'' भाजपा प्रवक्ता ने संसद की संयुक्त समिति का बहिष्कार करने के लिए तृणमूल कांग्रेस, आप और सपा पर निशाना साधा।

### नेता प्रतिपक्ष ने बोला केंद्र पर हमला

# मोदी सरकार वोट चोरी करके सत्ता में आई : राहुल गांधी



एसएससी के प्रदर्शनकारियों पर पुलिस बल प्रयोग की निंदा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों पर पुलिस के कथित बल प्रयोग की सोमवार को निंदा करते हुए इसे शर्मनाक करार दिया और आरोप लगाया कि मोदी सरकार को देश के युवाओं की चिंता नहीं है क्योंकि वह वोट चुराकर सत्ता में आई है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी कथित बल प्रयोग की निंदा की और दावा किया कि देश के युवाओं का भविष्य चोरी करना मोदी सरकार की आदत बन चुकी है। परीक्षा के बेहतर संचालन की मांग को लेकर एसएससी के छात्रों और शिक्षकों ने रविवार को रामलीला मैदान में विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज करने के विपक्षी दलों के दावों का खंडन किया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर बर्बर लाठीचार्ज शर्मनाक ही नहीं, बल्कि एक डरपोक सरकार की पहचान है।'' उन्होंने कहा, ''युवाओं ने सिर्फ़ अपना हक़ मांगा था - रोज़गार और न्याय। मिली क्या? लाठियां।'

### आपकी आवाज़ कुचल देंगे

राहुल गांधी ने आरोप लगाया, ''साफ़ है कि मोदी सरकार को न देश के युवाओं की चिंता है, न उनके भविष्य की। हो भी क्यों? यह सरकार जनता के वोटों से नहीं, बल्कि वोट चुराकर सत्ता में आई है।'' उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा और दावा किया, ''पहले वोट चुराएंगे, फिर परीक्षा चुराएंगे, फिर नौकरियां चुराएंगे, फिर आपका हक़ और आवाज - दोनों कुचल देंगे।'' राहुल गांधी ने कहा, ''युवाओं, किसानों, गरीबों, बहुजनों और अल्पसंख्यकों, आपका वोट इन्हें चाहिए ही नहीं, इसलिए आपकी मांगें कभी इनकी प्राथमिकता नहीं होंगी। अब वक्त है - डरने का नहीं, डटकर मुकाबला करने का।'' खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''देश के युवाओं का भविष्य चोरी करना मोदी सरकार की आदत बन चुकी है। परीक्षाओं में धांधली का विरोध कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज घोर निंदनीय है।'

# यू-ट्यूबर्स कंटेंट के लिए सार्वजनिक तौर पर मांगें माफी : सुप्रीम कोर्ट

## केंद्र सरकार सख्त दिशा निर्देश बनाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कॉमेडियन्स और यूट्यूबर्स को सख्त निर्देश देते हुए दिव्यांगों पर आपत्तिजनक कंटेंट न बनाने की चेतावनी दी है। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि अगर ऐसा कोई कंटेंट बनाया गया है तो तुरंत इसके लिए माफी मांगी जाए। स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना के मामले से जोड़ते हुए कोर्ट ने कहा है कि अगर ऐसा कभी भी हुआ तो यूट्यूबर्स और इन्फलुएंसर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने समय रैना समेत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को आदेश दिया है कि वो दिव्यांगों का मजाक उड़ाने के लिए अपने पॉडकास्ट और कार्यक्रमों में सार्वजनिक माफी मांगें।

- **दिव्यांगों का मजाक उड़ाने पर इलाहाबादिया और रैना को लगाई फटकार**



### जुर्माना लगाया जाएगा

*कोर्ट ने कहा कि दिव्यांगों का अपमान करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा, चाहे वो सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ही क्यों न हों। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि ऐसे बयानों और कंटेंट पर रोक लगाने के लिए स्पष्ट गाइडलाइंस बनाई जाएं। जिनमें दिव्यांग, महिलाएं, बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों का मजाक उड़ाया जाता है या उन्हें नीचा दिखाया जाता है।*

### सरकार व्यापक ढांचा तैयार करे

*नियम बनाते समय जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाना चाहिए*

कोर्ट ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया के लिए नियम बनाते समय जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाना चाहिए, बल्कि सभी पक्षों की राय लेकर व्यापक ढांचा तैयार किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार किसी भी ऐसे कमर्शियल कंटेंट पर लागू नहीं हो सकता, जिससे किसी समुदाय की भावनाएं आहत हों। इसके साथ ही कोर्ट ने 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो के होस्ट समय रैना की माफी पर नाराजगी जताई।

### संविधान संशोधन बिल पर सत्तापक्ष और विपक्ष में तकरार

# राउत बिल पर बनी जेपीसी का हिस्सा नहीं होंगे, सरकार लोकतंत्र को कुचलने में लगी


## समिति को बताया मात्र दिखावा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 पर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का हिस्सा नहीं होगी। राउत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस विधेयक के जरिए लोकतंत्र और चुनी हुई सरकारों को कुचलना चाहती है। उन्होंने लिखा कि मोदी सरकार संविधान संशोधन लाकर लोकतंत्र और जनता द्वारा चुनी गई सरकारों को खत्म करना चाहती है। इस विधेयक की समीक्षा के लिए बनाई गई जेपीसी केवल एक दिखावा है।

### ओवैसी बोले- क्या प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति हटा सकते हैं?



संशोधन विधेयक पर हैदराबाद सांसद ओवैसी ने सवाल खड़ा किया है। उन्होंने पूछा कि सारी सरकारी एजेंसियों की नियुक्ति और तैनाती केंद्र सरकार के आदेश पर होती है। जब तक इनकी नियुक्ति स्वतंत्र रूप से नहीं होती तब तक यह केंद्र के अधीन ही काम करेंगी। अब सबसे बड़ा सवाल यही उठेगा कि आखिर यह सरकार के इशारे पर काम करती हैं? इतना ही नहीं ओवैसी ने संविधान का हवाला देते हुए पूछा कि मंत्री परिषद के परामर्श पर काम करने वाले राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को कैसे हटा सकते हैं?

### रूस में भारत के राजदूत की दो टूक

# जहां भी हमें 'बेस्ट डील' मिलेगी हम वहां से तेल खरीदेंगे : विनय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारत पर कल यानी बुधवार से पूरी तरह से लागू होने वाले अमेरिका के 50 फीसदी पारस्परिक टैरिफ के बीच घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहमागहमी तेज हो गई है। जिसमें एक ओर रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार का दिया एक ताजा बयान संचार माध्यमों पर जबरदस्त वायरल हो रहा है। जिसका सार ये है कि 'दुनिया में जहां कहीं से भी भारतीय कंपनियों को तेल के संबंध में बेहतरीन सौदा (बेस्ट डील) मिलेगा, वो वहां से लगातार तेल की खरीद करेंगी'। इन सबके बीच टैरिफ के भारतीय निर्यातकों पर पड़ने वाले प्रभावों की समीक्षा के लिए 26 अगस्त को केंद्र सरकार द्वारा एक उच्च-स्तरीय बैठक भी बुलाई गई है। दूसरी ओर अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के तेल व्यापार से जुड़े राजस्व में कमी करके उसे यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए मजबूर करने के मकसद से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है।

### शिक्षा मंत्री प्रधान ने की आईआईटी काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता

# संस्थान आत्मनिर्भर भारत को साकार और प्रगति का नेतृत्व करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 56वीं आईआईटी काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने जोर दिया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों को और अधिक समावेशी, शोध-केंद्रित और 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप बनाया जाए। बैठक में तय रोडमैप का मकसद है कि वर्ष 2047 तक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों भारत की वैज्ञानिक और सामाजिक प्रगति का नेतृत्व करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के विज़न को साकार करने में योगदान दें।

**21 वीं सदी की जरूरतों पर खरे उतरें सभी संस्थान**

**56 वीं आईआईटी काउंसिल बैठक में बोले केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### 25 वर्षों का रोडमैप तय किया गया



प्रधान ने एक्स पर लिखा, 56वीं आईआईटी काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता कर खुशी हुई। इसमें अकादमिक प्रगति की समीक्षा और आने वाले 25 वर्षों का रोडमैप तय किया गया। खास तौर पर, आईआईटीज़ को और अधिक समावेशी, शोध-आधारित और 21वीं सदी की जरूरतों के हिसाब से तैयार करने पर चर्चा हुई। ये प्रतिष्ठित संस्थान वर्ष 2047 तक भारत की वैज्ञानिक, तकनीकी और सामाजिक प्रगति का नेतृत्व करेंगे। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस भाषण में बताए गए रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप होगा।

**उच्च शिक्षा प्रणाली का गहना बना आईआईटी**

मंत्री प्रधान ने आईआईटी संस्थानों को उच्च शिक्षा प्रणाली का गहना बताया। उन्होंने कहा कि समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने में आईआईटी संस्थान केंद्रीय भूमिका निभाएंगे।

### आईआईएम बिल को बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

इससे पहले, 20 अगस्त को प्रधान ने संसद में पारित भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया था। लोकसभा ने 19 अगस्त को गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना के लिए विधेयक पारित किया था।प्रधान ने इस बारे में एक्स पर लिखा, असम के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। संसद में भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित होने के बाद असम को गुवाहाटी में पहला आईआईएम मिला है। केंद्र सरकार, असम सरकार और उल्फा के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते का यह नतीजा है। आईआईएम गुवाहाटी उच्च शिक्षा में क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करेगा, विश्वस्तरीय प्रबंधन शिक्षा और शोध को बढ़ावा देगा और पूर्वोदय की सोच के अनुरूप 'अष्टलक्ष्मी' के विकास में योगदान देगा।

चिंतन

# साल दर साल आने वाली बाढ़ का जिम्मेदार कौन

भारत न केवल सांस्कृतिक विविधताओं का देश है बल्कि प्राकृतिक आपदाओं से भरा भी है। यहां हर साल बाढ़ से भारी आर्थिक नुकसान होता है। सैकड़ों लोगों की बाढ़ की चपेट आकर मौत हो जाती है। हर साल हर राज्य में बाढ़ बचाव के नाम पर अरबों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन बरसात आते ही सारे इंतजाम धरे के धरे रहे जाते हैं। बाढ़ की वजह से लाखों, करोड़ों नहीं बल्कि अरबों की संपत्ति का नुकसान हर साल होता है। लाखों की संख्या में लोग बेघर हो जाते हैं। हर साल बाढ़ के चलते बड़े पैमाने पर किसान तबाह होते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में बाढ़ के चलते हर दशक लगभग 567 खरब रुपये का नुकसान होता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 1978 में बाढ़ से बचाव के लिए 1727.12 करोड़ रुपये की परियोजना बनाई थी। वहीं, यह 2019 में बढ़कर 13238.36 करोड़ रुपये का हो गया। जबकि 2024 में यह बजट 11500 करोड़ रुपये था। वर्ष 2024 में संसद में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री ने राज्यसभा में बताया कि 1953-2017 तक बारिश और बाढ़ की वजह से देश को 3,65,860 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और 1,07,487 लाख लोग बाढ़ और बारिश की वजह से मारे गए। मतलब हर साल 5628.62 करोड़ रुपये का आर्थिक और 1700 लोग की मौत का नुकसान उठाने को हम भारतीय अभिशप्त हैं, लेकिन बाढ़ है कि साल दर साल विकराल रूप धारण करती जा रही है। इसी साल अब तक मानसून के मौसम में हजारों लोग बाढ़ या बादल फटने के कारण जान गंवा चुके हैं। राजस्थान के कई इलाकों में पिछले 2 दिन से भारी बारिश हो रही है। जयपुर, सीकर के कई इलाकों में पानी भर गया है। सीकर रेलवे स्टेशन पर ट्रैक डूब गया। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर 23 अगस्त से पानी भरा हुआ है। खेरवाड़ा-झाड़ोल मार्ग सोम नदी का पानी आने से बंद है। सवाई माधोपुर में बारिश के बाद करीब 50 फीट जमीन धंस गई है। उतरप्रदेश में बारिश से चंदौली में घाघरा नदी पर बना मुसाहिबपुर बांध अचानक टूट गया। इसका पानी 5 गांवों में घुस गया है। उत्तराखंड में यमुनोत्री नेशनल हाईवे लैंडस्लाइड की वजह से बंद हो गया है। यह भूस्खलन बाणस के पास हुआ, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं, बिहार के पटना में सोमवार सुबह मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। वहीं, झारखंड में हो रही बारिश के कारण नालंदा में नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ के हालात हैं। हिमाचल, उतराखंड़ में बार-बार बादल फटने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इकोनॉमिक लॉसेज, पॉवर्टी एंड डिजास्टर 1998-2017 नाम से जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बाढ़ और सूखा ये ऐसी प्राकृतिक आपदा हैं जो एक बड़ी आबादी को गरीबी की ओर धकेलती हैं। ऐसा नहीं है कि इसके लिए केवल केंद्र या राज्य सरकारें जिम्मेदार हैं। आप और हम भी बाढ़ और जलभराव के लिए जिम्मेदार हैं। हम लोगों ने अपनी सुविधा के लिए जल संचय के संसाधनों को पाट दिया है। तालाब और झीलें बीते जमाने की कहानियां बनकर रह गई हैं। बढ़ती आबादी और आधुनिकता की दौड़ में हम भूल गए कि मानसून में जो पानी बरसेगा, वो जाएगा कहां। पहले हर गांव में एक बड़ा तालाब होता था। जहां बरसात का पानी न केवल संचित होता था बल्कि सालभर खेती व अन्य जरूरतों में उपयोग भी किया जाता था। हमें एक बार फिर उसी ओर मुड़ने की जरूरत है तभी हम बाढ़ जैसी आपदाओं से कुछ हद तक निपट सकते हैं।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# ब्याज दरों में कटौती का वैश्विक प्रभाव

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने फेडरल रिजर्व की सालाना सभा में कहा है कि फेडरल रिजर्व के सितंबर महीने की 16-17 तारीख को होने वाली प्रस्तावित बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। पावेल के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति से अमेरिका में महंगाई बढ़ने का अंदेशा बढ़ा है, क्योंकि कई आवश्यक उत्पादों का निर्यात भारत समेत कई दूसरे देश अमेरिका को करते हैं, लेकिन टैरिफ से उनकी कीमत में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। कई देश मुद्रास्फीति और रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में विकास की गति को तेज करने के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंक आने वाले महीनों में नीतिगत दरों में कटौती कर सकते हैं।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने 22 अगस्त को फेडरल रिजर्व की सालाना सभा में कहा कि फेडरल रिजर्व के सितंबर महीने की 16-17 तारीख को होने वाली प्रस्तावित बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। श्री पावेल के अनुसार अमेरिका में रोजगार संकट का दौर चल रहा है। हाल के महीनों में कामगारों की मांग और आपूर्ति दोनों में उल्लेखनीय कमी आई है। खास करके जुलाई महीने में पिछले महीनों की तुलना में रोजगार में वृद्धि पहले की तुलना में काफी कम हुई है। साथ ही, आगामी महीनों में भी कामगारों की छंटनी की संभावना बनी हुई है। पावेल के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति से अमेरिका में महंगाई बढ़ने का अंदेशा बढ़ा है, क्योंकि कई आवश्यक उत्पादों का निर्यात भारत समेत कई दूसरे देश अमेरिका को करते हैं, लेकिन टैरिफ से उनकी कीमत में कई गुना बढ़ोतरी हुई है।

पॉवेल ने यह भी कहा कि टैरिफ का असर अब उपभोक्ता कीमतों पर साफ-साफ़ परिलक्षित हो रहा है, लेकिन यह प्रभाव ज्यादा समय तक बना नहीं रहेगा। हालांकि,उन्होंने यह भी कहा कि टैरिफ से महंगाई डायन का प्रकोप लंबे समय तक बना रह सकता है। न्यूज एजेंसी ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक भी अमेरिका में रोजगार एवं महंगाई जनित जोखिमों को नियंत्रित करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण नीतिगत ब्याजों दरों में कटौती की जरूरत महसूस की जा रही है। वैसे, निवेशकों को पहले से उम्मीद थी कि फेडरल रिजर्व सितम्बर में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, लेकिन पावेल के ताजा बयान से यह लगभग निश्चित हो गया है कि सितम्बर में फेडरल रिजर्व नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करेगा। वैसे, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भी फेडरल रिजर्व पर ब्याज दरों में कटौती के लिए दबाव बना रहे हैं, ताकि अमेरिका विकास की धीमी गति या मंदी के दौर से बाहर निकल सके। फेडरल रिजर्व के अनुसार बेरोजगारी दर कम होने और सिर्फ महंगाई की आशंका से नीतिगत ब्याज दरों में इजाफा नहीं किया जाएगा, लेकिन अगर कामगारों की छंटनी होगी या अन्य कारणों से महंगाई बढ़ेगी तब निश्चित रूप से ब्याज दरों को बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। पॉवेल ने 2 प्रतिशत महंगाई लक्ष्य को बनाए रखने पर जोर दिया है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व को दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों का अगुवा माना जाता है, जिसका सबसे बड़ा कारण अमेरिकी डॉलर का दुनिया के सबसे मजबूत करेंसियों में से एक होना और सामरिक और आर्थिक दृष्टिकोण से अमेरिका का दुनिया का सबसे मजबूत देश होना है। अमूमन, फेडरल रिजर्व के नक्शे-कदम पर दुनिया भर के केंद्रीय बैंक चलते हैं। वैसे, सभी देशों की आर्थिक स्थिति अलग-अलग होने के कारण कभी-कभी कुछ देशों के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व से इतर निर्णय लेते हैं। कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाये तो भारत भी फेडरल रिजर्व द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुरूप कदम उठाता रहा है। फेडरल रिजर्व के मौजूदा रुख से माना जा रहा है कि दुनिया के प्रमुख देशों के केंद्रीय बैंक आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में नीतिगत ब्याज दरों को यथावत रखेंगे या ब्याज दरों में कटौती करेंगे।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने 6 अगस्त की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर को 5.50% पर बरक़रार रखा,



जबकि स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 5.25% पर और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) व बैंक दर 5.75%के स्तर पर रही। राजग सरकार और रिजर्व बैंक विकास दर में तेजी लाना चाहते हैं, जिसके लिए रेपो दर को यथावत रखना या कम करना जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक समीक्षा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के 3.1% के स्तर पर रहने का अनुमान जताया, जो पिछले अनुमानों से कम है, जबकि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को 6.5% पर बरकरार रखा है, यह केंद्रीय बैंक की मुद्रास्फीति प्रबंधन के प्रति सतर्क दृष्टिकोण को दर्शाता है। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि मजबूत निजी खपत और सरकारी पूंजीगत व्यय की वजह से घरेलू विकास लचीला बना हुआ है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक स्तर पर बने कारोबारी तनाव विकास के मार्ग में अवरोध पैदा करते रहेंगे, लेकिन रिजर्व बैंक इस पर नियंत्रण रखने में कामयाब रहेगा ऐसी आशा है। अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर को कम करने के प्रस्ताव के पीछे मुख्य कारण अमेरिका में संभावित आर्थिक मंदी, कारोबारी जंग, फेडरल रिजर्व की महंगाई और रोजगार संकट के प्रति बढ़ती आशंका आदि हैं, क्योंकि अभी अमेरिका में विकास की गति धीमी है और इसमें तेजी लाने के लिए नीतिगत ब्याज दरों को कम करना जरूरी है। माना जा रहा है कि ब्याज दरों में कटौती से उधारी का उठाव बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

अमेरिका की तरह चीन में भी उत्पादन, खपत आदि मापदंडों की वृद्धि गति अपेक्षा से अधिक धीमी है। वहां, जीडीपी वृद्धि वर्ष 2024 में 5% रही थी, जबकि वर्ष 2025 में इसके 3.95% रहने की संभावना है। चीन में जुलाई महीने में मुद्रास्फीति 0 प्रतिशत रही, जो सितम्बर 2022 में 2.8 प्रतिशत रही थी, जबकि वर्ष 2024 में वहां औसत वार्षिक मुद्रास्फीति 2.8 प्रतिशत रही। विकास दर में तेजी लाने के लिए चीन का केंद्रीय बैंक, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने उधारी दरों में हाल में कटौती की है, ताकि विकास की गति में तेजी आये। चीन सुशासन की समस्या से भी जूझ रहा है, जिसके कारण विदेशी निवेशक वहां निवेश करने से परहेज कर रहे हैं और कुछ निवेशक भारत का रुख कर रहे हैं। सांख्यिकी कार्यालय यूरोस्टेट के जुलाई के आंकड़ों के अनुसार यूरोपीय संघ में 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 1.0% रही थी, जबकि 2023 में यह 0.7% रही थी, वहीं, 2025 में यूरो जोन में महंगाई दर 2.0% रही थी। यूरोपीय संघ में यह 2.3% रही थी। यूनाइटेड किंगडम (यूके) में मुद्रास्फीति दर जुलाई 2025 में 3.8% रही, जबकि जून 2025 में यह 3.6% रही थी। वहीं, वहां विकास दर 2025 की दूसरी तिमाही में 0.3% रही, जबकि 2025 की पहली तिमाही में यह 0.7% रही थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) ने वर्ष 2025 के लिए वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमान को कम करके 2.8% कर दिया है, जबकि वर्ष 2026 के दौरान इसके 3.0% रहने का अनुमान जताया गया है। वर्ष 2025 में अमेरिका में 1.8% की दर से वृद्धि होने का अनुमान है, जो अपेक्षा से बहुत कम है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में भी कमी आने का अनुमान है। वर्ष 2025 में ऐसे देशों में विकास दर 3.7% रह सकती है, जो वैश्विक औसत 2.8% से अधिक है। कहा जा सकता है कि आज भी कुछ अपवादों को छोड़कर दुनिया के सभी देश फेडरल रिजर्व की नीतियों का अनुसरण करते हैं। भारत को छोड़कर दुनिया के सभी प्रमुख देशों की विकास दर धीमी है। कई देश मुद्रास्फीति और रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में विकास की गति को तेज करने के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंक आने वाले महीनों में नीतिगत दरों में कटौती कर सकते हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श
सपना बंसल



# शिक्षण प्रणाली में ठहराव नहीं, बदलाव की जरूरत

वर्तमान में भारत तरक्की और सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इतिहास के पन्नों पर नजर डालें तो पाएंगे कि कदापि एक दौर ऐसा भी था, जब हमारे नेतृत्व कौशल पर न केवल सवाल उठाए जाते थे अपितु हिंदुस्तान पर विदेशी ताकतों का हुकूमत करना भारतीयों के नेतृत्व कौशल की कमी दर्शाता था। आज सभी भारतवासी गौरवान्वित महसूस करते हैं, जब सुर्खियों में पाते हैं कि पश्चिमी देश भारत की अगुवाई में अपना मार्गदर्शन करना चाहते हैं। संभवतः यह एक सुखद अहसास भी दिलाता है, परंतु यहां प्रश्न यह है कि क्या सड़कें, बंदरगाहों, हवाई अड्डे जैसे फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की संरचना से हम उस मुकाम को हासिल कर सकते हैं जिसके सही मायने में हम हकदार हैं। समृद्ध, सक्षम, समर्थ राष्ट्र के निर्माण में कदापि आवश्यकता है तो (ह्यूमन इंफ्रास्ट्रक्चर) कुशल शिक्षित युवाओं की। हमें आज लाखों ऐसे युवा चाहिए जिनमें सोचने-समझने की क्षमता दूरदृष्टि और एक बेहतर कल के निर्माण की क्षमता हो। मैं यहां यह नहीं कह रही कि भारत में मेधावी और होनहार छात्र नहीं हैं, इस बात में कोई संकोच नहीं है कि भारत के छात्र ही यूनिकॉर्न के संस्थापक, इन्वेंटर्स, शीर्ष वकील और सर्जन बने हैं लेकिन वह अपवाद हैं। जब सभी छात्रों की बात आती है तो चीज इतनी उजली नहीं लगती। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि आधे से अधिक भारतीय स्नातक बेरोजगार हैं। ऐसा क्यों है, यकीनन इसका अधिकांश श्रेय हमारी शिक्षण प्रणाली को जाता है क्योंकि बदलते परिवेश में परंपरागत रुढ़िवादी शिक्षण प्रणाली युवाओं के लिए कारगर साबित नहीं हो सकती। आज का युवा मोबाइल, लैपटॉप और यूट्यूब की वीडियो से पढ़ना चाहता है, किंतु यूट्यूब पर देखी हुई वीडियो बौद्धिक गहराई, एकाग्रता और संज्ञानात्मक रूप में पिछड़े रूप में होती है। इसका यह तात्पर्य यह नहीं कि हम उन्हें चौक बोर्ड पर पढ़ायें, यह आज का युवा है 'जेनरेशन जेड' जो मानसिक विकास लिए हुए ही पृथ्वी पर



उत्पन्न हुआ है । जिनके लिए हमें शिक्षण के तरीके,पाठ्यक्रम की रूपरेखा और तकनीकी को बदलना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब हमारी कमाई का एक चौथाई हिस्सा नवीनतम और अच्छी शिक्षा पाने के लिए विदेशों में खर्च हो जाएगा। रिसर्च सेंटर 2023 की रिपोर्ट के अनुसार उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए 1.8 मिलियन भारतीय युवा अमेरिका, कनाडा और यूरोप पहुंच रहे हैं। निसंदेह वहां की पढ़ाई विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करती होंगी, जैसा कि कनाडा में पोस्ट ग्रेजुएशन वर्क परमिट प्रोग्राम (पीजीडब्ल्यूपी) अमेरिका और यूरोप की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और बेहतरीन अनुसंधान के अवसर भारतीय युवाओं को आकर्षित करते हैं। कदापि यह विकल्प न ही समाज और उनके परिवार के हित में है और ना ही देश हित में। उच्चतर शिक्षण संस्थानों की श्रेणी में भारत विश्व का सबसे बड़ा पारिस्थितिक तंत्र संभाले हुए है परंतु उसे गुणवत्ता, गुणात्मक अनुसंधान और पहुंच संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चीन ने जिस युवा आबादी की ताकत से आर्थिक उड़ान भरी थी, आज वो हमारे पास है। जहां 33 साल पहले (1992) चीन खड़ा था, आज हम वहीं पर हैं। चीन की आबादी में 85 प्रतिशत लोग वर्कफोर्स में शामिल थे। आज हमारे 52 प्रतिशत ही वर्कफोर्स का हिस्सा हैं यानी बेहतर शिक्षा और स्किल ट्रेनिंग के दम पर हम 30 प्रतिशत लोग वर्कफोर्स में और जोड़ सकते हैं और भारत की अर्थव्यवस्था बुलंदियों पर पहुंचा सकते हैं। अगर कार्यशील आयु वर्ग के लोगों को समय रहते आवश्यक कौशल प्राप्त नहीं होगा, तो वे अर्थव्यवस्था के लिए उत्पादक नहीं बन पाएंगे, जिससे जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा। भारत के पास दो दशक ही बाकी हैं, इस लाभांश को प्राप्त करने के लिए। इसके लिए सरकार को शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, और रोज़गार सृजन पर ज़ोर देना होगा ताकि देश के युवा कार्यबल को पूरी तरह से नियोजित किया जा सके। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी युवा आबादी को अच्छी शिक्षा और प्रशिक्षण मिले, जिससे वे भविष्य के कार्यबल के लिए तैयार हो सकें। सारांश रूप में हम कह सकते हैं कि वर्तमान में शिक्षण प्रणाली में ठहराव नहीं, बल्कि बदलाव की जरूरत है।

( लेखिका सहायक प्राध्यापिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व



संकलित
दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है। स्वाभाविक है कि इससे टकराव बढ़ेगा।

## गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थी गंगा



संकलित
प्रेरणा

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### राहुल और तेजस्वी पारिवारिक विरासत सम्भाल रहे


राहुल और तेजस्वी यादव का बहुत गहरा याराना है। दोनों ही नेताओं के बीच बिहार में मतदाता सूची को लेकर काफी चिंता है। तेजस्वी की राह पर राहुल चल रहे हैं। कांग्रेस-राजद गठबंधन नही है,लेकिन डूबते को तिनके का सहारा मिल गया। बिहार में नया राजनीतिक प्रयोग प्रारंभ हुआ है। लेकिन ये दोनों परस्पर विरोधी गठबंधन थे। कांग्रेस का वर्चस्व 1967 में टूटा। तब गैर कांग्रेस वाद का प्रयोग प्रारंभ हुआ। उसी के राजनीतिक परिणाम है, लालू प्रसाद यादव। उस प्रयोग ने ही अनेक टेढ़े-मेडे खतरनाक रास्ते पार किए। कांग्रेस को हासिए पर पहुंचा दिया। उसे भुलाना लालू के लिए आसान नहीं है,लेकिन तेजस्वी को उसको याद भी नहीं है। उनकी पारिवारिक विरासत राहुल संभाल रहे हैं, राजनीतिक विरासत नहीं। यही बात तेजस्वी यादव पर भी लागू होती है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### चीन ने शिपकी-ला के रास्ते व्यापार पर सहमति जताई

चीन ने अपने विदेश मंत्री वांग यी की हालिया भारत यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में शिपकी-ला के रास्ते व्यापार फिर से शुरू करने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है।




हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक बयान में यह जानकारी दी। यह व्यापार कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में स्थगित कर दिया गया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्य सरकार को बताया कि भारत सरकार ने तीनों बिंदुओं - शिपकी-ला (हिमाचल प्रदेश), लिपुलेख (उत्तराखंड) और नाथू ला (सिक्किम) के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने के लिए चीन के साथ चर्चा शुरू कर दी है। बयान में कहा गया, 'शिपकी-ला (किन्नौर) के रास्ते चीन के साथ व्यापार फिर से शुरू करने के लिए हिमाचल सरकार लगातार प्रयास कर रही थी, जिसके उत्साहजनक नतीजे सामने आए हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी की हालिया भारत यात्रा के दौरान चीन सरकार ने इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है।' राज्य सरकार ने कहा कि यह सफलता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के व्यक्तिगत हस्तक्षेप के कारण मिली, जिन्होंने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर ऐतिहासिक भारत-तिब्बत व्यापार मार्ग को फिर से खोलने का आग्रह किया था।

## ऑफ बीट

### कम पानी पीने से आ सकता है तनाव, संभालने में दिक्कत

अधिकांश लोग जानते हैं कि उन्हें अधिक पानी पीना चाहिए, लेकिन हमारे नये अध्ययन से पता चलता है कि कम पानी पीने का एक अप्रत्याशित परिणाम यह



हो सकता है : इससे रोजमर्रा के तनाव को संभालना काफी कठिन हो सकता है। 'जर्नल ऑफ एप्लाइड फिजियोलॉजी' में प्रकाशित हमारे अध्ययन में पाया गया कि जो लोग प्रतिदिन 1.5 लीटर से कम पानी पीते हैं, उनमें तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने पर 'कोर्टिसोल' का स्तर नाटकीय रूप से बढ़ जाता है। 'कोर्टिसोल' शरीर का प्राथमिक तनाव हार्मोन होता है। इस निष्कर्ष से पता चलता है कि लम्बे समय तक पानी की कमी तनाव की प्रतिक्रिया को उस तरह बढ़ा सकती है, जिसे हम अभी समझना शुरू ही कर रहे हैं। हमने स्वस्थ युवा वयस्कों को उनके सामान्य तरल सेवन के आधार पर दो समूहों में विभाजित करके उनका परीक्षण किया। एक समूह प्रतिदिन 1.5 लीटर से भी कम पानी पीता था, जबकि दूसरे समूह ने महिलाओं के लिए लगभग दो लीटर और पुरुषों के लिए 2.5 लीटर की मानक अनुशंसाओं को पार कर लिया। एक सप्ताह तक इन पैटर्न को बनाए रखने के बाद, प्रतिभागियों को सार्वजनिक भाषण और मानसिक अंकगणित से संबंधित एक 'प्रयोगशाला तनाव परीक्षण' का सामना करना पड़ा।

## ट्रेंड

### विमलेंद्र का निधन दुःखद



राजसदन अयोध्या के मुखिया, राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का निधन अत्यंत दुःखद है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य के रूप में उनका योगदान अविस्मरणीय है। प्रभु श्री राम उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### लाठीचार्ज शर्मनाक



रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर बर्बर लाठीचार्ज - शर्मनाक ही नहीं, एक डरपोक सरकार की पहचान है। युवाओं ने सिर्फ़ अपना हक़ मांगा था- मिली क्या? लाठियां।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### यमुना नदी की सफाई



मां यमुना अब स्वच्छ होगी। अभी तक दिल्ली में विपक्ष के समर्थन वाली सरकार थी। वर्तमान दिल्ली सरकार ने हरियाणा के साथ मिलकर यमुना नदी की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। 4 माह में 16,000 मीट्रिक टन कचरा साफ किया है।

- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### अपराधी कहना अनुचित



लोग जिन्हें दिशोम गुरु कहते हैं, वह कई गंभीर आपराधिक मामलों में तिहाड़ जेल में बंद रहे। सूर्या हांसदा पर भी अनेक मामलों में आरोप लगे। झामुमो द्वारा उन्हें अपराधी कहना अनुचित है। किसी को अपराधी घोषित करने का अधिकार केवल न्यायालय के पास है, जनप्रतिनिधियों के पास नहीं।

- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### महिला क्रिकेट विश्व कप : पाकिस्तान की टीम घोषित फातिमा सना को कमान

**लाहौर।** हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली बल्लेबाज इमन फातिमा को भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप के लिए फातिमा सना की कप्तानी वाली 15 सदस्यीय पाकिस्तानी टीम में शामिल किया गया है। इमन ने मई में पाकिस्तान के राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट में भी शानदार प्रदर्शन किया था। पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के लिए खेल चुकी 23 वर्ष की सना 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट में पहली बार कप्तानी करेंगी। आईसीसी क्वालीफायर खेल चुकी पाकिस्तानी टीम में दो बदलाव करते हुए गुल फिरोजा और नजीहा अल्वी की जगह इमन और सदफ को शामिल किया गया है। फिरोजा, अल्वी, तुबा हसन, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर रिजर्व खिलाड़ी होंगे।

### टेस्ट क्रिकेट चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला : रोहित

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर के कुछ पहलुओं पर विचार करते हुए कहा कि यह प्रारुप चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला है लेकिन उन्होंने अपनी तैयारी पर ध्यान देकर खुद को टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए तैयार किया। रोहित ने इस साल मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने 67 टेस्ट मैच में 40.58 की औसत से 4301 रन बनाए। उन्होंने इससे एक साल पहले टी20 विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप से संन्यास ले लिया था।



### एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 15 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** अगले महीने टोक्यो में होने वाली एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में लगभग 15 भारतीय खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है जबकि हंगरी में 2023 विश्व चैंपियनशिप में देश के 28 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। बुडापेस्ट में 2023 में हुए विश्व चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में स्वर्ण जीता था। देश के रिले दौड़ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद नहीं होने के कारण, विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीयों की संख्या में कमी आई है। भारत ने 2023 में पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले के लिए सात धावक नामित किए थे और चौकड़ी ने तत्कालीन एशियाई रिकॉर्ड कायम किया था।

### प्रज्ञानानंदा ने खेला लगातार पांचवां ड्रा

**सेंट लुइस (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के छठे दौर में पोलैंड के जान क्रिस्टोफ डुडा से ड्रॉ खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। प्रज्ञानानंदा का यह लगातार पांचवां ड्रॉ था। अब उनके छह मुकाबलों में 3.5 अंक हैं। अमेरिका के फेबियानो कारुआना चार अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा के साथ अमेरिका के लेवोन आरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। विश्व चैंपियन डी. गुकेश, अमेरिका के वेसली सो और सैमुअल सेवियान, फ्रांस के अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

# सीएएफए नेशन्स कप: कोच जमील के मार्गदर्शन में पहला टूर्नामेंट खेलेगी भारतीय टीम

## गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की वापसी, ताजिकिस्तान में 29 अगस्त से शुरू होगी स्पर्धा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेंगलुरु। भारतीय फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने 29 अगस्त से शुरू हो रहे सीएएफए नेशन्स कप के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। राष्ट्रीय टीम का जमील के मार्गदर्शन में यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए ताजिकिस्तान जाएगी, जहां उसे ग्रुप बी में मेजबान, गत चैंपियन ईरान और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है। गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की टीम में वापसी हुई है।

### ईरान के खिलाफ 1 को मुकाबला

भारत मेजबान ताजिकिस्तान से 29 अगस्त को भिड़ेगा जबकि ईरान के खिलाफ एक सितंबर और अफगानिस्तान के खिलाफ चार सितंबर को खेलेगा। जमील ने 29 खिलाड़ियों की मौजूदगी में हुए शिविर के बाद अंतिम टीम का चयन किया है। मोहन बागान ने अपने सात खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया क्योंकि यह प्रतियोगिता फीफा विंडो (अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए फीफा द्वारा निर्धारित समय) का हिस्सा नहीं है। ईस्ट बंगाल के अनवर अली, नाओरेम महेश सिंह और जैकसन सिंह थोनाओजम पिछले शुक्रवार को शिविर से जुड़े जबकि जितिन एमएस क्लब के साथ अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी करने के बाद रविवार को शिविर का हिस्सा बने।



भारतीय टीम -**गोलकीपर** : गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, ऋतिक तिवारी। **डिफेंडरः** राहुल भेके, नाओरेम रोशन सिंह, अनवर अली, संदेश झिंगन, चिंगलेनसाना सिंह, हिंगथनमाविया राल्ते, मुहम्मद उवई। **मिडफील्डरः** निखिल प्रभु, सुरेश सिंह वांगजाम, दानिश फारूक भट, जैकसन सिंह, बोरिस सिंह, आशिक कुरुनियन, उदांता सिंह, नाओरेम महेश सिंह। फारवर्डः इरफान यदवाड, मनवीर सिंह (जूनियर), जितिन एमएस, लालियानजुआला चांगटे, विक्रम प्रताप सिंह। मुख्य कोचः खालिद जमील।

### करिश्माई सुनील छेत्री टीम से बाहर

जमील ने इन चारों को सीएएफए नेशन्स कप के लिए चुना है। अनुभवी गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की टीम में वापसी हुई है। करिश्माई सुनील छेत्री टीम का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि जमील ने उन्हें शिविर के लिए नहीं बुलाया है। मोहन बागान के लिस्टन कोलासो, मनवीर सिंह और सुभाशीष बोस भी टीम का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि उनके क्लब ने उन्हें राष्ट्रीय शिविर में भेजने से इनकार कर दिया था। टूर्नामेंट के प्रारुप के अनुसार प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम आठ सितंबर को होने वाले प्ले ऑफ में जगह बनाएंगी। ग्रुप के उप विजेता दुशांबे में तीसरे स्थान के मुकाबले में खेलेंगे जबकि ग्रुप विजेताओं के बीच फाइनल ताशकंद में होगा। जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच के रूप में प्रभावित करने वाले जमील को भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ाना होगा, जिसे एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में जूझना पड़ा है। शुरुआती दो मैच के बाद उसका सिर्फ एक अंक है और टीम अंतिम स्थान पर चल रही है।

### खिलाड़ियों की अनुपलब्धता को नहीं दी तवज्जो : जमील

**बेंगलुरु।** भारत के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने सोमवार को आगामी सीएएफए नेशंस कप के लिए राष्ट्रीय शिविर में कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के बारे में चल रही चर्चा को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि टीम अगामी चुनौती के लिए तैयार है। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन मोहन बागान सुपरजायंट ने अपने सात खिलाड़ियों को शिविर के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया था। मोहन बागान का तर्क था कि उसके लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं है क्योंकि यह टूर्नामेंट फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो में नहीं आता। मोनालो मार्क्वेज की जगह भारतीय टीम के मुख्य कोच बने जमील को 29 खिलाड़ियों के शिविर में से अपने अंतिम 23 सदस्यों के टीम का चयन करना था। जमील ने भारत के मुख्य कोच के तौर पर अपनी पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, ' चुनौतियों की बात करें तो कुछ क्लब कुछ कारणों से खिलाड़ियों को नहीं छोड़ रहे हैं। हम घरेलू सत्र शुरू होने से पहले यह टूर्नामेंट खेल रहे हैं।

## जीत का रिकॉर्ड 19-0 किया, लर्नर टियेन को 6-1, 7-6, 6-2 से मात दी

# अमेरिकी ओपन : चोटिल जोकोविच ने बाधाओं को पार कर जीता पहला दौर

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

नोवाक जोकोविच थके हुए दिखे, चोटिल और उम्रदराज भी लेकिन इन सभी बाधाओं से पार पाकर अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत दर्ज की। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत का रिकॉर्ड 19-0 कर लिया और पैर की तकलीफ के बावजूद लर्नर टियेन को 6-1, 7-6, 6-2 से मात दी। जोकोविच ने दूसरे सेट में कई बार अपना हाथ घुटने पर रखा और फिर उन्हें उपचार भी लेना पड़ा। तीसरे सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस टूटने के बाद उन्होंने अगले पांच गेम जीतकर वापसी की।

### पहला सेट सिर्फ 24 मिनट में जीता

उन्होंने जीत के बाद कहा,' पता नहीं क्या हुआ। मुझे कोई चोट भी नहीं लगी है लेकिन परेशानी हो रही थी।' विम्बलडन सेमीफाइनल में यानिक सिनेर से हारने के बाद यह उनका पहला मैच था। अड़तीस बरस के इस धुरंधर ने पहला सेट सिर्फ 24 मिनट में जीता लेकिन करीब एक घंटे तक चले दूसरे सेट में थके हुए दिखे। तीसरे सेट में उन्होंने वापसी की और ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में लगातार 75वां मैच जीता।





### दूसरे दौर में सबालेंका

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन 2021 जीतने वाली एम्मा राडुकानू ने 18 वर्ष की उम्र में एक क्वालिफायर के तौर पर खिताब जीतने के बाद यहां पहली जीत दर्ज करते हुए जापान की क्वालिफायर एना स्निबाहारा को 6-1, 6-2 से मात दी। गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने स्विटरलैंड की रेबेका मासारोवा से मिली कड़ी चुनौती का सामना करके 7-5, 6-1 से जीत के साथ अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका इस साल पहले तीन ग्रैंडस्लैम में खिताब नहीं जीत सकी हैं। उन्होंने कहा,'मैं सत्र का समापन ग्रैंडस्लैम खिताब और नंबर वन रैंकिंग के साथ करना चाहती हूं।' अब उनका सामना पोलिना मुदेरमेतोवा से होगा जिन्हें फरवरी में दुबई में वह हरा चुकी हैं।



### दूसरे दौर में पेगुला और पाओलिनी



चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मिस्र की मेयर शेरिफ को 6-0, 6-4 से शिकस्त देकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला एक घंटे 15 मिनट तक चला। अब जेसिका पेगुला का सामना एन्ना ब्लिंकोवा से होगा, जिन्होंने पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-1 से हराया। दूसरे सेट में, शेरिफ ने अपनी लय पकड़ी और अमेरिकी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, पेगुला ने अपनी लय वापस पाते हुए जीत दर्ज की। इस बीच, सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी ने क्वालीफायर डेस्टेनी ऐवा को 6-2, 7-6(4) से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### राडुकानू ने पहला मैच जीता

अमेरिकी ओपन 2021 जीतने वाली एम्मा राडुकानू ने 18 वर्ष की उम्र में एक क्वालिफायर के तौर पर खिताब जीतने के बाद यहां पहली जीत दर्ज करते हुए जापान की क्वालिफायर एना स्निबाहारा को 6-1, 6-2 से मात दी। चार साल पहले खिताब जीतकर सभी को चौंका देने वाली राडुकानू 2022 में पहले दौर में हार गई, जबकि 2023 में कलाई और टखने के आपरेशन के कारण खेल नहीं सकी। पिछले साल भी वह पहले दौर में हार गई थीं। अब 22 साल की हो चुकी ब्रिटेन की राडुकानू ने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए रैंकिंग में 70वें से 36वां स्थान हासिल कर लिया।

## डाइमंड लीग

### फाइनल में पूर्व चैंपियन नीरज चोपड़ा को मिलेगी कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को बृहस्पतिवार को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में डाइमंड लीग का खिताब फिर से हासिल करने की कवायद में एंडरसन पीटर्स और जूलियन वेबर जैसे प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी टक्कर मिलेगी। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने 2022 में डाइमंड लीग ट्रॉफी जीती थी और 2023 तथा 2024 में उपविजेता रहे थे। नीरज ने चार क्वालीफाइंग चरण में से दो में प्रतिस्पर्धा करने के बाद चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। मौजूदा विश्व चैंपियन 27 वर्षीय नीरज ने मई में दोहा चरण में 90.23 मीटर के थ्रो के साथ 90 मीटर के आंकड़े को पार किया लेकिन जर्मनी के वेबर के पीछे दूसरे स्थान पर रहे। इसके बाद उन्होंने जून में 88.16 मीटर के प्रयास के साथ पेरिस चरण जीता। नीरज के अलावा एंड्रियन मार्डारे, गत चैंपियन पीटर्स, केशोर्न वालकॉट, जूलियन वेबर और जूलियस येगो ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। स्विट्जरलैंड के साइमन वीलैंड को मेजबान देश की प्रविष्टि के रूप में प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। नीरज का आखिरी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में था जहां उन्होंने 86.18 मीटर के प्रदर्शन से अपनी मेजबानी में हुए इस टूर्नामेंट को जीता था। कुल मिलाकर उन्होंने मौजूदा सत्र में छह प्रतियोगिताओं में भाग लिया और चार में खिताब जीता जबकि दो में उपविजेता रहे। नीरज 13 से 21 सितंबर तक तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करेंगे।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भदानी के फाल्सवाल तालाब को मत्स्य पालन हेतू पट्टे पर छोड़ा जाना है। जिसके लिए दिनांक 01.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे गांव में दानीवाडा चौपाल में खुली बोली का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य नियम व शर्तें बोली से पूर्व मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-
सरपंच, ग्राम पंचायत भदानी (झज्जर)

पीआरडीएच-1028/11/157/2026/38046/88/6 दि. 25.08.25


## नीरू ने ट्रैप में स्वर्ण, भवनीश ने रजत-आशिमा ने कांस्य जीता

**शिमकेंट।** राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन नीरू ढांडा ने सोमवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिला ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों में भवनीश मेंदिरत्ता ने रजत और आशिमा अहलावत ने कांस्य पदक हासिल किया। नीरू ने फाइनल में 43 अंक बनाकर कतर की बासिल रे (37) और आशिमा (29) को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। पुरुषों के ट्रैप फ़ाइनल में भवनीश मेंदिरत्ता ने 45 अंक बनाकर रजत पदक जीता।

चीन के निशानेबाज़ यिंग की (47) और पेंग्यू चेन (35) ने क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। भवनीश क्वालीफिकेशन में चौथे स्थान पर रहे थे, जबकि कायनन चेनाई 15वें स्थान पर रहे। लक्ष्य श्योराण 41वें स्थान पर रहे। पहले दो ओलंपिक पदक जीत चुकी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही जबकि जूनियर वर्ग में भारतीयों का दबदबा रहा। नीरू, आशिमा और प्रीति रजक ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में 319 अंक के साथ टीम स्वर्ण पदक भी जीता। भारतीय टीम चीन और कुवैत से आगे रही। नीरू और आशिमा ने शूट-ऑफ के बाद क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहकर छह महिलाओं के फाइनल में प्रवेश किया। नीरू भारतीय ट्रैप निशानेबाज लक्ष्य श्योराण की चचेरी बहन हैं और उन्हें खेलते हुए देखने के बाद उन्होंने इस खेल को अपनाया। महिलाओं की 25 मीटर एयर पिस्टल में भारत की ही ईशा सिंह आठ महिलाओ के फाइनल में छठे स्थान पर रही। मनु ने 25 स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रही वियतनाम की तू विन्ह त्रिन्ह से चार अंक पीछे रही।

महिला जूनियर 25 मीटर पिस्टल फाइनल में भारत की पायल खत्री को 36 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मिला जबकि नाम्या कपूर (30) ने रजत और तेजस्विनी (27) ने कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने 1700 अंक के साथ टीम वर्ग में भी रजत पदक अपने नाम किया । कोरिया को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य पदक मिला। नाम्या और तेजस्विनी क्वालीफिकेशन में पहले दो स्थान पर रही जबकि पायल छठे स्थान पर रही थी। इससे पहले सीनियर वर्ग में चीन की यूयू झांग ने स्वर्ण और जियारूइशुआन शियाओ ने रजत पदक जीता। मनु, ईशा और सिमरनप्रीत कौर बरार की भारतीय तिकड़ी ने 1749 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

## ड्रीम 11 से करार खत्म, बीसीसीआई को अब नए प्रायोजक की तलाश

**नई दिल्ली।** फैंटेसी स्पोटर्स कंपनी ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम की टाइटल प्रायोजक नहीं है और बोर्ड ने उसके विकल्प की तलाश शुरू कर दी है लेकिन यह अगले महीने एशिया कप से पहले होने की संभावना नहीं है। हाल ही में पारित 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025' के तहत सरकार के वास्तविक धन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने के बाद ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम का टाइटल प्रायोजक नहीं है। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने इसकी पुष्टि की कि ड्रीम11 के साथ करार खत्म हो गया है और बीसीसीआई विभिन्न राष्ट्रीय टीमों के लिए नए टाइटल प्रायोजक की तलाश की प्रक्रिया में है। सैकिया ने कहा,' हमारा रुख स्पष्ट है। नियम बनने के बाद बीसीसीआई ड्रीम 11 या अन्य गेमिंग कंपनी के साथ प्रायोजन करार नहीं रख सकती। नए नियम के तहत अब इसकी कोई गुंजाइश ही नहीं है।' उन्होंने कहा,' इसलिए हम दूसरे विकल्प तलाश रहे हैं और प्रक्रिया जारी है। हम प्रायोजक की तलाश में है और अभी प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है।


**Horticulture Department, Haryana**
Integrated Horticulture Development Centre, Sundrah, (Mahendragarh).
Email ID:- ihdchodal@gmail.com, Ph:- 01285-244076

**भोजन की व्यवस्था हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में वित्तिय वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न प्रकार के 05 दिवसीय कुल 10 प्रशिक्षण करवाए जाने हैं। इस दौरान प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन प्रशिक्षण में किसानों के लिए सुबह की चाय / स्नैक्स, दोपहर का गोजन व सायं की चाय / स्नैक्स की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | किसानों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | केन्द्र पर जी.एस.टी. पंजीकृत फर्म द्वारा सुबह की चाय / स्नैक्स, दोपहर का भोजन व सायं की चाय / स्नैक्स की व्यवस्था करना | 20 किसान प्रतिदिन |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 29.08.2025 सांय 02 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/ ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए बागवानी विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह से मो0 9983414484 पर संपर्क किया जा सकता है।

हस्ता/-
उप-निदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र सुन्दरह।

पीआरडीएच-1149/11/916/2026/38008/88/6 दि. 25.08.25


### भारत की अंडर-23 टीम की हार

**कुआलालंपुर।** भारतीय अंडर-23 पुरुष फुटबॉल टीम सोमवार को यहां यूएम एरिना स्टेडियम में खेले गए मैत्री मैच में इराक अंडर-23 से 1-2 से हार गई। भारतीय टीम की तरफ से एकमात्र गोल मोहम्मद सनान ने 39वें मिनट में किया। इराक की तरफ से धुल्फ़िकार यूनुस ने 36वें मिनट में पहला गोल किया। मुस्तफ़ा नवाफ़ ज़ई ने 72वें मिनट में इराक के लिए विजयी गोल दागा। भारत 28 अगस्त को मलेशिया की राजधानी में इराक के खिलाफ एक और मैत्री मैच खेलेगा। मुख्य कोच नौशाद मूसा के मार्गदर्शन में भारतीय टीम तीन से नौ सितंबर तक दोहा में होने वाले एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी कर रही है, जहां उसका सामना बहरीन (तीन सितंबर), मेज़बान कतर (छह सितंबर) और ब्रुनेई दारुस्सलाम (नौ सितंबर) से होगा।


**दि महम सह. चीनी मिल्स लि., महम (रोहतक)**

**ई-निविदा सूचना**

मूल निर्माताओं / वितरकों / प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों को निम्नलिखित सामग्री के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा उनकी दरें जमा करवाना आवश्यक है - 1) ऑक्सीजन गैस, 2) फोर्ज्ड स्टील शाफ्ट।

विस्तृत निविदा प्रपत्र उपरोक्त मदों के अनुसार ई-टेंडरिंग पोर्टल- http://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा ई-टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 05.09.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं 05.09.2025 को पूर्वा. 9.30 बजे खोली जाएंगी तथा नेगोसिएशन 05.09.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री की खरीद सरकारी नीति के अनुरूप की जाएंगी। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/- प्रबंध निदेशक

संवाद-1039/11/96/2026/38006/सी/88/6 दि. 25.08.25



**HORTICULTURE DEPARTMENT, HARYANA**
Integrated Horticulture Development Centre, Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdesundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, महेन्द्रगढ़ में वर्ष 2025-26 में बागवानी विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न पकार की स्कीमे, मशरूम उत्पादन, संरंक्षित संरचना में सब्जियों की देख-रेख व रख-रखाव पर प्रशिक्षण, सब्जियों की जैविक खेती तकनीक पर प्रशिक्षण और बागवानी फसलों में जैविक खेती से संबंधित 05 दिवसीय प्रशिक्षण करवाया जाना है। हरियाणा राज्य के सभी जिलों के किसान दिनांक 26.08.2025 से प्रातः 10 बजे से उद्यान विभाग की वेबसाईट (kaushal.hortharyana.gov.in) के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यकम हेतु प्रार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ पर सीटों की संख्या 20 सीट प्रति प्रशिक्षण है। प्रशिक्षणार्थी का चयन "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा। आवेदनकर्ता जरूरी दस्तावेज जैसे की आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान प्रथम दिन अपने साथ लेकर आएं। प्रशिक्षण के दौरान रात्रि ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी। प्रशिक्षण कार्यकम की सूची निम्न प्रकार से है:-

| क्र. सं० | दिनांक | अवधि (दिन) | प्रशिक्षण विषय | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 01.09.2025-05.09.2025 | 05 | मशरूम उत्पादन की तकनीकों पर प्रशिक्षण | 20 |
| 2. | 15.09.2025-19.09.2025 | 05 | मशरूम उत्पादन की तकनीकों पर प्रशिक्षण | 20 |
| 3. | 13.10.2025-17.10.2025 | 05 | सब्जियों की संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण | 20 |
| 4. | 27.10.2025-31.10.2025 | 05 | ओपन फील्ड में बागवानी फसलों के उत्पादन पर प्रशिक्षण | 20 |
| 5. | 10.11.2025-14.11.2025 | 05 | फूल उत्पादन की तकनीकों पर प्रशिक्षण | 20 |
| 6. | 24.11.2025-28.11.2025 | 05 | ओपन फील्ड में बागवानी फसलों के उत्पादन पर प्रशिक्षण | 20 |
| 7. | 08.12.2025-12.12.2025 | 05 | बागवानी फसलों की जैविक खेती पर प्रशिक्षण | 20 |
| 8. | 29.12.2025-02.01.2026 | 05 | मधुमक्खी पालन एवं परागन पर प्रशिक्षण | 20 |
| 9. | 12.01.2026-16.01.2026 | 05 | नए बाग का पौधारोपण एवं फल उत्पादन एवं तकनीक पर प्रशिक्षण | 20 |
| 10. | 02.02.2026-06.02.2025 | 05 | सब्जियों की संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण | 20 |

अधिक जानकारी के लिए उप-निदेशक उद्यान, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (9983414484) पर संपर्क किया जा सकता है।

हस्ता/- उप-निदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच-1149/11/915/2026/38007/88/6 दि. 25.08.25



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 523 दिनांक 17.08.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना खरखौदा जिला सोनीपत।**



गुमशुदा की पहचान
नाम-**रेशमा ।**
**पिता का नाम मो. जुनैद ।**
पता-गांव खेड़की तहसील बिजनौर जिला बिजनौर उत्तर-प्रदेश
**हाल किराएदार गांव सोहटी** जिला सोनीपत।
उम्र- 30 वर्ष।
कद 5 फुट 5 इन्च।
**हुलियाः-** रंग गेहुआं, लंबुतरा चेहरा, मजबुत शरीर।
**पहनावाः** सूट व सलवार पहने हुए हैं।

दिनांक 04.08.2025 को रेश्मा पत्नि मो. जुनैद वासी गांव खेड़की तहसील बिजनौर जिला बिजनौर उतर-प्रदेश हाल किराएदार गांव सोहटी जिला सोनीपत। बिना बताए घर से कही पर चली गयी है। जो अब तक घर वापिस नही आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त के बारे में कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना :-7419410536**
**अनुसंधानकर्ता मो. नं. :- 9050210999**
**कन्ट्रोल रूम सोनीपत :- 0130-2222903,100**

हस्ता/-
अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/3793/2026/38013/88/6 दि. 25.08.25

# सीएएफए नेशन्स कप: कोच जमील के मार्गदर्शन में पहला टूर्नामेंट खेलेगी भारतीय टीम

## गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की वापसी, ताजिकिस्तान में 29 अगस्त से शुरू होगी स्पर्धा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेंगलुरु। भारतीय फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने 29 अगस्त से शुरू हो रहे सीएएफए नेशन्स कप के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। राष्ट्रीय टीम का जमील के मार्गदर्शन में यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए ताजिकिस्तान जाएगी, जहां उसे ग्रुप बी में मेजबान, गत चैंपियन ईरान और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है। गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की टीम में वापसी हुई है।

### ईरान के खिलाफ 1 को मुकाबला

भारत मेजबान ताजिकिस्तान से 29 अगस्त को भिड़ेगा जबकि ईरान के खिलाफ एक सितंबर और अफगानिस्तान के खिलाफ चार सितंबर को खेलेगा। जमील ने 29 खिलाड़ियों की मौजूदगी में हुए शिविर के बाद अंतिम टीम का चयन किया है। मोहन बागान ने अपने सात खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया क्योंकि यह प्रतियोगिता फीफा विंडो (अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए फीफा द्वारा निर्धारित समय) का हिस्सा नहीं है। ईस्ट बंगाल के अनवर अली, नाओरेम महेश सिंह और जैकसन सिंह थोनाओजम पिछले शुक्रवार को शिविर से जुड़े जबकि जितिन एमएस क्लब के साथ अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी करने के बाद रविवार को शिविर का हिस्सा बने।



**भारतीय टीम -गोलकीपर** : गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, ऋतिक तिवारी। **डिफेंडर**: राहुल भेके, नाओरेम रोशन सिंह, अनवर अली, संदेश झिंगन, चिंगलेनसाना सिंह, हिंगथनमाविया राल्ते, मुहम्मद उवई। **मिडफील्डर**: निखिल प्रभु, सुरेश सिंह वांगजाम, दानिश फारूक भट, जैकसन सिंह, बोरिस सिंह, आशिक कुरुनियन, उदांता सिंह, नाओरेम महेश सिंह। **फारवर्ड**: इरफान यदवाड, मनवीर सिंह (जूनियर), जितिन एमएस, लालियानजुआला चांगटे, विक्रम प्रताप सिंह। **मुख्य कोच**: खालिद जमील।

### करिश्माई सुनील छेत्री टीम से बाहर

जमील ने इन चारों को सीएएफए नेशन्स कप के लिए चुना है। अनुभवी गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की टीम में वापसी हुई है। करिश्माई सुनील छेत्री टीम का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि जमील ने उन्हें शिविर के लिए नहीं बुलाया है। मोहन बागान के लिस्टन कोलासो, मनवीर सिंह और सुभाशीष बोस भी टीम का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि उनके क्लब ने उन्हें राष्ट्रीय शिविर में भेजने से इनकार कर दिया था। टूर्नामेंट के प्रारुप के अनुसार प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम आठ सितंबर को होने वाले प्ले ऑफ में जगह बनाएंगी। ग्रुप के उप विजेता दुशांबे में तीसरे स्थान के मुकाबले में खेलेंगे जबकि ग्रुप विजेताओं के बीच फाइनल ताशकंद में होगा। जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच के रूप में प्रभावित करने वाले जमील को भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ाना होगा, जिसे एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में जूझना पड़ा है। शुरुआती दो मैच के बाद उसका सिर्फ एक अंक है और टीम अंतिम स्थान पर चल रही है।

### खिलाड़ियों की अनुपलब्धता को नहीं दी तवज्जो : जमील

बेंगलुरु। भारत के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने सोमवार को आगामी सीएएफए नेशंस कप के लिए राष्ट्रीय शिविर में कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के बारे में चल रही चर्चा को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि टीम अगामी चुनौती के लिए तैयार है। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन मोहन बागान सुपरजायंट ने अपने सात खिलाड़ियों को शिविर के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया था। मोहन बागान का तर्क था कि उसके लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं है क्योंकि यह टूर्नामेंट फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो में नहीं आता। मोनालो मार्क्वेज की जगह भारतीय टीम के मुख्य कोच बने जमील को 29 खिलाड़ियों के शिविर में से अपने अंतिम 23 सदस्यों के टीम का चयन करना था। जमील ने भारत के मुख्य कोच के तौर पर अपनी पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, ' चुनौतियों की बात करें तो कुछ क्लब कुछ कारणों से खिलाड़ियों को नहीं छोड़ रहे हैं। हम घरेलू सत्र शुरू होने से पहले यह टूर्नामेंट खेल रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### महिला क्रिकेट विश्व कप : पाकिस्तान की टीम घोषित फातिमा सना को कमान

**लाहौर**। हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली बल्लेबाज इमन फातिमा को भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप के लिए फातिमा सना की कप्तानी वाली 15 सदस्यीय पाकिस्तानी टीम में शामिल किया गया है। इमन ने मई में पाकिस्तान के राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट में भी शानदार प्रदर्शन किया था। पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के लिए खेल चुकी 23 वर्ष की सना 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट में पहली बार कप्तानी करेंगी। आईसीसी क्वालीफायर खेल चुकी पाकिस्तानी टीम में दो बदलाव करते हुए गुल फिरोजा और नजीहा अल्वी की जगह इमन और सदफ को शामिल किया गया है। फिरोजा, अल्वी, तुबा हसन, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर रिजर्व खिलाड़ी होंगे।

### टेस्ट क्रिकेट चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला : रोहित



**मुंबई**। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर के कुछ पहलुओं पर विचार करते हुए कहा कि यह प्रारुप चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला है लेकिन उन्होंने अपनी तैयारी पर ध्यान देकर खुद को टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए तैयार किया। रोहित ने इस साल मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने 67 टेस्ट मैच में 40.58 की औसत से 4301 रन बनाए। उन्होंने इससे एक साल पहले टी20 विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप से संन्यास ले लिया था। रोहित ने कहा, 'यह ऐसी चीज है जिसके लिए आपको तैयारी करनी होती है, क्योंकि इस खेल में आपको लंबे समय तक मैदान पर रहना होता है विशेष कर टेस्ट क्रिकेट में, जिसमें आपको पांच दिन तक खेलना होता है।

### एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 15 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली**। अगले महीने टोक्यो में होने वाली एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में लगभग 15 भारतीय खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है जबकि हंगरी में 2023 विश्व चैंपियनशिप में देश के 28 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। बुडापेस्ट में 2023 में हुए विश्व चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में स्वर्ण जीता था। देश के रिले दौड़ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद नहीं होने के कारण, विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीयों की संख्या में कमी आई है। भारत ने 2023 में पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले के लिए सात धावक नामित किए थे और चौकड़ी ने तत्कालीन एशियाई रिकॉर्ड कायम किया था। इस चौकड़ी ने पांचवां स्थान हासिल किया था। पिछले सत्र की तरह तोक्यो में भी पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में कम से कम तीन भारतीयों के प्रतिस्पर्धा करने की संभावना है।

### भारत की अंडर-23 टीम की करीबी हार

**कुआलालंपुर**। भारतीय अंडर-23 पुरुष फुटबॉल टीम सोमवार को यहां यूएम एरिना स्टेडियम में खेले गए मैत्री मैच में इराक अंडर-23 से 1-2 से हार गई। भारतीय टीम की तरफ से एकमात्र गोल मोहम्मद सनान ने 39वें मिनट में किया। इराक की तरफ से धुलफ़िकार यूनुस ने 36वें मिनट में पहला गोल किया। मुस्तफ़ा नवाफ़ ज़ई ने 72वें मिनट में इराक के लिए विजयी गोल दागा। भारत 28 अगस्त को मलेशिया की राजधानी में इराक के खिलाफ एक और मैत्री मैच खेलेगा। मुख्य कोच नौशाद मूसा के मार्गदर्शन में भारतीय टीम तीन से नौ सितंबर तक दोहा में होने वाले एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी कर रही है, जहां उसका सामना बहरीन (तीन सितंबर), मेज़बान कतर (छह सितंबर) और ब्रुनेई दारुस्सलाम (नौ सितंबर) से होगा।

## जीत का रिकॉर्ड 19-0 किया, लर्नर टियेन को 6-1, 7-6, 6-2 से मात दी

# अमेरिकी ओपन : चोटिल जोकोविच ने बाधाओं को पार कर जीता पहला दौर

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

नोवाक जोकोविच थके हुए दिखे, चोटिल और उम्रदराज भी लेकिन इन सभी बाधाओं से पार पाकर अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत दर्ज की। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत का रिकॉर्ड 19-0 कर लिया और पैर की तकलीफ के बावजूद लर्नर टियेन को 6-1, 7-6, 6-2 से मात दी। जोकोविच ने दूसरे सेट में कई बार अपना हाथ घुटने पर रखा और फिर उन्हें उपचार भी लेना पड़ा। तीसरे सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस टूटने के बाद उन्होंने अगले पांच गेम जीतकर वापसी की।

### पहला सेट सिर्फ 24 मिनट में जीता

उन्होंने जीत के बाद कहा,' पता नहीं क्या हुआ। मुझे कोई चोट भी नहीं लगी है लेकिन परेशानी हो रही थी।' विम्बलडन सेमीफाइनल में यानिक सिनेर से हारने के बाद यह उनका पहला मैच था। अड़तीस बरस के इस धुरंधर ने पहला सेट सिर्फ 24 मिनट में जीता लेकिन करीब एक घंटे तक चले दूसरे सेट में थके हुए दिखे। तीसरे सेट में उन्होंने वापसी की और ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में लगातार 75वां मैच जीता।





### दूसरे दौर में सबालेंका

**न्यूयॉर्क**। अमेरिकी ओपन 2021 जीतने वाली एम्मा राडुकानू ने 18 वर्ष की उम्र में एक क्वालिफायर के तौर पर खिताब जीतने के बाद यहां पहली जीत दर्ज करते हुए जापान की क्वालिफायर एना स्निबाहारा को 6-1, 6-2 से मात दी। गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने स्विटरलैंड की रेबेका मासारोवा से मिली कड़ी चुनौती का सामना करके 7-5, 6-1 से जीत के साथ अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका इस साल पहले तीन ग्रैंडस्लैम में खिताब नहीं जीत सकी हैं। उन्होंने कहा,'मैं सत्र का समापन ग्रैंडस्लैम खिताब और नंबर वन रैंकिंग के साथ करना चाहती हूं।' अब उनका सामना पोलिना मुदेरमेतोवा से होगा जिन्हें फरवरी में दुबई में वह हरा चुकी हैं।



### राडुकानू ने पहला मैच जीता

अमेरिकी ओपन 2021 जीतने वाली एम्मा राडुकानू ने 18 वर्ष की उम्र में एक क्वालिफायर के तौर पर खिताब जीतने के बाद यहां पहली जीत दर्ज करते हुए जापान की क्वालिफायर एना स्निबाहारा को 6-1, 6-2 से मात दी। चार साल पहले खिताब जीतकर सभी को चौंका देने वाली राडुकानू 2022 में पहले दौर में हार गई, जबकि 2023 में कलाई और टखने के आपरेशन के कारण खेल नहीं सकी। पिछले साल भी वह पहले दौर में हार गई थीं। अब 22 साल की हो चुकी ब्रिटेन की राडुकानू ने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए रैंकिंग में 70वें से 36वां स्थान हासिल कर लिया।



### दूसरे दौर में पेगुला और पाओलिनी

चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मिस्र की मेयर शेरिफ को 6-0, 6-4 से शिकस्त देकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला एक घंटे 15 मिनट तक चला। अब जेसिका पेगुला का सामना एन्ना ब्लिंकोवा से होगा, जिन्होंने पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-1 से हराया। दूसरे सेट में, शेरिफ ने अपनी लय पकड़ी और अमेरिकी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, पेगुला ने अपनी लय वापस पाते हुए जीत दर्ज की। इस बीच, सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी ने क्वालीफायर डेस्टेनी ऐवा को 6-2, 7-6(4) से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

## डाइमंड लीग

# फाइनल में पूर्व चैंपियन नीरज चोपड़ा को मिलेगी कड़ी चुनौती




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को बृहस्पतिवार को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में डाइमंड लीग का खिताब फिर से हासिल करने की कवायद में एंडरसन पीटर्स और जूलियन वेबर जैसे प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी टक्कर मिलेगी। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने 2022 में डाइमंड लीग ट्रॉफी जीती थी और 2023 तथा 2024 में उपविजेता रहे थे। नीरज ने चार क्वालीफाइंग चरण में से दो में प्रतिस्पर्धा करने के बाद चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

मौजूदा विश्व चैंपियन 27 वर्षीय नीरज ने मई में दोहा चरण में 90.23 मीटर के थ्रो के साथ 90 मीटर के आंकड़े को पार किया लेकिन जर्मनी के वेबर के पीछे दूसरे स्थान पर रहे। इसके बाद उन्होंने जून में 88.16 मीटर के प्रयास के साथ पेरिस चरण जीता। नीरज के अलावा एंड्रियन मार्डारे, गत चैंपियन पीटर्स, केशोर्न वालकॉट, जूलियन वेबर और जूलियस येगो ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। स्विट्जरलैंड के साइमन वीलैंड को मेजबान देश की प्रविष्टि के रूप में प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। नीरज का आखिरी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में था जहां उन्होंने 86.18 मीटर के प्रदर्शन से अपनी मेजबानी में हुए इस टूर्नामेंट को जीता था। कुल मिलाकर उन्होंने मौजूदा सत्र में छह प्रतियोगिताओं में भाग लिया और चार में खिताब जीता जबकि दो में उपविजेता रहे। नीरज 13 से 21 सितंबर तक तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करेंगे।

# नीरू ने ट्रैप में स्वर्ण, भवनीश ने रजत और आशिमा ने कांस्य जीता

**शिमकेंट**। राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन नीरू ढांडा ने सोमवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिला ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों में भवनीश मेंदिरत्ता ने रजत और आशिमा अहलावत ने कांस्य पदक हासिल किया। नीरू ने फाइनल में 43 अंक बनाकर कतर की बासिल रे (37) और आशिमा (29) को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। पुरुषों के ट्रैप फ़ाइनल में भवनीश मेंदिरत्ता ने 45 अंक बनाकर रजत पदक जीता। चीन के निशानेबाज यिंग की (47) और पेंग्यू चेन (35) ने क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। भवनीश क्वालिफिकेशन में चौथे स्थान पर रहे थे, जबकि कायनन चेनाई 15वें स्थान पर रहे। लक्ष्य श्योराण 41वें स्थान पर रहे। पहले दो ओलंपिक पदक जीत चुकी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही जबकि जूनियर वर्ग में भारतीयों का दबदबा रहा। नीरू, आशिमा और प्रीति रजक ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में 319 अंक के साथ टीम स्वर्ण पदक भी जीता। भारतीय टीम चीन और कुवैत से आगे रही। नीरू और आशिमा ने शूट-ऑफ के बाद क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहकर छह महिलाओं के फाइनल में प्रवेश किया। नी रू भारतीय ट्रैप निशानेबाज लक्ष्य श्योराण की चचेरी बहन हैं और उन्हें खेलते हुए देखने के बाद उन्होंने इस खेल को अपनाया। महिलाओं की 25 मीटर एयर पिस्टल में भारत की ही ईशा सिंह आठ महिलाओ के फाइनल में छठे स्थान पर रही। मनु ने 25 स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रही वियतनाम की तू विन्ह त्रिन्ह से चार अंक पीछे रही। महिला जूनियर 25 मीटर पिस्टल फाइनल में भारत की पायल खत्री को 36 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मिला जबकि नाम्या कपूर (30) ने रजत और तेजस्विनी (27) ने कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने 1700 अंक के साथ टीम वर्ग में भी रजत पदक अपने नाम किया। कोरिया को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य पदक मिला। नाम्या और तेजस्विनी क्वालीफिकेशन में पहले दो स्थान पर रही जबकि पायल छठे स्थान पर रही थी। इससे पहले सीनियर वर्ग में चीन की यूयू झांग ने स्वर्ण और जियारूइशुआन शियाओ ने रजत पदक जीता। मनु, ईशा और सिमरनप्रीत कौर बरार की भारतीय तिकड़ी ने 1749 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।



### महिला डीपीएल : साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने जीता खिताब

**नई दिल्ली**। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने पिछले साल फाइनल में मिली हार को भुलाते हुए सेंट्रल दिल्ली क्वींस को वर्षाबाधित मैच में एक रन से हराकर महिला दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब जीत लिया। जीत के लिए 122 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए क्वींस शुरू से ही दबाव में रही और 20 ओवर में आठ विकेट पर 120 रन ही बना सकी। क्वींस ने एक समय पांच विकेट 74 रन पर गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद मोनिका (28 गेंद में 33 रन) और रिया शौकीन (28 गेंद में नाबाद 28) ने छठे विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी करके जीत की उम्मीदें जगाई। मोनिका के आउट होने के बाद हालांकि रिया को दूसरे छोर से मदद नहीं मिल सकी। सुपरस्टार्स के लिये मेधावी बिधुड़ी ने तीन ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि हिमाक्षी चौधरी को दो विकेट मिले।

# ड्रीम 11 से करार खत्म, बीसीसीआई को अब नए प्रायोजक की तलाश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फैंटेसी स्पोटर्स कंपनी ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम की टाइटल प्रायोजक नहीं है और बोर्ड ने उसके विकल्प की तलाश शुरू कर दी है लेकिन यह अगले महीने एशिया कप से पहले होने की संभावना नहीं है। हाल ही में पारित 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025' के तहत सरकार के वास्तविक धन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने के बाद ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम का टाइटल प्रायोजक नहीं है।



### दूसरे विकल्प की तलाश में प्रक्रिया जारी

बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने इसकी पुष्टि की कि ड्रीम11 के साथ करार खत्म हो गया है और बीसीसीआई विभिन्न राष्ट्रीय टीमों के लिए नए टाइटल प्रायोजक की तलाश की प्रक्रिया में है। सैकिया ने कहा,' हमारा रुख स्पष्ट है। नियम बनने के बाद बीसीसीआई ड्रीम 11 या अन्य गेमिंग कंपनी के साथ प्रायोजन करार नहीं रख सकती। नए नियम के तहत अब इसकी कोई गुंजाइश ही नहीं है।' उन्होंने कहा,' इसलिए हम दूसरे विकल्प तलाश रहे हैं और प्रक्रिया जारी है। हम प्रायोजक की तलाश में है और अभी प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है।

### ड्रीम 11 ने खरीदा था 358 करोड़ रुपए में टाइटल

भारतीय टीम का टाइटल प्रायोजक ड्रीम 11 था और इंडियन प्रीमियर लीग का आधिकारिक फैंटेसी स्पोर्ट्स भागीदार वास्तविक धन वाला ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म 'माई11 सर्कल' है। ड्रीम 11 ने भारतीय टीम के टाइटल अधिकार लगभग 44 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 358 करोड़ रुपये) में खरीदे थे। उनका करार खत्म होने में अभी एक साल बाकी है लेकिन इसके लिए उन्हें कोई दंड नहीं लगाया जाएगा। बोर्ड के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा,'बीसीसीआई अपने प्रायोजक ही परेशानी को पूरी तरह समझता है। यह उनकी गलती नहीं है और भुगतान में चूक के अन्य मामलों की तरह ड्रीम11 पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

## बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स

# अहलावत के आखिरी में 3 बर्डी



एजेंसी ▶▶| सुटोन कोल्डफील्ड

भारत के वीर अहलावत आखिरी दौर में दो ओवर 74 के खराब स्कोर के साथ बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 54वें स्थान पर रहे। भारत के दूसरे खिलाड़ी शुभंकर शर्मा कट में प्रवेश नहीं कर सके थे। पीजीटीआई आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर रहे अहलावत ने एक ओवर से 73-71-71-74 स्कोर किया। उन्होंने आखिरी दौर में तीन बर्डी लगाए, तीन बोगी और एक डबल बोगी किया। एलेक्स नोरेन ने सात साल बाद अपना 11वां डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता।

## सीपीकेसी ओपन

# अदिति संयुक्त 36वें स्थान पर



एजेंसी ▶▶| मिसिसॉगा (कनाडा)

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक सीपीकेसी महिला ओपन में चार दिन में तीसरी बार इवन पार 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर रही। कनाडा की ब्रूक हेंडरसन ने आस्ट्रेलिया की मिंजी ली को एक स्ट्रोक से हराकर दूसरी बार खिताब जीता। उनका चार अंडर 68 और कुल स्कोर 15 अंडर 269 रहा। जापान की माओ साइगो तीसरे स्थान पर रही।

## हिल्स ओपन

# प्रणवी के दो अंडर 69 स्कोर

एजेंसी ▶▶| गोटेनबर्ग (स्वीडन)

आखिरी दौर में डबल बोगी करने से भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स की शीर्ष 15 में रहने की उम्मीदों पर तुषारापात हो गया और वह हिल्स ओपन में संयुक्त 21वें स्थान पर रही। चोट के बाद वापसी कर रही प्रणवी ने दो अंडर 69 स्कोर किया। भारत की हिताषी बख्शी संयुक्त 41वें स्थान पर रही जबकि स्नेहा सिंह संयुक्त 47वें स्थान पर रही। भारत की त्वेसा मलिक, अमनदीप द्राल, अवनि प्रशांत और वाणी कपूर कट में प्रवेश नहीं कर सकी थी। स्वीडन की अमैच्योर मेजा ओर्टेंग्रेन ने अपने देश में पहला लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीता।



## सिनक्यूफील्ड कप

### प्रज्ञानानंदा ने खेला लगातार पांचवां ड्रा, दूसरे स्थान पर बरकरार

**सेंट लुइस (अमेरिका)**। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के छठे दौर में पोलैंड के जान क्रिस्टोफ डुडा से ड्रॉ खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। प्रज्ञानानंदा का यह लगातार पांचवां ड्रॉ था। अब उनके छह मुकाबलों में 3.5 अंक हैं। अमेरिका के फेबियानो कारुआना चार अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा के साथ अमेरिका के लेवोन आरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। विश्व चैंपियन डी. गुकेश, अमेरिका के वेसली सो और सैमुअल सेवियान, फ्रांस के अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। छठे दौर में गुकेश ने फिरोजा से ड्रॉ खेला।






# आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि लड़ाकू युद्धपोत का आज होगा जलावतरण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की ताकत में बढ़ोतरी होने वाली है। नीलगिरि श्रेणी की दो स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में एक साथ कमीशन होने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारतीय नौसेना 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में एक साथ दो नीलगिरि क्लास के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को कमीशन करेगी।

भारत में निर्मित ये दोनों युद्धपोत प्रोजेक्ट 17 अल्फा (पी-17ए) का हिस्सा हैं, जिसके तहत प्रमुख पोत, आईएनएस नीलगिरि, को इस साल की शुरुआत में कमीशन किया गया था। यह पहली बार है कि दो प्रतिष्ठित भारतीय शिपयार्डों के दो प्रमुख लड़ाकू जहाजों का कमीशन एक ही समय में हो रहा है। इसके साथ ही, भारत के पास तीन फ्रिगेट वाला एक स्क्वाड्रन होगा जो स्वदेशी क्षमता के जरिए देश की औद्योगिक-तकनीकी क्षमता और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन का प्रदर्शन करेगा।

**अरब सागर में बढ़ा भारतीय नौसेना का दबदबा**

*विशाखापत्तनम में एक साथ दो नीलगिरि क्लास के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को कमीशन करेगी। भारत में निर्मित ये दोनों युद्धपोत प्रोजेक्ट 17 अल्फा (पी-17ए) का हिस्सा हैं। आईएनएस नीलगिरि, को इस साल की शुरुआत में कमीशन किया गया था*






**आईएनएस उदयगिरी नौसेना डिजाइन का 100वां जहाज**

**अब भारत के पास होगा तीन स्वदेशी फ्रिग्रेट वाला स्क्वाड्रन**

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत ने पकड़ बनाई

*भारत के लिए मुख्य चुनौती चीन का बढ़ता समुद्री विस्तार है, जिसने हिंद महासागर में 'मोतियों की माला' नीति के तहत ग्वादर (पाकिस्तान), हंबनटोटा (श्रीलंका), चटगांव (बांग्लादेश) और जिबूती में अपनी पकड़ बना ली है। ऐसी स्थिति में, नीलगिरि श्रेणी के युद्धपोत भारत के लिए एक मजबूत निवारक के रूप में काम करेंगे। ये फ्रिगेट न केवल समुद्री व्यापार मार्गों की रक्षा करेंगे, बल्कि मलक्का जलडमरूमध्य से लेकर अफ्रीका तक हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की नौसैनिक उपस्थिति को भी विश्वसनीय बनाएंगे।*

**14 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार**

दोनों जहाज 200 से ज्यादा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) उद्योगों में फैले एक इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम का परिणाम हैं, जो लगभग 4,000 प्रत्यक्ष और 10,000 से ज्यादा अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराते हैं। आईएनएस उदयगिरि का निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा किया गया है और यह नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया 100वां जहाज है। आईएनएस हिमगिरि, कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित किए जा रहे पी-17ए जहाजों में से पहला है।

### शिवालिक श्रेणी के फ्रिगेट से 5% बड़े

ये दोनों मिसाइलें पहले के डिजाइनों की तुलना में एक पीढ़ीगत छलांग का प्रतिनिधित्व करती हैं। लगभग 6,700 टन क्षमता वाले, पी-17ए फ्रिगेट अपने पहले के शिवालिक श्रेणी के फ्रिगेट से लगभग पांच प्रतिशत बड़े हैं और फिर भी इनका आकार अधिक सुडौल है, तथा इनका रडार क्रॉस-सेक्शन कम है।

### सुपरसोनिक मिसाइलों से सुसज्जित

ये दोनों युद्धपोत इस हथियार ग्रुप में सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एक 76 मिमी एमआर गन, और 30 मिमी तथा 12.7 मिमी की क्लोज-इन हथियार प्रणालियों का संयोजन, और पनडुब्बी रोधी/पानी के नीचे की हथियार प्रणालियां शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### चीन ने अंतरिक्ष में उपयोग किया एआई चैटबॉट

**नई दिल्ली।** एआई चैटबॉट अब धरती पर ही नहीं अब स्पेस में भी अपने पैर जमाने लगा है। चीन ने अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर एक नया एआई चैटबॉट तैनात किया है, जिसे 'वुकोंग एआई' नाम दिया गया है। यह नाम एक प्रसिद्ध चीनी पौराणिक कथा 'मंकी किंग' से लिया गया है, जो चतुराई, अनुकूलन क्षमता और ज्ञान की खोज का प्रतीक है। यह चैटबॉट नेविगेशन, टैक्टिकल प्लानिंग और जटिल परिस्थितियों में तेजी से जानकारी उपलब्ध कराने में सक्षम है। पिछले महीने लाइव होने के बाद इसने तीन ताइकॉनॉट्स को 6.5 घंटे स्पेसवॉक के दौरान सहयोग दिया।




### सरकारी दफ्तरों में पेन ड्राइव और वाट्सएप पर रोक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने आदेश जारी कर कहा है कि अब सिविल सचिवालय और सभी जिलों के डिप्टी कमिश्नर कार्यालयों सहित प्रशासनिक विभागों के आधिकारिक कंप्यूटरों पर पेन ड्राइव का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ अब सरकारी या गोपनीय दस्तावेजों को साझा करने के लिए वाट्सएप जैसे पब्लिक मैसेजिंग प्लेटफॉर्म या असुरक्षित ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

### पाक 1971 के जनसंहार के लिए माफी मांगे

**ढाका।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 में हुए जनसंहार के लिए माफी मांगने को कहा है। पाक के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार बांग्लादेश दौरे पर गए थे। विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि 1971 की जंग में पाकिस्तानी सेना पर हजारों बांग्लादेशी महिलाओं के साथ रेप, हत्या और आगजनी का आरोप लगा था।



### कैमरून में फंसे 17 मजदूरों की हुई स्वदेश वापसी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे झारखंड के 19 में से 17 मजदूरों की सुरक्षित स्वदेश वापसी हो गई है। ये मजदूर बोकारो और हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं। सोमवार को सभी अपने घर पहुंच गए। बताया गया है कि दो अन्य मजदूरों की वापसी 26 अगस्त को होगी। ये मजदूर एक एजेंसी के जरिए कैमरून में बिजली ट्रांसमिशन का काम करने वाली ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कंपनी में मजदूरी करने ले जाए गए थे।

## पीएम मोदी ने फिजी के समकक्ष राबुका के साथ की वार्ता

**8 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर**

# चिकित्सा, कृषि सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को करेंगे मजबूत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को फिजी के पीएम सितवेनी लिगामामादा राबुका के साथ व्यापक वार्ता की, जिसमें चिकित्सा, कृषि, व्यापार, और निवेश जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

दोनों नेताओं की बातचीत के बाद भारत और फिजी ने आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। पीएम मोदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन फिजी के लिए खतरा है, हम आपदा से निपटने में उसकी मदद करेंगे। बता दें, फिजी के पीएम सितवेनी लिगामामादा राबुका रविवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के पीएम के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। उनके साथ उनकी पत्नी सुलुएती राबुका भी हैं। फिजी के पीएम के साथ एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसमें स्वास्थ्य मंत्री रातू अटोनियो लालबालावु और कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। फिजी के पीएम राबुका 24 से 26 अगस्त तक भारत की यात्रा पर हैं।

**फिजी विश्वविद्यालय** में हिंदी-सह-संस्कृत शिक्षक की प्रतिनियुक्ति होगी

**फिजी भारत**-प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) में शामिल हुआ



### इन समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

फिजी में सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने और चलाने पर, जनऔषधि स्कीम के तहत दवाओं की आपूर्ति पर, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और राष्ट्रीय मापन एवं मानक विभाग (डीएनटीएमएस) के बीच मानकीकरण के क्षेत्र में सहयोग पर, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट), भारत और पैसिफिक पॉलीटेक के बीच कौशल विकास पर, त्वरित प्रभाव परियोजना (क्यूआईपी) के कार्यान्वयन हेतु भारतीय अनुदान सहायता के संबंध में, भारत और फिजी के बीच प्रवासन और गतिशीलता पर आशय की घोषणा, फिजी पक्ष के द्वारा सुवा में भारतीय चांसरी भवन का लीज डीड सौंपना, भारत-फिजी संयुक्त वक्तव्यः वेइलोमनी दोस्ती की भावना के साथ साझेदारी।

### रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में करेंगे सहयोग

भारत और फिजी के बीच रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग करने पर सहमति बनी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत फिजी की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण और उपकरण सहायता प्रदान करेगा। इसके तहत फिजी स्थित भारतीय उच्चायोग में रक्षा अटैची पद का सृजन होगा। भारत की ओर से फिजी के शाही सैन्य बलों को एम्बुलेंस उपहार में दी जाएगी। भारत फिजी में साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण प्रकोष्ठ (सीएसटीसी) की स्थापना करेगा। इसी संदर्भ में फिजी भारत-प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) में शामिल हुआ है। इसी वर्ष एक भारतीय नौसेना पोत का फिजी के बंदरगाह पर भी पहुंचेगा।

### भारतीय घी का फिजी के बाजार में प्रवेश

*फिजी और भारत ने कई व्यापार और निवेश में नई संभावनाएं तलाशने के उद्देश्य से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और फिजी वाणिज्य एवं नियोक्ता संघ (एफसीईएफ) के बीच समझौता ज्ञापन किया गया है। फिजी के बाजार में भारतीय घी का प्रवेश होगा। अगले वर्ष फिजी से संसदीय प्रतिनिधिमंडल और ग्रेट काउंसिल ऑफ चीफ्स के प्रतिनिधिमंडल का भारत दौरा होगा। फिजी विश्वविद्यालय में एक हिंदी-सह-संस्कृत शिक्षक की प्रतिनियुक्ति होगी। फ्रिजी के पंडितों के एक समूह को भारत प्रशिक्षण देने में सहायता करेगा।*



### उड़ी में 20 मिनट तक हुई मुठभेड़ सुरक्षाबलों ने विफल की घुसपैठ

**श्रीनगर (एजेंसी)।** उत्तरी कश्मीर में उड़ी (बारामुला) सेक्टर में टुरना के पास एलओसी पर सेना के जवानों ने सोमवार को आतंकियों की घुसपैठ के एक प्रयास को विफल बनाते हुए, उन्हें वापस मार भगाया। सोमवार सुबह तड़के उड़ी सेक्टर में एलओसी के साथ सटे टुरना इलाके में सेना के जवानों ने एलओसी के पार से कुछ हथियारबंद आतंकियों को भारतीय इलाके की तरफ आते देखा। जवानों ने आस पास की सभी चौकियों को सचेत करते हुए वहां अपनी पोजीशन संभाली और घुसपैठियों पर नजर रखी। जैसे ही वह भारतीय सीमा में दाखिल होने लगे, जवानों ने उन्हें ललकारते हुए सरेंडर के लिए कहा। जवानों की ललकार सुनते ही घुसपैठियों ने जिनकी संख्या से तीन से चार बताई जाती है।

## राजनाथ सिंह की पाक को दो टूक

# आतंकियों ने धर्म पूछकर मारा, हमने कर्म देखकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का भारत ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर मारा था और हमने कर्म देखकर मारा।

राजस्थान के जोधपुर में रक्षा एवं खेल अकादमी के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का करारा जवाब दिया और निर्धारित लक्ष्यों को सटीकता के साथ हासिल किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युवाओं द्वारा दिखाए गए उत्साह और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता, उन्होंने कहा कि जहां पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों के धर्म के आधार पर उनकी हत्या की, वहीं भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकवादियों को शरण देने वालों को उनके कृत्य के आधार पर खात्मा किया।



## यह सपना नहीं हकीकत, जब सारी दुनिया 'नासा' की बजाए 'इसरो' की बात करेगी : शुभांशु

**लखनऊ।** अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार को कहा कि भारत अंतरिक्ष अन्वेषण में तेजी से आगे बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं है जब दुनिया 'नासा' की बजाए 'इसरो' की बात करेगी, यह बस कुछ ही समय की बात है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिका का 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा), दोनों ही अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने वाली एजेंसी हैं।

'एक्सिओम-4' मिशन की सफलता और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से अपनी सुरक्षित वापसी के बाद लखनऊ में उनके सम्मान में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन समारोह में शुक्ला ने कहा कि भारत लौटने के बाद से, मैंने लोगों में हमारी अंतरिक्ष उपलब्धियों को लेकर अविश्वसनीय उत्साह महसूस किया है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को मनाए हुए अभी दो साल ही हुए हैं, फिर भी इसे लेकर ज़बरदस्त उत्साह है।



**मैंने लगभग 2,000 सेल्फी ली होंगी**

शुभांशु शुक्ला ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब लोग नासा की बजाय इसरो की बात करेंगे। मेरा मानना है कि यह कोई सपना नहीं, बल्कि एक हकीकत है जो साकार होने का इंतजार कर रही है। शुभांशु ने मुस्कुराते हुए कहा कि आज सुबह लगभग साढ़े सात बजे लखनऊ पहुंचने के बाद से मैंने लगभग 2,000 सेल्फी ली होंगी। 'मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैं' वाली मशहूर कहावत आज मेरे लिए सचमुच जीवंत हो उठी। इतने गर्मजोशी से भरे स्वागत के साथ घर आना मेरे लिए बेहद रोमांचक रहा। मैं लोगों द्वारा दिखाए गए प्यार और गर्व के लिए तहे दिल से आभारी हूं।

## गगनयान मिशन में महत्वपूर्ण कदम

# इसरो ने किया श्रीहरिकोटा के निकट आईएडीटी-01 का सफल परीक्षण

भाषा ▶▶ बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने श्रीहरिकोटा के निकट रविवार को इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट (आईएडीटी-01) का सफल परीक्षण किया जो गगनयान कार्यक्रम के लिए पैराशूट-आधारित मंदन प्रणाली की प्रणाली-स्तरीय योग्यता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसरो ने कहा कि श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) में किए गए इस परीक्षण में ''एक विशिष्ट मिशन परिदृश्य में गगनयान मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल की महत्वपूर्ण पैराशूट-आधारित मंदन प्रणाली को सफलतापूर्वक दर्शाया गया।'' इसरो ने इस परीक्षण को ''पैराशूट-आधारित मंदन प्रणाली का प्रणाली-स्तरीय मूल्यांकन'' का हिस्सा बताया, जिसमें मंदन प्रणाली को शामिल करते हुए एक कृत्रिम क्रू मॉड्यूल (सीएम) को एक हेलीकॉप्टर का उपयोग करके उतारा जाता है।

### उप्र : बुलंदशहर में ट्रैक्टर और ट्रक की टक्कर में 10 लोगों की मौत, 41 अन्य लोग घायल

**बुलंदशहर (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में रविवार देर रात एक ट्रक ने तीर्थयात्रियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 41 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में दो नाबालिग थे जबकि घायल और अस्पताल में भर्ती 12 लोग 18 वर्ष से कम उम्र के हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार देर रात दो बजे बुलंदशहर-अलीगढ़ सीमा पर अरनिया बाईपास के निकट उस समय हुई, जब एक ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई। उन्होंने बताया, ''ट्रैक्टर-ट्रॉली में 61 लोग सवार थे, जो कासगंज जिले के रफातपुर गांव से राजस्थान के जाहर पीर में तीर्थयात्रा के लिए जा रहे थे।'




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25